बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 2, अंक 265, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी 16

आगामी प्रोजेक्ट के लिए कर रहे हैं डबिंग बाबिल 2

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गैर मुस्लिम प्रवासियों को सौंपे गए प्रमाणपत्र
- केंद्रीय गृहमंत्री ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे। आम चुनावों के बीच यह कदम उठाया गया है। सीएए को 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में लाया गया था।

## स्लोवाकिया के पीएम को मारी गई गोली, हालत नाजुक



**ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया)।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोली मारी गई है। उनकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उनकी फेसबुक प्रोफाइल पर दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका ले जाया गया। स्लोवाकिया की एक न्यूज एजेंसी के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को कई गोली मारी गई है।

## अल्पसंख्यकों के लिए 15 प्रतिशत बजट चाहती है कांग्रेस

नासिक, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-धर्म के आधार पर आवंटन मंजूर नहीं
- महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका 'पसंदीदा वोट बैंक' है, लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे।



मुंबई में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस।

### नकली शिवसेना का कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण

उद्धव ठाकरे नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि छोटे दलों का कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए ताकि इसे मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिल सके।

### एक नजर

**रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक**

**नई दिल्ली।** रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

**27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति से इनकार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 20 वर्षीय एक अविवाहित युवती की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 27 सप्ताह के गर्भ को नष्ट करने देने की अनुमति मांगी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण का भी जीवन का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बी.आर.गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश महिला की अर्जी की सुनवाई के दौरान पारित किया जिसने तीन मई को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा गर्भपात कराने की अनुमति देने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील के मुताबिक पीठ ने कहा कि हम कानून के विरोधाभासी आदेश पारित नहीं कर सकते।

## मोदी जितना राहुल-सोनिया को गाली देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते

### प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उठाए सवाल

**इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 10 किलो मिलेगा अनाज**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां ताज होटल में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को बहुत कुछ दिया है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर समेत सभी ने बहुत कुछ देश को दिया लेकिन, आप भाषण में मटन, चिकन, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे ला रहे हैं। अगर वोट लेना है तो अपने काम पर लो न, क्यूं बिन मुद्दे की बात कर रहे हो? खरगे ने कहा, पीएम मोदी ने उतना राम का नाम नहीं लिया होगा, जितना उन्होंने राहुल-सोनिया, कांग्रेस को गालियां दीं हैं।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे हैं, पर उनका धन्यवाद कि वो 600 पार नहीं बोल रहे हैं। मैं शर्त लगाता हूं कि वो 200 पार नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि अभी तक चार चरण के चुनाव हो चुके हैं इसमें इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। देश ने पीएम मोदी की विदाई तय कर दी है। उन्होंने कहा कि, इंडिया गठबंधन 4 जून को सरकार बनाने जा रहा है।



प्रेस कांफ्रेंस में बोलते मल्लिकार्जुन खरगे साथ में हैं अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

### हम उप्र. में 79 सीटें जीत रहे : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए जो जनसमर्थन दिखाई दे रहा है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 140 करोड़ के देश की जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा के रथ का चक्का न सिर्फ फंस गया है बल्कि धंस गया है इसलिए उनकी भाषा बदली है। अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उप्र. में 79 सीटें जीत रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का नाम लिए बगैर अखिलेश ने तंज कसा कि क्योटो में गठबंधन लड़ाई में है। सपा प्रमुख ने कहा कि चौथे चरण का चुनाव खत्म हो गया है। भाजपा का झूठ जितना पहाड़ चढ़ना था, चढ़ चुका है।

### योगी बोले, सच बोलने की आदत डालें खरगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उप्र. में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। योगी बुधवार को कई जिलों में आयोजित चुनावी जनसभाओं के लिए बुधवार सुबह निकलने से पहले सरकारी आवास पर एक न्यूज एजेंसी से बात कर रहे थे। योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही है। खरगे जी ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु राम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है।

**मुख्यमंत्री योगी ने उरई, महोबा में जनसभाओं को संबोधित किया**

## बुंदेलखंड की तोप सीमा पर गरजती है तो ढीली हो जाती है पाकिस्तानियों की पैंट

संवाददाता, महोबा\ जालौन

- कहा, पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले वहीं क्यों नहीं चले जाते
- आज हर घर नल योजना-नहरों के जरिये मिल रहा भरपूर पानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हमीरपुर और जालौन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की बात की तो डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाले रक्षा उत्पादों से लोगों को गर्व की अनुभूति कराया। हमीरपुर डाक बंगला मैदान में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। बुंदेलखंड की तोप जब सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तान की पैंट ढीली हो जाती है। बोले कि पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले लोग हमारे देश पर बोझ क्यों बने हैं, वह पाकिस्तान क्यों नहीं चले जाते। पाकिस्तान में एक-एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है, लोग भूखों मर रहे हैं। सीएम योगी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झांसी में रोड शो भी किया।

भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी उत्तर प्रदेश के बराबर है। वह भारत से कभी भी युद्ध करने की हिम्मत नहीं कर सकता है। जब-जब उसने भारत को आंख दिखाने का प्रयास किया, उसे चारों खाने चित कर दिया गया। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का तेजी से विकास हुआ है। पूर्व की सरकारों ने बुंदेलखंड के लोगों के साथ खिलवाड़ किया है। यहां भू माफिया, वन माफिया, खनन माफिया का राज रहा है लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद माफिया प्रदेश से भाग गए। हर घर जल योजना के तहत लोगों को पानी मिल रहा है। नहरों के जरिए सिंचाई का पानी खूब मिल रहा है। अब बुंदेलखंड का कोई बुंदेला प्यासा नहीं रहने वाला है।

उरई स्थित जीआईसी मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आतंकवाद, नक्सलवाद का अंत हो गया है। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार जालौन के कालपी नगर का कागज उद्योग देश में परचम लहरा रहा है। यह चुनाव रामभक्तों और राम विरोधियों के बीच में हो रहा है। उन्होंने जालौन-गरौठा सीट से प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा को जिताने की अपील की।



महोबा डाक बंगला मैदान में आयोजित जनसभा में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, हमीरपुर- महोबा सीट से प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व अन्य। ● अमृत विचार

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी



- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।

## झारखंड के मंत्री आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार



**रांची।** झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

ईडी ने मंत्री के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

## यूपी संशोधन अधिनियम में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता का संशोधित अधिनियम 2018 आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत दर्ज मामले के आरोपी को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने पर रोक नहीं लगाता है बल्कि इस अधिनियम ने सीआरपीसी की धारा 438 के तहत मिलने वाली अग्रिम जमानत के प्रावधान को पुनर्जीवित किया है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने साढ़े 17 वर्षीय कृष्णा को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए की।

लड़के पर 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जांच अधिकारी ने घटना को झूठा पाया है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत अपराध में गिरफ्तार आरोपी को सीआरपीसी की धारा 438 की उपधारा (4) गिरफ्तारी-पूर्व जमानत देने से रोकती है।

## न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक मामले में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को बुधवार को अवैध करार दिया और उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने पाया कि 4 अक्टूबर, 2023 के रिमांड आदेश के पारित होने से पहले पुरकायस्थ या उनके वकील को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप से संचार की कथित कवायद में रिमांड आवेदन की प्रति प्रदान नहीं की गई थी।

## जंगल की आग काबू करने में उत्तराखंड का रवैया उदासीन

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, मुख्य सचिव को किया तलब

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि यह कहते हुए कष्ट हो रहा है कि जंगल की आग को नियंत्रित करने में राज्य का रवैया उदासीन रहा है। न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति एसवीएन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कई कार्य योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता। शीर्ष अदालत ने राज्य के वन विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियों के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- दहेज के एक मामले में हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया। कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भले ही पक्षकार उपहारों की सूची का रखरखाव न कर रहे हों, लेकिन न्यायालय को आज तक यह भी नहीं बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(2) को कैसे लागू किया जा रहा है।

कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया गया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को 'दहेज' की परिभाषा से मुक्त रखा है, लेकिन दूल्हा और दुल्हन के लिए नियमों के अनुसार उपहारों की सूची बनाना आवश्यक बताया है, क्योंकि यह सूची भविष्य में दहेज के आरोपों को खत्म करने के लिए एक उपाय के रूप में काम करेगी।

**सेवा में झोल** टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल, पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

## कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।



- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

### एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। - **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। - **डॉ. पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

### लापरवाही के उदाहरण

**केस 1 :** 8 मई को अमरोहा सदर में रामलीला मैदान के पास एक गाय के पेट में बच्चा मरने पर वहां के मनोज द्वारा की गई 1962 पर कॉल नहीं लगी। डीएम और अपर निदेशक पशुपालन के हस्तक्षेप पर सरकारी डॉक्टरों की टीम भेजी गई।

**केस 2 :** 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

**आज का मुकाबला**

हैदराबाद सनराइजर्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आज सनराइजर्स के सामने गुजरात

हैदराबाद, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।



दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।

## पंत बेहतरीन कप्तान, समय के साथ निखरेगा : गांगुली

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ कप्तानी में निखार आएगा।



दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने कहा पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

## आईपीएल प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मिलेगी मदद : एडेन

नई दिल्ली, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन मार्करम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिये खेलने में मदद मिलेगी।



आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम ने कहा अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिये थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिये खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच मार्करम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और नए तरीके का टी-20 क्रिकेट देखने को मिला है।

**खेल डायरी**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में आगे बढ़े, प्रणय हारे

**बैंकॉक।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना



चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। वहीं प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को मात दी।

### 11 जून से शुरू होगा आईएल टी-20, खेलेंगे अंबाती

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे दुनिया भर के स्टार खिलाड़ी 11 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के तीसरे सत्र में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अंबाती रायुडू भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और इस टूर्नामेंट में खेलने के पात्र हैं। रायुडू अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलते हैं। आईएल टी20 में 34 मैचों का आयोजन किया जाएगा जो तीन स्थलों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।

### अंजुम, ऐश्वर्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर पहुंचे

**भोपाल।** अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं। पुरूषों की थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में जोशना, अभय और वेलावन ने जीते स्वर्ण

**चेन्नई।** जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किये। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-1 (10-11, 11-2, 11-9) से हराया।

### अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स में सफरली को हराया

**शारजाह।** दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अजरबेजान के एल्ताज सफरली को हराकर अच्छी शुरुआत की। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम और पी इनियान ने 52,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस टूर्नामेंट में क्रमश: हमवतन भरत सुब्रमण्यम और ईरान के ईरानी पौया को हराकर जीत से शुरुआत की। भारतीय मूल के संयुक्त राज्य अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और इंग्लैंड के श्रेयस ने भी जीत हासिल की। अभिमन्यु ने कजाखस्तान के राजा ऋत्विक और श्रेयस ने रिनात जुमाबायेव को मात दी।



# पंजाब किंग्स ने राजस्थान को 144 पर रोका

## घरेलू मैदान पर पराग ने खेली 48 रनों की शानदार पारी, सैम, चाहर और हर्षल ने झटके दो-दो विकेट





यशस्वी जयसवाल का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते कप्तान सैम कुरेन। ● एजेंसी

गुवाहाटी, एजेंसी

रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है।

बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। उन्हें सैम करन ने आउट किया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। अगले ओवर में राहुल चाहर ने टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए। ध्रुव जुरेल (शून्य), रोवमन पॉवेल (4), डॉनोवन फरेरा (7), ट्रेंट बोल्ट (12) रन बनाकर आउट हुए। रियान पराग ने 34 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 48 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से सैम कुरेन, राहुल चाहर और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और नाथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**राजस्थान 144/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बोल्ड सैम कुरेन | 4 | 4 | 1/0 |
| टॉम कोहलर कैच जीतेश बो राहुल चाहर | 18 | 23 | 2/1 |
| संजू सैमसन कैच राहुल चाहर बो नाथन | 18 | 15 | 3/0 |
| रियान पराग पगबाधा हर्षल | 48 | 34 | 6/0 |
| आर अश्विन कैच शशांक बो अर्शदीप | 28 | 19 | 3/1 |
| ध्रुव जुरैल कैच हरप्रीत बो सैम कुरेन | 0 | 1 | 0/0 |
| रोमन पावेल कैच/बो राहुल चाहर | 4 | 5 | 1/0 |
| डोनोवन फेरेरा कैच रुसो बो हर्षल | 7 | 8 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट रनआउट शशांक/बेयरस्टो | 12 | 9 | 2/0 |
| आवेश खान नाबाद | 3 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सैम कुरेन 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, नेथन एलिस 4-0-24-1, हर्षल पटेल 4-0-28-2, राहुल चाहर 4-0-26-2, हरप्रीत बराड 1-0-10-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

## मेदवेदेव इटैलियन ओपन से बाहर



**रोम।** गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटैलियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन राफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को मात दी। पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीज को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटैलियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

## ट्रायल की चिंता करूं या ओलंपिक की तैयारी करूं : अमन सहरावत

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी।

अंडर-23 विश्व चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल में इस्तांबुल में विश्व क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने कहा, इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पडा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा। ट्रायल के खत्म होने तक ओलंपिक बेहद करीब होगा तो फिर हम तैयारी कब शुरू करेंगे?



# टी-20 विश्व कप टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी होने पर हो रही है सीएसए की आलोचना

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबादा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे।

सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबादा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

### स्वदेश लौटे चोटिल रबादा, विश्व कप की तैयारी पर नहीं पड़ेगा असर

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबादा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबादा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा इस 28 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है। सीएसए ने साथ ही कहा कि चोट के कारण रबाडा की अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।



### टी20 विश्व कप में देना चाहते हैं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को चुनौती : क्रास

बेंगलुरु। स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में गत चैंपियन इंग्लैंड, पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा। इसकी घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के बाद ऑनलाइन बातचीत में क्रास ने कहा हम इसमें जीतने के लिए खेलेंगे। हम दबाव में नहीं है। हमारी टीम में उन्हें चुनौती देने के लिए अच्छी प्रतिभायें मौजूद हैं। तेज गेंदबाज क्रिस सोले को दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीग में खेलने का काफी अनुभव है। वह स्कॉटलैंड के वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में खेलने के पूर्व अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद लगाए हैं। स्कॉटलैंड अपने ग्रुप मैच बारबाडोस, एंटीगुआ और ग्रोस आइलेट में खेलेगा।

**बॉलीवुड हलचल**

## जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान अपने जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मैन जैसी प्रशंसित परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता बाबिल खान आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। छुट्टी लेने के बजाय, बाबिल इस अवसर को कुछ ऐसा करके मना रहे हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, काम करना। इस साल, बाबिल ने अपना खास दिन डबिंग स्टूडियो में बिताने का फैसला किया है, जहां वह अपने आगामी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल के लिए, काम करके जन्मदिन मनाना सिर्फ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता से कहीं बढ़कर है। यह उन्हें मिले अवसरों और अपने दर्शकों से मिले प्यार के लिए उनकी गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। बाबिल का अपने जन्मदिन पर काम करने का फ़ैसला उनकी कार्य नीति और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। बाबिल इरफान खान के बेटे हैं और पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।



## लंदन में अगस्त में शुरू होगी हाउसफुल 5 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं। तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरु कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं। फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### दवा लाने निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** सिमरामऊ गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम उसकी बहू जिनई स्थित मेडिकल स्टोर से दवा लेने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल

**रसूलाबाद।** ई रिक्शा के पलटने से चालक घायल हो गया। बुधवार को रतनपुर गांव निवासी दिनेश (45) पुत्र भीखा रतनपुर से रसूलाबाद ई-रिक्शा की बैटरी चेक कराने जा रहा था। तभी पहाड़ीपुर-रतनपुर रोड पर गहलौतन निवादा गांव के निकट ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक दिनेश घायल हो गया। वहीं ई-रिक्शा में बैठा पुत्र अमन बच गया। अमन चालक को प्राइवेट वाहन से सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### विवाहिता ने परिवारिक कलह में खाया जहर

**रसूलाबाद।** पारिवारिक कलह में विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। बुधवार को भीखदेव कहिंजरी निवासी सुजीत कुमार की पत्नी शिखा देवी (27) ने परिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने उपचार किया।

### दहेज उत्पीड़न व अश्लीलता में तीन के खिलाफ केस दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पति समेत तीन ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न, अश्लीलता व मारपीट का आरोप लगाकर तहरीर दी। पीड़िता ने ससुरालियों पर दहेज न लाने पर बंधक बना कर मारपीट करने की बात कही है। थानाध्यक्ष एसएन सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### आग से युवती झुलसी

**पुखरायां।** युवती खाना बनाते समय आग से झुलस गई। सट्टी गांव के इमरान ने बताया कि बहन साहिबा खातून (22) बुधवार को घर में गैस चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक चक्कर आने पर गिर गई। तभी रसोई गैस चूल्हे से आग लगने पर वह झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. रेनू जयसवाल ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बुजुर्ग को बचाने में बाइक सवार गिरकर घायल

**पुखरायां।** बुजुर्ग को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। देवराहट थाना क्षेत्र के सेल्हूपुर गांव के उमेश कुमार ने बताया कि भाई सीताराम बाइक में सवार होकर कस्बा के मुख्य मार्ग से किसी कार्य के लिए पटेल चौक की ओर जा रहे थे। तभी मौहर माता मंदिर के पास बाइक के आगे अचानक बुजुर्ग आने पर बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिर गए और घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया।

### रंजिश में मारपीट का आरोप

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी जाबिर अली ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वोट डालने के दौरान कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हुई थी। इसकी रंजिश मानकर गांव के तीन लोगों ने उससे बेवजह जमकर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष ने गलत वोट डालने के चलते विरोध करने की बात कही है। मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पंप कैनाल झील बनी जल संरक्षण का स्रोत

## 25 एकड़ क्षेत्रफल में फैली झील, शोभन, जुगराजपुर, बैरी बस्ता व अनूपपुर समेत कई गांवों को फायदा

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के शोभन आश्रम में शोभन सरकार ने खुद जल को सहेजा और लोगों को भी सहेजना सिखाया। क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में सिंचाई व जल संकट दूर करने को पांडु नदी से पंप कैनाल बनवाकर 25 एकड़ क्षेत्रफल में झील तैयार कराई है। यह झील आश्रम से जुड़े देश के हजारों भक्तों को जल बचाने की प्रेरणा दे रही है। यहां की समाजसेवा की गूंज भी दूर-दूर तक है।

ब्रह्मालीन परम पूज्य स्वामी रघुनंदन दास जी महाराज ने करीब 130 वर्ष पूर्व हनुमान प्रतिमा स्थापित करवाकर शोभन आश्रम की आधारशिला रखी थी। इसके बाद 1008 गोलोकवासी स्वामी विरक्तानंद जी महाराज ने आश्रम की बागडोर वर्ष 1965 में संभाली, जो शोभन सरकार के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनसे आसपास के जिलों के साथ ही कई प्रदेशों के भक्त जुड़े। वर्ष 2011 में उन्होंने पंप कैनाल बनवाकर झील तैयार कराई थी। इससे क्षेत्र के शोभन, जुगराजपुर, बैरी बस्ता, बैरी दरियाव व अनूपपुर समेत कई गांवों को फायदा मिल रहा है।

13 मई 2020 को शोभन सरकार ब्रह्मालीन हो गए, लेकिन आश्रम में समाजसेवा का कारवां तेजी से आगे ही बढ़ता जा रहा है। अब इसकी जिम्मेदारी यहां के सर्वराकार हरिशरणम पांडेय संभाल रहे हैं। वे कहते हैं कि शोभन सरकार ने जो राह दिखाई है। उस पर हमेशा चलते रहेंगे। जनता की सेवा पहला धर्म है।



शिवली क्षेत्र स्थित शोभन धाम। अमृत विचार


पानी से लबालब शोभन सरकार की बनवाई गई झील। अमृत विचार

### झील कर रही वाटर रिचार्जिंग का काम

- जल संरक्षण में सरकारी मशीनरी के अलावा आस्था का केंद्र शोभन मंदिर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शोभन मंदिर में चार किलोमीटर में फैली झील वाटर रिचार्जिंग का कार्य कर रही है। जिससे जल संरक्षण के साथ ही किसानों को निशुल्क सिंचाई का लाभ मिल रहा है।

### शोभन मंदिर के आकर्षण का केंद्र बनी झील

- क्षेत्र के विख्यात शोभन हनुमान मंदिर में डेढ़ दशक पूर्व लिफ्ट कैनाल से संचालित नहर से आसपास के लोगों को गर्मी के मौसम मे पानी के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता है। साथ ही शोभन मंदिर के आसपास चार किलोमीटर झील मंदिर का आकर्षक बनाती है।

### गांवों में जलस्तर नहीं होता कम

- शोभन मंदिर में बनी झील मंदिर के आसपास के गांव का वाटर लेवल रिचार्जिंग में बड़ी भूमिका निभा रही है। शोभन मंदिर के महंत हरिशरण पांडेय जी महाराज ने बताया कि लिफ्ट कैनाल से ही झील को भरा जाता है। झील के पानी से मंदिर परिसर के पेड़ों को हरा-भरा रखने में मदद करता है। आम गूलर, पीपल, बरगद, नीम, जामुन सहित कई सैकड़ा पेड़ भी लगे हैं।

# 11 माह के बालक की मौत, तांत्रिक पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र का मामला, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** हालत बिगड़ने पर परिजन 11 माह के बालक को जिला अस्पताल ले गए। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने तांत्रिक पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया है।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के पुर गांव निवासी शैलेश के 11 माह के पुत्र प्रिंस की मंगलवार देर शाम घर में हालत बिगड़ गई। परिजन उसे आनन-फानन जिला अस्पताल ले गए। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बालक को मृत घोषित कर दिया और मेमो भेजकर सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मां मिथलेश, बुआ रीना समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

परिजनों ने आरोप लगाया कि गांव के रहने वाले एक तांत्रिक ने उनके बालक प्रिंस पर जादू-टोना किया है। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# साइड रोड न बनने से बढ़ी परेशानी

संवाददाता मूसानगर

● मनकी संपर्क मार्ग पर रिवाइन देवी मंदिर पुलिया पर बन रहा बड़ा पुल

**अमृत विचार।** मनकी संपर्क मार्ग पर हमीरपुर व जालौन जिले को जोड़ने वाले यमुना नदी पुल से पहले रिवाइन देवी मंदिर पुलिया पर बड़े पुल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण इकाई के साइड रोड न बनाने के कारण लोगों को आवागमन में दुश्वरियां हो रही है। वहीं दुपहिया वाहन सवार गिर कर चुटहिल होते हैं।

मूसानगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस बालाजी धाम के मनकी संपर्क मार्ग रिवाइन देवी मंदिर से 3.60 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्पैन वाले ऊंची कोठी के पुल का निर्माण जारी है। गांव के रामशंकर, मनीष अग्रवाल, योगेश कुमार, महेश आदि ने बताया कि मनकी संपर्क मार्ग के रिवाइन देवी पर ऊंची कोठी पुल निर्माण के कारण चारों तरफ मिट्टी के ढेर लगे हैं, जो आवागमन के लिए पहले सड़क बनी थी, उसका पता नहीं है। लोग कच्चे रास्ता से होकर आवागमन कर रहे हैं। मिट्टी के ढेर वाहनों के निकलने से धूलयुक्त हो गए है। जब कोई भारी वाहन या टैक्टर ट्राली निकलती है तो धूल के कारण उठने वाले गुबार से सामने कुछ नहीं दिखाई देता और चारों तरफ धूल की धुंध छा जाती है। उक्त संपर्क मार्ग में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है और जगह-जगह पर गड्ढे हो गए है।


निर्माणाधीन पुल व ट्रक गुजरने से उठाता धूल का गुबार। अमृत विचार

# सीएचसी में बढ़े उल्टी-दस्त के मरीज

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** गर्मी व तेज धूप के चलते मरीजों की संख्या में खासा इजाफा हो रहा है। सिकंदरा सीएचसी की ओपीडी में भी ज्यादातर उल्टी-दस्त के मरीज आ रहे हैं। उन्हें दवाएं देकर चिकित्सक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के बैजामऊ, महटौली, खोजाफूल, रसधान, सिकंदरा जैसे तमाम गांव व कस्बों से मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। दूषित पानी पीने, तेज धूप व लपट में बाहर निकलने से ज्यादातर लोग उल्टी-दस्त के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर मरीजों को इलाज करने के साथ उन्हें उबला हुआ पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। जिन मरीजों की तबीयत ज्यादा खराब पाई जा रही है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कर इलाज भी किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी दूषित होने का खतरा अधिक हो जाता है। वहीं तेज धूप और लपट में निकलना लोगों के लिए बीमारी का सवब बन जाता है। ऐसे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गर्मी के मौसम में बीमारी से बचने के लिए उबले हुए पानी का सेवन करें। सीएचसी की डॉक्टर अनीता शुक्ला ने बताया कि गर्मी के कारण उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मरीजों के इलाज को लेकर अस्पताल में दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।


सिकंदरा सीएचसी में मरीजों की लगी भीड़। अमृत विचार

### हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा, बरतें सावधानी

- **राजपुर।** बदलते मौसम में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को राजपुर पीएचसी में मरीजों की भरमार रही और उल्टी-दस्त व बुखार पीड़ित 140 मरीजों का उपचार किया गया। डाक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की। ओपीडी में वायरल, खांसी, बुखार, जुकाम व दस्त से पीड़ित मरीजों की अधिकांश संख्या रही। बुखार के पांच मरीजों की मलेरिया की जांच की गई। चिकित्सकों ने तापमान बढ़ने से हीट स्ट्रोक होने का भी खतरा बताते हुए धूप से बचाव के उपाय बताए पीएचसी प्रभारी डाक्टर अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ओपीडी में 140 मरीजों का उपचार किया गया है। तापमान बढने से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में लोग धूप से बचाव करें और हल्का भोजन करें। साथ ही दोपहर में घर से निकलने में परहेज करे। समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डाक्टर के परामर्श लेकर ही दवा खाएं।

## सार-संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार किशोर जख्मी

**रसूलाबाद।** पिकअप की टक्कर से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को पड़ियापुर गांव निवासी मजनू का पंद्रह वर्षीय पुत्र सूरज साइकिल से गेहूं कटाई का अनाज लेने महेरा जा रहा था। तभी झींझक-रसूलाबाद रोड पर एक पेट्रोल पंप के निकट रोड पार करते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टर बृजेश ने सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से युवक घायल

**रसूलाबाद।** बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार देर रात उसरी गांव निवासी शीलू पाल (30) पुत्र शिवपाल अपनी बाइक से रसूलाबाद से घर उसरी जा रहा था। तभी उसरी बंबी के निकट बाइक अनियंत्रित होने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने के कारण कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### मारपीट में तीन नामजद व आठ अज्ञात पर केस दर्ज

**रसूलाबाद।** एक युवक ने तीन नामजद व आठ अज्ञात के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भीष्म नगर निवासी अनिरुद्ध सरकार ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके ही गांव निवासी सूरज विश्वास, परान उर्फ प्रेम व दीपक अकारण उससे बहस करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त तीनों के साथ आठ अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे से उसके साथ मारपीट की। बचाने आए परिवारी दिनेश कुमार, उत्तम दास, बादल व अमित को भी मारापीटा। जिससे सभी को गंभीर चोट आई है। उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पति को लाठी-डंडों से पीटने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** महिला ने पति से मारपीट को लेकर एक व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रसूलाबाद गोपालपुर तालुका निवासी सुनीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की दोपहर जमीन के बंटवारे को लेकर उसके पति जगरूप को मोहनलाल ने लाठी डंडों से मारापीटा। जब उसने शोर मचाकर बीचबचाव किया तो आरोपी लोगों को आते देखकर गालीगलौज व जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकला। उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि भाईयों का आपस में बंटवारे को लेकर विवाद है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चौरा गांव के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**पुखरायां।** चौरा गांव के समीप एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चौरा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। चौकी इंचार्ज ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि चौरा गांव के समीप रेलवे लाइन के खंबा नंबर 1281/38-38 पर एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर जाकर मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है।

### मारपीट में छह पर केस

**राजपुर।** बुधवार को दिवैर की मड़ैया गांव निवासी गायत्री ने सट्टी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि ससुर मान सिंह व जेठ ने उसको कमरे के अंदर बंद कर दिया। पति को मारापीटा। गए। वहीं दूसरी ओर से मुन्नी देवी ने पुलिस को बताया कि वह नल में पानी भरने गई थी। तभी उसका बेटा राज सिंह, बहू गायत्री, किशुन, दुलारी ने उसे व उसके पुत्र लाल सिंह, बहू आरती के साथ मारपीट की।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।




सूरत-ए-हाल

सफाई कर्मी पर गंदगी व बजबजाती नालियों की सफाई न करने का आरोप

# नहीं आता सफाई कर्मी, लोग करते सफाई

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** विकासखंड डेरापुर के कई गांवों में फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं। नालियों में सिल्ट व गंदा पानी भरा हुआ है। सफाई न होने से गलियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। तैनाती के बावजूद भी सफाई कर्मी गांवों में नहीं पहुंचते हैं, लेकिन पूरे माह की उपस्थिति दर्ज कर वेतन जरूर उठाया जाता है।

सरकार स्वच्छता को लेकर चाहे जितने फरमान जारी करे, लेकिन अधिकारी इसके प्रति कतई गंभीर नहीं हैं। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी के ढेर स्वच्छता अभियान पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। नालियों में भरा कचरा और गलियों में गंदगी कार्य प्रणाली की पोल खोलती दिख रही हैं। विकासखंड डेरापुर की ग्राम पंचायत डिलोलिया गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त पड़ी है। ग्रामवासियों का कहना है कि सफाई कर्मी के न आने से ग्रामीण प्रतिमाह तीन-तीन लोगों की टोलियां बनाकर नालियों से कूड़ा निकालकर फेंका जाता है। पंचायत भवन से लेकर तालाब तक जो पक्का नाला बना हुआ है। उसकी भी कई वर्षों से साफ-सफाई नहीं की गई है। ऐसे में गंदगी के कारण मच्छरों की भरमार है।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई के बावत कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से शिकायत की, लेकिन उन्होंने भी कोई ध्यान नहीं दिया। वहीं सफाई कर्मी ग्राम प्रधान के घर पर ही रहकर हाजिरी भरकर चले जाते हैं। इस बावत डेरापुर बीडीओ शिव गोविंद पटेल ने बताया कि सचिव को निर्देशित कर सफाईकर्मी को भेजकर साफ-सफाई कराई जाएगी। संबंधित के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी किया जाएगा।


डिलोलिया की नाली में भरी गंदगी, उगी झाड़ियां व लगा गोबर का ढेर।


गांव में सफाई कर्मी केवल प्रधान के घर तक ही सीमित है। जिसके कारण गलियां कूड़े से भरी हैं और नालियां बजबजा रही हैं। शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की गई। जिससे लोग परेशान हैं।

–संदीप कुमार कमल, निवासी डिलोलिया


गांव में महीनों से जगह-जगह गंदगी व नालियां में कचरा भरा पड़ा है। सफाई कर्मी के न आने से गांव के ही लोग टोली बनाकर सफाई करने को मजबूर हैं। जिम्मेदार भी समस्या का निराकरण नहीं कर रहे हैं।

–ओमप्रकाश प्रजापति निवासी डिलोलिया

# आरटीई की तीसरी सूची आज, हुए तीन हजार प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● लगभग 8 हजार सीटों पर पत्र हो चुके हैं जारी

**अमृत विचार।** अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 'आरटीई' की तीसरी सूची गुरुवार को जारी होगी। अब तक 8 हजार सीटों पर प्रवेश के लिए विभाग से पत्र जारी किये जा चुके हैं। लगभग तीन हजार बच्चों को निजी स्कूलों की ओर से प्रवेश दिया जा चुका है। तीसरी लिस्ट जारी होने के बाद 20 मई से चौथे व अंतिम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

तीसरी लिस्ट जारी होने के बाद 23 मई से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। योजना के तहत इस चरण के लिए 931 ऑनलाइन आवेदन आवेदन विभाग आए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि 16 को लिस्ट आने के बाद प्रवेश प्रक्रिया के लिए काम शुरू हो जाएगा। इस सूची के लिए 25 से प्रवेश शुरू हो सकेंगे। आरटीई के तहत चौथे चरण के लिए एक जून से आवेदन शुरू होंगे। चौथे चरण की प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी। इस चरण में प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यान 21 से 27 जून तक होगा। 28 जून को लॉटरी डाली जाएगी और लॉटरी के जरिए चयनित बच्चों का सात जुलाई प्रवेश शुरू होगा।

## सफाई में लापरवाही अधिकारी को हटाया

**कानपुर।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को परमट मन्दिर का निरीक्षण किया। टेफ्को से परमट मन्दिर गेट जगह-जगह कूड़े के ढेर व गन्दगी पायी गयी। जोनल स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित नही हुए। नगर आयुक्त ने जोन-4 से स्वास्थ्य अधिकारी श्रीराम चौरासिया को दायित्व मुक्त कर दिया। नगर निगम मुख्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश दिये। सफाई निरीक्षक दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस एवं सफाई नायक राकेश व सफाई कर्मचारी नरेश, जयचन्द्र का एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मन्दिर के पास लगे बूम बैरियर को व्यवस्थित किया जाये। इण्टरलॉकिंग पर मिट्टी को धुलाई की जाये।

# थू-थू हो रही, क्या कर रहे डीसीपी, एसीपी व थानेदार

**खाकी पर सख्ती**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मातहतों पर पुलिस कमिश्नर भड़के, डीसीपी से लेकर थानेदारों को फटकारा
- कहा, थाना प्रभारियों से लेकर अधिकारियों तक को कुछ नहीं दिखाई दे रहा
- बोले, महाराजपुर में कहने के बाद भी डंपर मालिक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई
- विभाग की बदनामी करा रहे पुलिस कर्मियों की सूची की जाए तैयार



**अमृत विचार।** सचेंडी में चौकी इंचार्ज और सिपाही की वसूली से त्रस्त सब्जी विक्रेता की आत्महत्या और भीमसेन चौकी में शिकायत करने गए युवक की पिटाई पर पुलिस कमिश्नर मातहतों पर भड़क गए हैं। उन्होंने ऑनलाइन मीटिंग में डीसीपी से लेकर थाना प्रभारियों को जमकर फटकार लगाई। कहा कि कुछ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों के कारण पुलिस विभाग की बदनामी हो रही है। उन्होंने भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर सूची बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

ऑनलाइन मीटिंग में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कहा कि शर्म की बात है कि महाराजपुर थानाक्षेत्र में खनन में लगे डंपर की चपेट में आने से दंपति की मौत के मामले में कहने के बाद भी डंपर मालिक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। नवाबगंज, कल्याणपुर, बिठूर, चौबेपुर, शिवराजपुर से लेकर ककवन तक में खनन में लगे डंपर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। हैरानी की बात है कि थाना प्रभारियों से लेकर पुलिस अधिकारियों तक किसी को नहीं दिखाई दे रहा है। आखिर उस जोन के एसीपी, एडीसीपी, डीसीपी क्या कर रहे हैं। उनके खिलाफ क्यों नहीं कार्रवाई की जा रही है। यदि इस मामले में किसी सफेदपोश का भी नाम आ रहा है, तो उसके भी खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### पुलिस की छवि हो रही धूमिल

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि मीडिया के साथ आम जनता भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है। पुलिस की छवि लगातार धूमिल हो रही है। पुलिस अधिकारियों को घटना होते ही सबसे पहले वर्जन अपडेट करना चाहिए। इसका उदाहरण मंगलवार को सचेंडी के भीमसेन चौकी में देखने को मिला है। वहां विधायक और ट्रेनी आईपीएस के बीच विवाद के दौरान एसीपी पनकी चुपचाप वहां बैठे रहे। उन्होंने न तो इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी और न ही बीच बचाव का ही प्रयास किया। जिसके चलते मामला तूल पकड़ा और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### ब्लैकमेलिंग पर पत्रकारों पर दर्ज की जाए रिपोर्ट

पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आए दिन कथित पत्रकारों की वसूली और ब्लैकमेलिंग की शिकायतें आती हैं। उन कथित पत्रकारों के खिलाफ साक्ष्य संकलित कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए और उनके आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की जाए।

# चौकी इंचार्ज, सिपाही फरार क्राइम ब्रांच लगाई गई

## सचेंडी में लगातार हो रहे मामलों के बाद थाने पहुंचे एडिशनल सीपी

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/कानपुर



सुनील के भाई छोटे से बातचीत करते डीसीपी पश्चिम विजय ढुल। अमृत विचार

● पुलिस वसूली से त्रस्त होकर सब्जी विक्रेता ने फांसी लगा दी थी जान

**अमृत विचार।** सचेंडी गांव के रहने वाले बालकृष्ण राजपूत के 23 वर्षीय बेटे सब्जी विक्रेता सुनील राजपूत ने चकरपुर मंडी चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव और सिपाही अजय कुमार यादव की वसूली से त्रस्त होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जान देने से पहले युवक ने दोनों पर आरोप लगाते हुए फेसबुक पर दो वीडियो पोस्ट किए थे। बुधवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम होने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। आरोपी चौकी इंचार्ज और सिपाही अब भी फरार हैं। गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच लगाई गई है।

बुधवार शाम पांच बजे डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी विजेंद्र, एसीपी पनकी टीबी सिंह, ट्रेनी आईपीएस डॉ अमोल मुर्कुट भारी पुलिस बल के साथ सुनील के घर पहुंचे। डीसीपी ने पीड़ित परिजन पिता बालकृष्ण, बड़े भाई छोटे और सरवन को सांत्वना दी और कहा आज जहां कहेंगे वहां विवेचना ट्रांसफर कर देंगे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम गठित कर दी गई है।

दो दिन से घटनाओं को लेकर सुर्खियों में आ रहे थाना सचेंडी में बुधवार दोपहर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर अचानक पहुंच गए। उन्होंने सचेंडी पुलिस से सब्जी विक्रेता की मौत के बारे में जानकारी ली। दूसरे प्रकरण में सचेंडी के भीमसेन चौकी इंचार्ज पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप था। उसके बारे में भी पूछताछ की।

# लैब भेजा गया सब्जी विक्रेता का मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पुलिसकर्मियों को बयान के लिए बुलाया

**अमृत विचार।** सचेंडी में सब्जी विक्रेता सुनील राजपूत की आत्महत्या के मामले में पुलिस सबूतों को इकट्ठा करने में जुट गई है। सब्जी विक्रेता का मोबाइल फोन फोरेंसिक लैब भेजने के साथ ही पुलिस अधिकारी ने लैब में जल्द से जल्द इसकी रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है। आरोपी चौकी इंचार्ज और सिपाही के फोन बंद हैं और वह रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से फरार हैं।

सचेंडी निवासी सुनील राजपूत ने दो वीडियो बनाकर अपने फेसबुक एकाउंट पर अपलोड किया था। जिसमें उसने चकरपुर चौकी इंचार्ज सतेन्द्र कुमार यादव और सिपाही अजय कुमार यादव पर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और रुपये छीन लेने का आरोप लगाया था। सुनील ने वीडियो में कहा है कि वह इन दोनों के कारण आत्महत्या कर रहा है। इस मामले में अब तक की जांच में पुलिस को उसके मोबाइल से काफी डाटा मिला है। एक पुराने वीडियो को लेकर भी जांच की जा रही है, जो कि जनवरी 2024 का बताया जा रहा है।

> चौकी इंचार्ज और सिपाही का मोबाइल फोन बंद है। पुलिस उन्हें सामने लाने का प्रयास कर रही है। जल्द उन्हें पकड़ा जाएगा। फोरेंसिक लैब से अनुरोध किया गया है कि मृतक के मोबाइल की डिटेल्स जल्द उपलब्ध करा दी जाए, जिससे जांच तेजी से आगे बढ़ सके।
>
> –विजय ढुल, डीसीपी पश्चिम

एसीपी पनकी टीबी सिंह ने मामले में विभागीय जांच शुरू कर दी है। सचेंडी में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले में हर कोई सामने आने से बचने की कोशिश कर रहा है।

# खाकी के दामन पर दाग कोई नया नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कुछ पुलिसकर्मियों का ईमान डगमगाने के कारण लगातार वर्दी पर दाग लगता जा रहा है। हालत यह है कि पुलिसकर्मी चोरी, लूट जैसी वारदात के साथ-साथ वसूली में भी शामिल हैं। ऐसे दागी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए चारों जोन के डीसीपी ने जांच कर भ्रष्ट 90 पुलिसकर्मियों की सूची तैयार की थी। लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। सचेंडी कांड ने खाकी पर एक और दाग लगा दिया।

शहर के चारों जोन सेंट्रल, पश्चिम, पूर्वी और साउथ में कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं, जो भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अखबार की सुर्खियां बन चुके हैं। मामला सड़क हादसे का हो या मारपीट का, तमाम पुलिस कर्मी सीधे घूस लेने से भी नहीं डरते हैं, यही नहीं चोरी, और लूट जैसी वारदातों में भी शामिल हो चुके हैं। खाकी के अपराध की शिकायतें बढ़ने पर तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने चारों जोन से 90 ऐसे दागी कर्मियों की सूची तैयार कराई थी, जिनके ऊपर चार या ज्यादा मुकदमे दर्ज थे।

### ये मामले कर चुके खाकी को शर्मसार

- **24 दिसंबर 2022 :** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में सिपाही मुकेश, अमित व उसके साथी ने वसूली के लिए दुकानदार का अपहरण कर फिरौती मांगी थी।
- **19 जनवरी 2023 :** पनकी रोड पर मुफ्त की मिठाई लेने के लिए नशे की हालत में दरोगा सर्वेंद्र कुमार ने दुकान मालिक को पीटा। डीसीपी पश्चिम ने उसे निलंबित किया, रिपोर्ट दर्ज।
- **23 फरवरी 2023 :** सचेंडी में हार्डवेयर कारोबारी से 5 .30 लाख लूटने में दरोगा यतीश कुमार, हेड कांस्टेबल अब्दुल राफे और दरोगा रोहित सिंह को निलंबित कर दिया गया था। तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ने दरोगा रोहित को बर्खास्त कर दिया था।
- **19 जून 2023 :** गोकशी करने वाले गिरोह में शामिल जाजमऊ के हेड कांस्टेबल अहमद को डीसीपी पूर्वी ने निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई कानपुर देहात की रिपोर्ट पर की गई, गिरफ्तारी नहीं हो पाई।
- **7 जुलाई 2023 :** जाजमऊ हाईवे पर ट्रक से वसूली के चक्कर में आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया।
- **8 सितंबर 2022 :** बिधनू में कारोबारी के घर घुसकर मारपीट और वसूली करने के आरोप में तीन ट्रेनी दरोगा दीपक कुमार, मोहित राणा और कुशलवीर राठी को निलंबित किया गया था।
- **8 अक्टूबर 2023 :** जाजमऊ थाने में पीटने और रुपये छीनने पर दो सिपाहियों सत्येंद्र सिंह और मोहम्मद नफीस को लाइन हाजिर किया गया था।
- **11 अक्टूबर 2023 :** चकेरी हाईवे पर वसूली करने पर पीआरवी में तैनात एसआई सुभाष सिंह और हेड कांस्टेबल आनंद कुमार को तत्कालीन डीसीपी हेडक्वार्टर तेजस्वरूप सिंह ने निलंबित कर दिया था।

> जो भी पुलिसकर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं या उनके खिलाफ मुकदमे पंजीकृत हैं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –हरीश चंदर, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था

# एटीएम कार्ड की टप्पेबाजी कर उड़ाए 10 हजार रुपये

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एचएएल कॉलोनी में कार से आए टप्पेबाजों ने छात्र से एटीएम कार्ड की टप्पेबाजी की। इसके बाद खाते से दस हजार रुपये निकाल लिए।

पटेल नगर निवासी अभिमन्यु वर्मा मेडिकल के छात्र हैं। उनके अनुसार बुधवार सुबह वह एचएएल कॉलोनी के पास लगे एटीएम में रुपये निकालने गए थे। तभी पीछे से कार सवार तीन युवक आए और बातों में फंसाकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा पकड़ा दिया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से दस हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### चमड़ा व्यापारी के मकान से दो लाख की चोरी

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में चोरों ने चमड़ा व्यापारी के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात समेत दो लाख रुपये का माल पार कर दिया। जाजमऊ के पोखरपुर फार्म निवासी चमड़ा व्यापारी मोहम्मद फैसल के अनुसार उनकी बड़ी बहन शबीना की अचानक हालत बिगड़ गई। वह बहन को लेकर हैलट अस्पताल गए थे। उधर देर रात चोरों ने मेनगेट का ताला तोड़ा और कमरे में जाकर अलमारी में रखे 55 हजार रुपये, करीब एक लाख की कीमत के जेवरात व अन्य सामान सहित दो लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार सुबह जब वह घर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

# अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने पर चार बच्चे पुरस्कृत



अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में चयनित बच्चों को पुरस्कृत करती बीईओ। अमृत विचार

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए फरवरी में हुई परीक्षा में मैथा ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शेखूपुर के चार छात्र-छात्राओं ने सफलता पाई है। जिसपर ग्राम प्रधान व खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय पहुंच कर बच्चों को पुरस्कृत किया है।

अटल आवासीय परीक्षा के नतीजे घोषित हुए तो सफल छात्र-छात्राओं के परिवार मंर खुशी छा गई। वहीं बुधवार की सुबह विद्यालय पहुंचे बच्चों का खंड शिक्षा अधिकारी सपना सिंह व ग्राम प्रधान किरण देवी ने माल्यार्पण कर पुरस्कृत किया। बीईओ ने बताया कि इसी तरह सभी बच्चों को पढ़ाई करनी चाहिए। जिससे आगे चल कर उनका भी चयन हो सके। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्वेता पांडेय ने बताया कि तीन छात्र और एक छात्रा का चयन हुआ हैं। जिसमें पहले नंबर पर अरमान, दूसरे पर आयुष, तीसरे पर अंशिका व चौथे पर अनस रहे हैं। इस मौके पर सहायक अध्यापक दीपिका देवी, प्रधान पति राजा बाबू, महेंद्र सिंह, पूतन अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों ने संवेदशील गांवों में की गश्त

**मूसानगर।** मूसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा चुनाव को देखते हुए संवेदनशील व अति संवेदनशील गांवों में पुलिस के साथ सीआईएसएफ के जवानों ने पैदल गस्त किया। बुधवार को केंद्रीय अर्दसैनिक बल की एक कंपनी मूसानगर पहुंची। सीआईएसएफ के कंपनी कमांडर नरेंद्र कुमार के साथ मूसानगर पुलिस ने फत्तेपुर, कस्बा गौसगंज, मेन बाजार, मुक्ता देवी रोड में पैदल मार्च कर लोगों को कानून व्यवस्था का अहसास कराया। इस अवसर पर थाना प्रभारी मूसानगर दिनेश गौतम ने लोगों से निडर होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। समस्या होने पर पुलिस की मदद लेने को कहा।

## सार-संक्षेप

### समूह से जुड़कर महिलाएं अपनाएं स्वरोजगार

**रसूलाबाद।** तिश्ती स्थित शिव सुधा पैलेस में बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा तिश्ती की ओर से महिला उत्थान के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को योजनाओं के बावत जानकारी दी गई। बुधवार को गोष्ठी में शाखा प्रबंधक मनु मुदगल ने समूह की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि समूह से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का काम करें। जिससे देश की आधी आबादी को स्वरोजगार उपलब्ध हो। इसके साथ ही बैंक शाखा की ओर से सही दिशा में चल रहे सात सीसीएल खातों की क्रेडिट लिमिट प्रदान की गई और नया सीसीएल खाता भी खोला गया। ब्लॉक समूह प्रबंधन नीरज सोनकर ने भी संबोधित किया। अरुण यादव, मयंक कुमार, बलबीर सिंह, शरद सक्सेना समेत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

### श्रीकृष्ण-सुदामा में मिलती सच्ची मित्रता की झलक

**रूरा।** क्षेत्र के बंशी निवादा बनीपारा गांव में बजरंग बली मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास देवी प्रसाद तिवारी ने श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह श्रीकृष्ण व सुदामा जी से समझ सकते हैं। सुदामाजी अपनी पत्नी के आग्रह पर मित्र श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचते हैं। वह द्वारिकाधीश के महल का पता पूछकर महल की ओर बढ़ने लगे। तभी द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब सुदामा जी ने कहा कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना। प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। पूर्व प्रधान राम विनोद सिंह, राघवेंद्र, सतेंद्र पाठक, छोटू सविता आदि लोग उपस्थित रहे।

**आक्रोश** रिश्तेदारों से मारपीट करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई न होने से नाराज हुए पूर्व सांसद

# एसपी आवास में धरने पर बैठे अनिल शुक्ल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



एसपी आवास में धरने पर बैठे पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रिश्तेदारों के साथ मारपीट व घर में पथराव करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से नाराज राज्यमंत्री के पति व पूर्व सांसद एसपी आवास में धरने पर बैठ गए। जानकारी पर पहुंचे एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने बताया कि उनके रिश्तेदार विनय अवस्थी शिवली क्षेत्र के औंगी में रहते हैं। गांव के पास से सड़क बन रही है। उसके रास्ते में रिश्तेदारों के कुछ खेत पड़ रहे हैं। जिसपर उन्होंने सड़क बनवा रहे लोगों से फसल कटने के बाद बनवाने को कहा, लेकिन उन्होंने गालीगलौज करते हुए धक्का-मुक्की कर दी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। बाद में आरोपियों ने पूर्व सांसद के रिश्तेदारों के घर जाकर पथराव किया।

उन्होंने शिवली इंस्पेक्टर से कार्रवाई की बात कही, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस पर पूर्व सांसद ने रिश्तेदार विनय अवस्थी आदि को एसपी से मिलने के लिए बुधवार को भेजा था। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों के पहुंचने पर एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी। इससे नाराज होकर वह एसपी आवास परिसर में ही धरने पर बैठ गए। जानकारी पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

# गर्मी ने किया बेहाल पारा 42 डिग्री के करीब

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● दोपहर में लोगों का बाहर निकलना हुआ मुश्किल स्कूली बच्चे हुए परेशान

**अमृत विचार।** मई आधी बीत चुकी है और गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। जिसके कारण लोगों को जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

बुधवार को तो दिन निकलते ही सूरज ने अपना उग्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था। अधिकतम तापमान 41.08 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से लेकर शाम तक गर्मी का असर बरकरार रहता है। गर्म हवा के कारण लोग परेशान हैं। बुधवार को भी सुबह से ही लोग गर्मी से पसीना-पसीना हो गए। दोपहर में व्यस्त रहने वाले माती रोड, एसआई रोड, सदर बाजार, बाढ़ापुर रोड आदि जगहों पर लोगों की आवाजाही काफी कम नजर आई, जो बाइक, स्कूटी व साइकिल सवार लोग निकले, वह चेहरों को अंगौछा, तौलिया आदि से ढककर गुजरने को मजबूर रहे।

गर्मी के चलते महिलाएं स्कूली बच्चों को छाता लगाकर घर तक ले जाने को मजबूर हुईं। सबसे अधिक परेशानी स्कूल से घर लौटते बच्चों को उठानी पड़ी। वहीं सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम परशुराम पुत्र गंगाराम जो कि गलत है। मेरा सही नाम **परशुराम विश्वकर्मा पुत्र गंगाराम नि0–ग्राम– अमदही (खलहनपुरवा) पो0–अमदही, वि0ख0 बेलसर थाना–उमरीबेगमगंज तह0–तरबगंज जिला–गोण्डा** है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम हाई स्कूल अंक पत्र में मोहम्मद आमिर कामरान सिद्दीकी है और पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मोहम्मद आमिर कामरान है। दोनों ही नाम मेरे हैं इस नाम व पता का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। मेरा वास्तविक नाम **मोहम्मद आमिर कामरान पुत्र मोहम्मद अब्दुल हई सिद्दीकी, निवासी– मोहल्ला– मुबारकपुर टीला, कन्नौज** है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रामदीन उर्फ कल्लू पुत्र महावीर, निवासी– बन्दीपुर, मल्लवां, जिला हरदोई उ0प्र0** मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी मे नाम रामदीन दर्ज है, जिसकी पॉलिसी संख्या– 223670188 है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर मेरा नाम कल्लू दर्ज है। अतः मेरी जीवन बीमा पॉलिसी मे अंकित नाम रामदीन तथा आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर अंकित नाम कल्लू दोनो एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है इस नाम का अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नही है। मुझे इन दोनो नाम रामदीन उर्फ कल्लू दोनो नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**तलाश गुमशुदा**
**शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद निवासी पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया जनपद श्रावस्ती ...अभियोगी**
मेरे पति अमिरका प्रसाद पुत्र राम धीरज साकिन पूरे प्रसाद, वि0 खण्ड– सिरसिया–जनपद–श्रावस्ती सन् 1997 में मजदूरी के सिलसिले मे बम्बई गये थे और वहाँ जाने के बाद कोई सम्पर्क एक साल तक नही हुआ तब मेरी मुवक्किला अपने रिश्तेदारो के साथ बम्बई जाकर उनके सम्भावित स्थानो पर तलाश किया तो उनका कही पता नही चल रहा है और न ही उनकी कोई खोज खबर है मैने उनके सम्बन्ध मे प्रत्येक संभावित स्थानो पर तलाश किया परन्तु उनका कही पता नहीं चल पा रहा है मैने इसकी सूचना थाना सिरसिया मे कई बार दिया परन्तु गुमशुदगी की रिर्पोट नही दर्ज की गयी । – **शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद, निवासी– पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया, जनपद– श्रावस्ती**

# अल्ट्रासाउंड के लिए करना होता इंतजार

संवाददाता फतेहपुर



जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- जिला अस्पताल से हताश होकर निजी संस्थानों में करा रहे
- 70 से 80 मरीजों का रोज हो रहा परीक्षण, इतने ही लाइन में

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के महिला व पुरुष वार्ड में अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। इंतजार में मरीजों को समय से इलाज भी नही मिल पा रहा है। हताश होकर मरीज निजी केंद्रों पर महंगी जांच करवाने के लिए मजबूर हैं।

जिला अस्पताल में महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग दो अल्ट्रासाउंड मशीनों की सुविधा है। यहां हर दिन लगभग सवा सौ मरीजों का अल्ट्रासाउंड होता है। महिला अस्पताल में आधा सैकड़ा से अधिक गर्भवती महिलाएं हर दिन अल्ट्रासाउंड जांच के लिए पहुंचती हैं। उसके अलावा पेट दर्द की समस्या से ग्रसित महिला मरीजों को भी अल्ट्रासाउंड लिखा जाता है। इसी तरह पुरुष अस्पताल में हर रोज पेट से संबंधी 70 से 80 मरीजों का परीक्षण होता है। इसके बाद भी मरीजों की लाइन अल्ट्रासाउंड कक्ष के सामने लगी रहती है। ऐसे में पुरुष अस्पताल में हर रोज 20 से 30 मरीजों को अगली तारीख दे दी जाती है। वेटिंग बढ़कर दो से तीन दिन तक पहुंच गई है। वहीं महिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड जांच की वेटिंग सात से आठ दिन पहुंच गई है। ऐसे में दर्द से पीड़ित मरीज निजी पैथोलॉजी में अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर है। मामले में सीएमएस डा. पीके सिंह ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन बढ़ाने के लिए कहा गया है। जल्द ही मशीनों की व्यवस्था की जाएगी ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

## संदिग्ध हालात में किशोरी ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** एक किशोरी ने बुधवार को संदिग्ध अवस्था में ज़हरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

खागा कोतवाली क्षेत्र के ऐलई गांव निवासी कमलेश की 13 वर्षीय पुत्री शिवदेवी ने संदिग्ध अवस्था में ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तो परिजन लेकर हरदो सीएचसी गए। वहां से जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया।

# विधायक ने दी सफाई, लगाए गए आरोप झूठे

संवाददाता, फतेहपुर



प्रेस वार्ता करतीं भाजपा विधायक कृष्णा पासवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा से खागा विधायक और उनके ब्लाक प्रमुख पुत्र पर एक परिवार ने जबरन प्लाट पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। न्याय नहीं मिलने पर ग्रामीणों के साथ लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए हैं। वहीं, भाजपा विधायक ने आरोप को गलत बताते हुए जिला प्रशासन से झूठा आरोप लगाने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले में खागा विधायक कृष्णा पासवान ने बुधवार को अपने आवास पर सफाई देते हुए कहा कि जो आरोप उनके ऊपर और उनके ब्लाक प्रमुख बेटे विकास पासवान पर लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर आरोप लगाने वाले लोग इस महापर्व का अपमान कर रहे हैं और मेरी राजनीतिक छवि को खराब करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले गिरजा शंकर और उनकी पत्नी सीमा शिवहरे का प्लाट उनके आवास के बगल में है।

यहां पर आवासीय मकान बना सकता है, लेकिन यह लोग दुकान बना रहे हैं। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। इस मामले में प्रदेश स्तर पर जांच चल रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि है कि उनकी छवि खराब करने वाले और चुनाव का बहिष्कार करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए। वहीं पीड़िता सीमा शिवहरे ने बताया कि उनके कागजात पर प्रशासन ने कामर्शियल भवन बनाने का प्रस्ताव पास किया है तो किस आधार से उन्हें कामर्शियल भवन नहीं बनाने दिया जा रहा है।

### इकरारनामा के बावजूद दूसरे को बैनामा की जमीन

फतेहपुर। शहर के सिविल लाइन निवासी हरिश्चन्द्र मिश्रा पुत्र श्रीकृष्ण कुमार मिश्रा ने डीजीपी लखनऊ को एक शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि मेडिकल कालेज के पास उसका व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। कोराई स्थित उस जमीन का इकरारनामा उमेश से किया था और भुगतान भी किया था। उमेश ने उसी जमीन का बैनामा सीताराम की पत्नी व पुत्री के नाम कर दिया। मामले में प्रशासन द्वारा स्टे दिया गया है। मामले में उसने मुकदमा भी दर्ज कराया था लेकिन पासवान होने के चलते अब विधायक खागा कृष्णा पासवान द्वारा उसे धमकी दी जा रही है। स्टे होने के बावजूद जमीन पर कब्जा स्थापित करवाने में लगे हैं। मामले में उसने डीजीपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# पत्नी से पीड़ित युवक ने फांसी लगाई, मौत

## अंबेडकर नगर दक्षिणी मोहल्ले का मामला

संवाददाता, फतेहपुर



- परिजनों का पत्नी व ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार।** पत्नी व ससुरालियों से पीड़ित एक युवक ने बुधवार सुबह फांसी के फंदे से झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी पर सुबह जब परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

राधानगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर के दक्षिणी मोहल्ला निवासी अमरजीत ने बुधवार सुबह फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह हुई जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि दो दिन पूर्व अमरजीत का विवाद अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर हुआ था। इसके बाद पत्नी ने अपने भाई को बुलाकर उसके साथ मायके चली गई थी। इसी के बाद उसने अपनी जान दे दी। परिजनों ने पत्नी व ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप मौखिक रूप से लगाया है। राधानगर थाना अध्यक्ष रमेश कुमार पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची थी, शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## फर्जी चैटिंग भेजकर तुड़वाई युवती की शादी

संवाददाता, फतेहपुर

- तहरीर पर मलवां पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** युवती ने एक युवक पर व्हाट्सएप और फेसबुक पर फर्जी चैटिंग होने वाले ससुरालियों को भेजकर शादी तुड़वाने का आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक इसके बाद युवक फोन कर शादी का दबाव बना रहा है। मामले में युवती की तहरीर पर मलवां पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मलवां थाने क्षेत्र के एक इलाके की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मां दो साल से बीमार है। मां को सहारा देने के लिए किसी की जरूरत पड़ती है। कानपुर के हैलट अस्पताल में कानपुर देहात के रूरा नाई बाजार वार्ड नंबर सात के शिवम गुप्ता से मुलाकात हुई। वह मां की मदद करने लगा। दवा लेने का बिल बनवाते समय दुकानदार के पूछने पर अपना मोबाइल नंबर बताया। उसका मोबाइल नंबर शिवम ने नोट कर लिया। घर आने के बाद शिवम गुप्ता ने एक बार फोन किया। उसके मोबाइल नंबर की फर्जी आईडी बनाकर शिवम व्हाट्सएप व फेसबुक चलाने लगा। इसकी जानकारी नहीं थी। उसकी शादी रायबरेली जिला के लालगंज में तय हो गई। गोदभराई चार मार्च को हुई। शादी की तारीख 18 अप्रैल 2024 निर्धारित हुई। उसने गोदभराई, वरीक्षा की फोटो फेसबुक पर डाली। फोटो देखकर शिवम गुप्ता भड़क उठा। उसे फोन पर खुद से शादी से बात कही। शादी न करने पर फोटो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित करने की धमकी दी। विरोध करने पर शिवम ने फर्जी व्हाट्सएप चैट होने वाले ससुराली व अन्य रिश्तेदारों को फेसबुक व व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी। इससे उसकी शादी टूट गई। परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने रूरा थाने में शिकायत की। पुलिस ने शिवम गुप्ता को बुलाया। उसने फर्जी आईडी बनाकर व्हाट्सएप चैट तैयार करने और शादी तुड़वाने की बात कबूल की। थाने में 10 मार्च को समझौता हुआ। उसने चैटिंग मैसेज व फेसबुक आईडी डिलीट करने की बात कही। इसके बाद 16 अप्रैल को उसके बड़े पापा को शिवम ने फोन किया और शादी करने की धमकी दी। इन हालातों में आत्महत्या को मजबूर है। थानाध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# स्वीप आईकॉन ने दिया मतदान का संदेश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



मतदाता जागरुकता अभियान के तहत की जा रही वोट की अपील। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान होगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को स्वीप के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती व स्वीप नोडल, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना निर्देश पर स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा शहर के प्लेवे इंग्लिश स्कूल में अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वीप सह नोडल, बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या इरम जाफरी द्वारा मुख्य अतिथि व स्वीप आइकॉन को पुष्पगुच्छ व मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वीप आइकॉन ने बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया। वहीं दिव्यांगजनों द्वारा किए गए मतदाता जागरूकता अभियान का लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम सम्मिलित किए जाने की जानकारी दी गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों को मतदाता शपथ दिलाई। साथ ही स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ, अभियान के तहत विद्यालय की सभी बसों में स्टीकर्स लगाए गए। बच्चों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, आदि स्लोगन के माध्यम से लोगों में जागरुकता फैलाई। वहीं आमंत्रण पत्र के माध्यम से लोगों के घर-घर, दुकान, चौराहे इत्यादि में उपस्थित सभी लोगों को 20 मई को मतदान के लिए अपील की गई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शाहिद अख्तर, अध्यापक वीके सिंह, आरिफ़, शीला श्रीवास्तव, सैय्यद यूनुस आदि रहे।

# तल्ख धूप व लू के थपेड़े कर रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



राहत पाने के लिए शीतल पेय पदार्थ पीते राहगीर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तल्ख गर्मी का सितम एक बार फिर से शुरू हो चुका है। दिन में झुलसा देने वाली तीखी धूप की वजह से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बुधवार को तेज धूप की वजह से दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों ने 16 मई से भीषण गर्मी के आसार जताए हैं। इसे देखते हुए हीट वेव चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

मंगलवार रात हवा चलने से तापमान में आंशिक गिरावट आई और यह 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बुधवार को सुबह 10 बजे ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसकी वजह से दिन में बाहर निकलना मुश्किल रहा। तपिश और गर्म हवा के थपेड़ों की वजह से त्वचा झुलसने का एहसास होता रहा। इसकी वजह से बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम रही। थरियांव मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने बताया कि आगामी दिनों में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। इस बीच लू के चलने के भी आसार हैं।

तपन के साथ लू के थपेड़ों से सड़कों पर वीरानगी छाई रही। सुबह 10 बजे के बाद लोग घरों में दुबक गए। बुधवार को पुरवाई हवा के चलने से पारा तो लुढ़का तापमान में गिरावट आई लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल किए रखा। गर्मी हर दिन पुराना रिकार्ड तोड़ रही है। बुधवार को पारा एक बार फिर 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। वहीं हवा ने रूख बदला और पुरवा हवा चली तो तापमान में कुछ गिरावट आई लेकिन उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। दिन में बदली आने से तपिस और बढ़ गई। कूलर पंखे भी उमस के आगे बेकार हो गए है।

### वीरान हो जाती हैं बाजार की सड़कें

चटख धूप के साथ तपिश ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी है। दोपहर में आसमान से आग बरस रही है। धूप निकलते ही शहर के बाजारों की सड़के वीरान हो जाती हैं। लोगों का कहना है मौसम का यही हाल रहा तो जून महीने में घर से निकलना भी मुश्किल रहेगा। इस साल गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं।

# राशन वितरण शुरू, 29 को ओटीपी से उठान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएसओ ने कोटेदारों को दिए वितरण के निर्देश
- इस बार उपभोक्ताओं को मिलेगा गेहूं और चावल

**अमृत विचार।** राशन उपभोक्ताओं को मई का राशन का वितरण मंगलवार से शुरू हो गया है जो 29 मई तक किया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के अंगूठा मैच नहीं करेंगे वह 29 को मोबाइल ओटीपी से उठान कर सकेंगे। साथ ही उपभोक्ताओं को पोर्टेबिलिटी की सुविधा भी मिलेगी। डीएसओ ने कोटेदारों को नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में राशन वितरण के निर्देश दिए हैं।

अंत्योदय राशन कार्डधारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न मुहैया कराया जाएगा। इसमें प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं एवं 21 किलो चावल शामिल हैं। इसके अलावा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट के हिसाब से दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल का वितरण निशुल्क किया जाएगा। इसमें उपभोक्ताओं को पोर्टेबिलिटी की सुविधा मिलेगी और वह अपनी पसंद के किसी भी दुकान से राशन का उठान कर सकेंगे। इसके साथ ही जिन लोगों का अंगूठा मैच नहीं कर रहा है उनका उठान ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह निर्धारित तिथि के अंदर अपने राशन का उठान कर लें। इसके साथ ही राशन वितरण में पारदर्शिता बरतने के लिए नोडल अधिकारियों को भी नामित किया गया है, जिनकी देखरेख में राशन का वितरण किया जा रहा है।

जिससे कोटेदार किसी प्रकार की गड़बड़ी न कर सके। उन्होंने सभी कोटेदारों को निर्देश जारी किए हैं कि वह समय से दुकान खोलकर उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराएं।

## पंपों से पेट्रोल लेकर गांवों में हो रही बिक्री

**फतेहपुर।** पेट्रोल पंपों पर प्रतिबंध के बावजूद गैलन और बोतलों में पेट्रोल भरकर बेचा जा रहा है। दूसरी तरफ गांवों के संपर्क मार्गों पर दुकानें लगाकर ग्रामीण पेट्रोल की खुलेआम बिक्री कर रहे हैं।

बिन्दकी तहसील के खजुहा से अमौली मार्ग में करीब दो दर्जन गांव पड़ते हैं। इनमें से ऐसा एक भी गांव नहीं है, जहां खुलेआम पेट्रोल न बेचा जा रहा हो। बता दें कि इन गांवों में रोड किनारे स्थित पान की दुकानों, किराना की दुकानों तक में पेट्रोल की खुली बिक्री की जा रही है। वाहन चालकों को पेट्रोल की जानकारी देने के लिए दुकान के बाहर खुलेआम स्टूल में यह गैलन या पिपिया रख दी जाती है। पेट्रोल पंप से पेट्रोल की खुली बिक्री पाबंदी के बाद भी पांच दस लीटर नहीं 20 से 40 लीटर तक धड़ल्ले से जारी है। यहां से गैलन में ले जाने वाले लोग गांवों व बाजारों में पेट्रोल की खुली बिक्री करते हैं। खुला पेट्रोल बेचने में एक तरफ मिलावट तो दूसरी तरफ अधिक पैसा लिए जाने की मनमानी होती है।

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों ने हड़पे लाखों रुपये

संवाददाता, फतेहपुर

- ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला
- सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी फरार

**अमृत विचार।** ग्राहक सेवा केन्द्र चलाने वाले दो भाई कई ग्रामीणों के लाखों रुपये हड़प लिए। ग्रामीणों ने उनकी तलाश की तो पता चला कि वह दोनों भाई भाग निकले हैं। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सुल्तानपुर घोष थाने के मोहम्मदपुर गाँती निवासी रियाजउद्दीन ने बताया कि उसका पत्नी अजरा बेगम के साथ संयुक्त खाता इंडियन बैंक अलीपुर भादर प्रेमनगर में हैं। बैंक का सीएसी गांव में सगे भाई जयशंकर सिंह व हरिशंकर सिंह संचालित करते थे। कई बार ग्राहक सेवा केंद्र में रुपये जमा किए थे। अंतिम बार 17 फरवरी 2022 को 24 हजार रुपये जमा किए। जयशंकर सिंह ने बताया कि कुल एक लाख 15 हजार रुपये खाते में जमा हैं। जून 2022 में अचानक ग्राहक सेवा केंद्र बंद हो गया। दोनों संचालक लापता हो गए। खोजबीन में पता लगा कि दोनों क्षेत्रीय लोगों का 50 लाख रुपये से अधिक का गबन कर भाग निकले हैं। पासबुक में एक लाख 15 हजार की इंट्री है। बैंक में पता लगा कि खाते में करीब 675 रुपये ही बचे हैं। उन लोगों ने खाते में रुपया जमा ही नहीं किया। उसके अलावा बहू हाशमा बेगम का भी रुपया हड़पा है।

पीड़ितों ने कहा कि भविष्य की योजना को लेकर उन्होंने जैसे-तैसे रुपये बचाए और वह भी हड़प लिये जाने से वह बुरे फंसे हैं।

सुल्तानपुर घोष थाना के प्रभारी राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई है।

रूट चार्ट जारी

शुक्रवार को मदारीपुर कला में होनी है जनसभा, हाईवे से शहर तक मार्ग परिवर्तन में शामिल

# मोदी की जनसभा कल, रूट डायवर्जन आज रात से

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शहर के मदारीपुर कला में शुक्रवार को होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को लेकर हाईवे से लेकर शहर तक का रूट डायवर्जन चार्ट जारी कर दिया गया है। जो कि आज यानी गुरूवार की रात 12 बजे से लागू कर दिया जाएगा। छोटे-बड़े वाहनों के लिए रूट चार्ट जारी करते हुए पुलिस ने विस्तार से जानकारी दी है।

पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी हुए रूट चार्ट के मुताबिक कानपुर से प्रयागराज को जाने वाले वाहनों को रामादेवी चौराहा-जाजमऊ से बंदर का मोड़-उन्नाव अचलगंज बीघापुर-लालगंज-ऊंचाहार-कुण्डा-लाल गोपालगंज से नवाबगंज प्रयागराज होकर परिवहन करेंगे। प्रयागराज एवं वाराणसी से कानपुर जाने वाले वाहन नवाबगंज बाईपास से लालागोपालगंज-कुण्डा-ऊचाहार-लालगंज-बीघापुर अचलगंज-बंदर का मोड़ से जाजमऊ-रामादेवी से अपने गंतव्य को जाएंगे। प्रयागराज शहर एवं कौशाम्बी से कानपुर जाने वाले भारी वाहनों थाना सैनी से किया जायेगा जिसका मार्ग सैनी-मानिकपुर-ऊंचाहार-लालगंज-बीघापुर-अचलगंज-बंदर का मोड़ से जाजमऊ-रामादेवी कानपुर से अपने गंतव्य को जाएंगे। हमीरपुर से प्रयागराज को जाने वाले वाहनो का डायवर्जन, घाटमपुर-रमईपुर-नौबस्ता-रामादेवी-जाजमऊ से बंदर का मोड़-अचलगंज-बीघापुर-लालगंज-ऊंचाहार-कुण्डा-लालगोपालगंज-नवाबागंज प्रयागराज होकर जाएंगे व इसी रास्ते से वापस भी आयेगें। बांदा से लखनऊ जाने वाले वाहनों को चिल्लापुल की ओर भेजेंगे, जिनका मार्ग ललौली-बिंदकी-चौडगरा-बक्सर मोड़-भगवंतनगर-बिहार कस्बा-मौरांव एवं मोहनलालगंज होकर लखनऊ को जाएंगे और इसी रास्ते से वापस भी आयेंगे। बांदा से प्रयागराज कि ओर फतेहपुर होकर जाने वाला भारी वाहन बांदा-कर्वी चित्रकूट-राजापुर चित्रकूट-कौशाम्बी होकर अपने गंतव्य को जाएगे। रायबरेली से बांदा-हमीरपुर जाने वाले भारी वाहन लालगंज रायबरेली-बिहार कस्बा-भगवन्तनगर-बक्सर मोड़-चौडगरा से बिंदकी एवं जहानाबाद होकर हमीरपुर एवं बांदा की ओर परिवहन करेंगें। रायबरेली डलमऊ हुसेनगंज फतेहपुर होकर आने वाले भारी वाहनो को लालगंज रायबरेली-बिहार कस्बा-भगवन्तनगर-बक्सर-बक्सरमोड़-चौडगरा से बिंदकी एवं जहानाबाद होकर हमीरपुर एवं बांदा की ओर परिवहन करेंगें। बताया कि बांदा-हमीरपुर-कौशाम्बी-कानपुर-रायबरेली से जनसभा मे आने वाले वाहनों को छोड़ कर सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबन्ध रहेगा। 16 मई की रात 12 बजे से सभी भारी वाहन व 17 मई को सुबह आठ बजे से वाहनो को डायवर्जन मानना होगा।

### जनपद में इस तरह से रहेगा डायवर्जन

बक्सरमोड़ थाना कल्याणपुर-हमीरपुर बांदा की ओर से आने वाले वाहनो को बक्सर मोड से बक्सर-भगवंतनगर-बिहार कस्बा-मौरॉव एवं लालगंज होकर लखनऊ को जाएंगे और आयेंगे। खागा नौबस्ता बाईपास, खागा-कौशाम्बी से आने वाले भारी वाहनो को नौबस्ता बाईपास से चौकी चौराहा थाना सुल्तानपुर घोष-हथगाव-हुसेनंगज सातमील से लालगंज की और डायवर्जन किया जाएगा। सातमील बाईपास डायवर्जन-रायबरेली के तरफ से आने वाले वाहनो को लालगंज की ओर डायवर्जन किया जाएंगा। बांदा की ओर से आने वाले वाहनो का डायवर्जन ललौली- बिंदकी-चौडगरा किया जाएगा। गाजीपुर चौराहे से बांदा औगासी की ओर से आने वाले भारी वाहनो को बहआ की ओर डायवर्जन किया जाएगा जो बिंदकी चौडगरा हो कर अपने गन्तव्य को जाएंगे। लखनऊ बाईपास में कानपुर से आने वाले वाहनों का डायवर्जन हसेनंगज से रायबरेली या हथगांव चौकी चौराहा से नौबस्ता बाईपास खागा के लिये किया जाएगा। बताया कि आपात चिकित्सा सेवा से संबंधित एंबुलेंस, मरीजों को ले जाने वाले वाहन व अन्य अतिआवश्यक कार्य सरकार से जाने वाले सरकारी वाहन (वीआईपी) डायवर्जन प्रक्रिया से प्रभावित नहीं होंगे, उनका मार्ग यथावत राष्ट्रीय राजमार्ग से ही रहेगा।

# खेत पर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया

संवाददाता, फतेहपुर



- मंगलवार सुबह हुसेनगंज थाना क्षेत्र में हुई घटना

**अमृत विचार।** केले के खेत पर किशोरी को ले जाने के बाद युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी मंगलवार सुबह खेत की ओर गई थी। आरोप है कि गांव का शिवा उर्फ जयराम लोधी पहले से खेत पर मौजूद था। किशोरी को अकेला देखकर मुंह दबाकर खेत में घसीट ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर किशोरी को पीटकर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। एसएसआई अरुण यादव ने बताया कि युवक पर दुष्कर्म व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## दुर्घटना में दो घायल

**बिंदकी।** कुंवरपुर रोड में बुधवार को दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक में सवार रामू निवासी रारी बुजुर्ग और दूसरी बाइक में सवार राजेश कुमार निवासी दरबेशाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत नाजुक देख डाक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को
इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

# मुद्दा कोई नहीं, जातीय समीकरण साध रहे प्रत्याशी

## ○ जन समस्याओं एवं विकास को कभी नहीं दी गई तरजीह ○ जीत-हार की गणित में लगे नेता, मतदाताओं के मूड का पता नहीं

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**



मतदान के लिए घर-घर बीएलओ पहुंचा रहे मतदाता पर्ची। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दोआबा की धरती अभी भी पिछड़ेपन का दंश झेल रही है। हर चुनाव में जातीय समीकरणों के दम पर नेता लखनऊ, दिल्ली चले गए। फिर आमजन से कोई सरोकार नहीं रहा। इस लोकसभा चुनाव में भी प्रत्याशी मुद्दों को किनारे रखकर जातीय समीकरण साधने में जुटे हुए हैं।

बहरहाल, सांसदी चुनाव दिलचस्प मोड़ ले रहा है। लोकसभा की चुनावी गर्मी का पारा चढ़ा हुआ है। चुनाव विधानसभा का हो या लोकसभा का या फिर कोई और मतदाताओं के बीच विकास एवं अधिकारों की बात कर जाने वाले प्रत्याशियों एवं सरकारों की उपेक्षा पर सबक सिखाने का लोगों को मौका अपने वोट की चोट करने का 5 वर्षों में एक बार मिलता है। नेताओं के विकास के खोखले वायदों एवं उदासीनता से भले ही लोग पिछड़ेपन का दंश झेल जनप्रतिनिधियों को कोसते रहें लेकिन जब उनके चुनाव का समय आता है तो यहां विकास एवं मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। अधिकारों, समस्याओं की बात करने वाले जिले के लोग विकास से ज्यादा जातीय समीकरणों के खेल में फंसते नजर आते हैं। इसी का नतीजा है कि लखनऊ एवं दिल्ली तक का ऐसे लोगों ने भी रास्ता नाप लिया जिन्होंने कभी भी न तो जिले को विकास की मुख्य धारा में लाने का सार्थक प्रयास किया और न ही यहां के लोगों को तवज्जो ही दिया। चुनाव-दर-चुनाव नेताओं के वायदों के झुनझुनों से कहीं ज्यादा जातीय फेरों में जिले के लोग फंसते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दो बार की सांसद केंद्र में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को प्रत्याशी बनाया है तो कांग्रेस सपा-गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश चंद्र उत्तम के अलावा बहुजन समाज पार्टी के डॉ. मनीष सचान चुनावी मैदान में हैं। पांचवें चरण में 20 मई को जिले के 19 लाख 38 हजार 562 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### रोजी-रोटी का बड़ा संकट

- जनपद आज भी पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है। खेती-बाड़ी पर आधारित जिले की 80 फ़ीसदी से अधिक की आबादी के सामने यहां रोजी-रोजगार का भी बड़ा संकट रहा। गंगा-यमुना के तटवर्ती क्षेत्रों के अलावा अपनी मूलभूत समस्याओं से लोग सदा ही जूझते नजर आएं हैं। अब जब 18वीं लोकसभा का चुनावी बिगुल फुंक चुका है तब भी उन्हीं मुद्दों बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, महंगाई, रोजगार शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य की समस्याओं को लेकर मतदाता बात तो कर रहे हैं लेकिन ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करने में वह कहीं न कहीं गच्चा खा जाते हैं। जो उनकी समस्याओं, परेशानियों को समझ कर जिले को विकास की राह में आगे ले जाने का काम करे।

● **19 लाख 38 हजार 562 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग**

वर्ष 2014 के चुनाव में मोदी की आंधी में किसी को भी सहारा नहीं मिला जो 2019 के चुनाव में भी जारी रहा। 2024 का लोकसभा चुनाव एक बार फिर मतदान के मुहाने में खड़ा है। वायदे एवं दावे कुछ भी किए जा रहे हों लेकिन यह ऐसा चुनाव है जो नेता तो बयान बाजी कर रहे हैं लेकिन आमजन साइलेंट मोड में है। चुनाव के प्रति आम मतदाता की ये खामोशी प्रत्याशियों एवं समर्थकों के दिलों की धड़कनें बढाए है। जिले में मतदान के दौरान अपनी समस्याओं, विकास तथा मुद्दों को भूल लोगों के जेहन में जातियां ही रही हैं।

### कोई हैट्रिक लगाने को तो कोई रोकने को बेताब

10 साल के शासनकाल के बाद भाजपा के नेता पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में जीत की हैट्रिक को लेकर बेताबी दिखा रहे हैं लेकिन हकीकत में तो विकास एवं मुद्दे उनकी सभाओं से गायब हैं। वही मंदिर, मुसलमान और पाकिस्तान का राग अलाप गड़े मुर्दे उखाड़े जा रहे हैं। लोगों को अपनी ओर रिझानें की हर जुगत-जुगाड लगाई जा रही है। भाजपा को अपने परंपरागत मतों के अलावा सर्व समाज के लोगों के सहयोग से जीत की हैट्रिक लगाने का पूरा भरोसा है। वहीं गठबंधन के समाजवादी प्रत्याशी एवं उनके नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी के एक दशक के शासनकाल की नाकामियों, खामियां, महंगाई, भ्रष्टाचार को मुद्दा बना लोगों से किए गए झूठे वायदों को याद दिलाया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी का चुनावी मिजाज उनके नेता अपने हिसाब से ठीक करने में लगे हैं।

#### दोआबा ने प्रधानमंत्री तक दिया


देश में 1952 के हुए आम चुनाव के बाद से 1984 तक कांग्रेस का एकछत्र राज का समय रहा। 1989 एवं 1991 में बोफोर्स की आई आंधी में जनता दल से विश्वनाथ प्रताप सिंह सांसद चुन प्रधानमंत्री तक बने लेकिन जिले की बदहाली दूर नहीं हुई। जातीय समीकरणों का ही नतीजा रहा कि डॉ. अशोक पटेल, विशंभर प्रसाद निषाद, महेंद्र निषाद, राकेश सचान संसद के गलियारे तक पहुंचने में सफल रहे।

#### चौकाने वाले ही परिणाम मिले

चुनाव कोई भी रहा हो, जातीय समीकरणों के फेर में फंसे जिले के लोगों ने यहां सदा ही चौंकाने वाले परिणाम दिए हैं। हद तो तब हो जाती है जब राजनीतिक दल तक जातीय समीकरणों को ही केंद्र में रखकर चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों को उतारते हैं। लेकिन इस बार भी हालात इतर नहीं हैं। पहले की ही तरह जातीय समीकरणों की गोटें दुरुस्त कर पार्टियों ने प्रत्याशी उतारे हैं और अब जीत का ताना-बाना भी उन्हीं आंकड़ों से बुन रहे हैं। जीत को लेकर जातियों के धुरंधर एवं ठेकेदार भी सक्रिय हो गए हैं।

# किशोरी ने ननिहाल में की आत्महत्या, कोहराम

**संवाददाता, किशनपुर**



**अमृत विचार।** अहमदगंज तिहार गांव में 13 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के जालंधरपुर गांव निवासी रामप्रसाद निषाद की 13 वर्षीय पुत्री कोमल देवी अपने ननिहाल अहमदगंज तिहार गांव में करीब दो महीने से रह रही थी। मंगलवार की देर रात किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में ननिहाल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों के बीच कोहराम मच गया। कुछ देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी के पिता ने बताया कि किशोरी पिछले करीब दो महीने से किशोरी अपने मामा धीरज निषाद के यहां रह रही थी। मंगलवार की देर रात किशोरी के मामा ने फोन कर किशोरी के फांसी लगाने की सूचना दी। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे जहां किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। किशोरी की मौत के बाद ग्रामीणों की बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

**अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान :फतेहपुर।** एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थरियांव थाना क्षेत्र के बीबीहाट गांव निवासी शिवराम के पुत्र धर्मपाल ने घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब धर्मपाल को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मृतक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

### बिजली टॉवर पर चढ़कर मजदूर ने फांसी लगाई, मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में एक मजदूर ने बिजली टॉवर के ऊपर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों ने जब उसको फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कबीरपुर मंसूरपुर गांव निवासी रामकिशन के पुत्र जितेंद्र ने कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव के पास बिजली टावर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वही परिजनों ने बताया मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार सुबह शहर मजदूरी के लिए घर से निकला था और करीब नौ बजे उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की खबर जब घर पहुंची तो मृतक की पत्नी छेद्दी देवी और बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया।

# साइकिलसवार की वाहन की टक्कर से हुई मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर सुकेती पेट्रोल पंप के पास बेकाबू वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी रामसनेही का पुत्र संत कुमार साइकिल पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के सुकेती पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी बेकाबू एक वाहन उसकी साइकिल को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# चुनावी शोरगुल के बीच मतदाताओं ने साध रखी चुप्पी, प्रत्याशी बेचैन

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**

**अमृत विचार।** इस लोकसभा चुनाव में मतदाता अपनी चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं हैं। जिससे सभी प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ रही है। चुनाव को लेकर चल रही उठापटक की राजनीति में सभी प्रत्याशी उलझ कर रह गए हैं। मतदाता शांत मन से सामने वाले प्रत्याशियों की बातें सुनता नजर आता है या फिर वह हर प्रत्याशी को उसके पक्ष में मतदान करने की बात कहते हुय प्रत्याशी को संतुष्ट करने का प्रयास करता है। मतदाताओं के इस भंवर जाल में कोई भी प्रत्याशी भाग्य के भरोसे है।

जिले के मतदाताओं के बीच फिलहाल तीन प्रमुख भाजपा-बसपा एवं इंडिया गठबंधन अर्थात सपा प्रत्याशियों की सरगर्मी चल रही है। तीनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा करते सुने जा रहे हैं। संसद के गलियारे में अपनी धमक पहुंचाने के लिए सभी प्रत्याशी हर दिन नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह तो चार जून को मतगणना के बाद भी पता चलेगा, लेकिन तीनों प्रमुख दल चुनावी समर को जीतने के लिए कमर कस कर मैदान में डटे हैं।

● **मतदाताओं के रुख को नहीं भांप पा रहे प्रत्याशी**

जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है। प्रत्याशियों की धड़कने भी तेज होती जा रही हैं। सभी प्रत्याशी ऐन केन प्रकारेण चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत में पूरी ताकत के साथ रात-दिन जुटे हैं। इतना ही नहीं अपने-अपने समर्थकों के लिए सभी प्रत्याशियों ने खाने-पीने की व्यवस्था भी कर रखी है। वहीं उनकी थकान मिटाने के साधन भी मुहैया कराने में पीछे नहीं है। प्रचार के लिये सुबह से ही समर्थकों को अलग-अलग क्षेत्रों में रवाना कर दिया जाता है, जिनकी वापसी देर रात होती है। इसके बाद प्रत्याशी अपने केन्द्रीय कार्यालय में पहुंच कर पूरे दिन की समीक्षा करते नजर आते हैं। जीतने को लेकर खुशी भले ही किसी प्रत्याशी के चेहरे पर देखने को नहीं मिल रही, लेकिन हार का भय की रेखाएं सभी प्रत्याशियों के चेहरे में जरूर उभर आती हैं। राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा इसका दावा तो नहीं किया जा सकता है, लेकिन इतना जरूर है कि मतदाताओं के रूख के अनुसार चुनाव परिणाम चौंकाने वाला हो सकता है।

# सीएम योगी, अखिलेश व मायावती की सभाएं आज

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव फतह करने को सभी दलों के बड़े नेता चुनावी मैदान में हैं। दोआबा में भी फायर ब्रांड नेताओं की जनसभाएं आज यानि गुरुवार को होंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी जोनिहा के समीप 3.15 बजे, सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मुख्यालय के मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में दोपहर दो बजे एवं बसपा की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती खागा के नवीन मंडी के समीप मैदान में 12.30 बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगी। जनसभा में अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष व विरोधी दलों के खिलाफ दहाड़ेंगे। बुधवार को भाजपा, सपा एवं बसपा के पदाधिकारी जनसभा स्थल में तैयारियों को अंतिम रूप देते नजर आए। इन तीन बड़ी जनसभाओं के बाद ही 24 घंटे के अंदर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होनी है। इसी कारण काउंटडाउन की तरफ बढ़ रहे इस चुनाव को लेकर बुधवार को भीड़ प्रबंधन की कवायद देखते बनी।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की जनसभा जोनिहा में है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी में लगे हैं। इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार नरेश उत्तम के लिए पार्टी मुखिया व पूर्व सीएम अखिलेश यादव की सभा शहर के एमआईसी मैदान में दोपहर 2 बजे होगी। पूर्व सीएम बसपा सुप्रीमो मायावती की जनसभा खागा में लगी है। तैयारियों का जायजा पार्टी के लोगों ने लिया।

# नरैनी में साध्वी का मंच उखाड़ा, विरोध में लगाए नारे

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के नरैनी गांव में साध्वी निरंजन ज्योति का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम वर्तमान प्रधान के यहां होना था। टेंट लगाकर मंच सजा दिया गया था लेकिन कार्यक्रम में पहुंचने से पहले साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व प्रधान के यहां पहुंच गईं। इससे खफा लोगों ने मंच उखाड़कर नारेबाजी की।

उस दौरान लोग आवास योजना में वसूली की शिकायत कर रहे थे। लोगों की शिकायत को दरकिनार करने पर लोग आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। उधर वर्तमान प्रधान के समर्थकों को भी मंच में पहुंचने से पहले साध्वी को पूर्व प्रधान के घर जाने की बात नागवार गुजरी। इसके बाद गुस्साए लोगों ने लगे हुए मंच को उखाड़ डाला और रोड नहीं तो वोट नहीं, के नारे लगाना शुरू कर दिया।

# पाल समाज का मान भाजपा ने बढ़ाया

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**



पाल समाज के सम्मेलन में जुटे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के सिविल लाइन स्थित एक लाज में बुधवार को पाल समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपलब्धियां गिनाने का काम किया। साथ ही 20 मई को होने वाले मतदान में एकजुटता दिखाने की अपील की गई।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने हिस्सा लिया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रयागराज से आई स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने किया। समाज के लोगों ने मंच पर पहुंच कर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित मंच पर आसीन तमाम अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि पाल समाज को भाजपा ने बहुत कुछ दिया है। उन्होंने जया पाल का माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि पाल समाज को जो मान सम्मान भाजपा ने दिया है वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। यही कारण है कि पाल समाज एकजुट होकर भाजपा के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जनपद का चहुंमुखी विकास कराया है। इस अवसर पर खागा विधायक कृष्णा पासवान, स्वामी शरण पाल, ओमपाल, रमेश पाल, राजकुमार पाल आदि रहे।

● **पाल समाज के सम्मेलन में भाजपाइयों का जमावड़ा**

## सार-संक्षेप

### हिस्ट्रीशीटरों के घर पहुंचकर पुलिस ने की पूछताछ

**असोथर।** असोथर थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने सरकंडी, घाटमपुर, ऐझी, बेसडी, सुसवन समेत कटरी क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटरों के घर जाकर परिजनों और हिस्ट्रीशीटरों से पड़ताल कर चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने व सुरक्षा के मद्देनजर कार्रवाई की जा रही है। हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी-तस्दीक कराना भी इसी का हिस्सा है। सभी हिस्ट्रीशीटरों के आचरण व गतिविधियों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस चेतावनी भी दे रही है।

### युवक ने खाया जहर, गंभीर

**फतेहपुर।** राधा नगर थाना क्षेत्र के ढकौली गांव निवासी मोहन के पुत्र ओम प्रकाश ने पारिवारिक कलह के चलते घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया।

### खड़े ट्रेलर में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल

**फतेहपुर।** राजस्थान के फागी थाना क्षेत्र के दुगलिया गांव निवासी रामेश्वर का पुत्र गोपाल बनारस से ट्रक लेकर हरियाणा जा रहा था। तभी मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गया, हादसे में गोपाल घायल हो गया।

### दो किशोरियों को ले जाने का आरोप

**किशनपुर/औंग।** किशनपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन मई की रात उनकी नाबालिग बेटी कहीं चली गई। काफी जानकारी पर पता चला कि पड़ोस का ही रहने वाले अमरपाल, भोला पाल व मुजम्मिल किशोरी को बहला फुसलाकर कहीं ले गए हैं। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसी तरह औंग थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका है।

**समस्या गंभीर** निजी संसाधनों से सिंचाई कराना पड़ रहा किसानों को महंगा, राजकीय नलकूप साबित हो रहे बेकार

# नहर और रजबहा 'प्यासे', सिंचाई को पड़ गए लाले

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**



किसानों का मुंह चिढ़ाती सूखी नहर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में सिंचाई के सरकारी संसाधनों से किसानों का भला नहीं हो पा रहा है। एक ओर जहां नहर और माइनर में धूल उड़ रही है तो वहीं नहरविहीन क्षेत्रों में स्थापित राजकीय नलकूप भी बेमकसद साबित हो रहे हैं। इसलिए किसानों को फसलों की महंगी सिंचाई के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

जिले की नहरों में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से इसके आसपास होने वाली खेती प्रभावित हो रही है। जिसकी वजह से समय रहते फसलों को सिंचाई नहीं हो पा रही है। सरकारी संसाधन फेल होने के कारण किसानों की फसलें सूख रही हैं। किसान निजी नलकूपो से महंगी सिंचाई करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। किसानों का कहना है यदि नहर और माइनरों में पानी छोड़ा जाए तो किसानों को बड़ी राहत मिल सकती है। लेकिन गर्मी के समय नहर और बंबा सूखे पड़े हैं। जिसके कारण किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जिसकी वजह से किसान परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि जरूरत होने पर कभी भी नहरों में पानी नहीं छोड़ा जाता है। नहरों में मई जून में अगर पानी छोड़ा जाए तो किसानो के लिए बड़ी राहत हो सकती है। इसके साथ इलाके का वाटर लेवर भी ठीक रह सकता है लेकिन इस ओर जिम्मेदार ध्यान नही देते हैं। किसान महेन्द्र सिंह, मोहित यादव, शिरोमणि सिंह आदि ने बताया जरूरत पर नहरों में कभी पानी नहीं आता है। इसलिए फसलों को समय से पानी नहीं मिल पाता है मजबूरन नलकूपों से महंगी सिंचाई करना पड़ती है।

### मक्का मूंगफली की फसलें प्रभावित

इस समय जिले में मक्का, मूंगफली, खरबूजा, तरबूज और सब्जियों आदि की फसले तैयार हो रही हैं। इन फसलों में सबसे ज्यादा सिंचाई की जरूरत पड़ती है। लेकिन महंगी होती सिंचाई के चलते किसान परेशान हैं। जो किसान निजी नलकूपों से सिंचाई कर रहे हैं वह जो कमा रहे हैं वह खेती में ही लग रहा है।

### क्या कहते हैं किसान



नहरों में पानी आए तो बहुत राहत हो सकती है लेकिन गर्मी में नहरों में पानी नहीं छोड़ा जाता है इस और कोई ध्यान नहीं देता है। जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**-केशवचन्द्र, कुल्ली**



लपट भरी गर्मी में फसलों में सिंचाई करो और कुछ ही समय में पानी सूख जाता है। नहरों में पानी चलाए रहे तो बड़ी राहत हो पर किसानों की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है।

**-रज्जन, धर्मदासपुर**



मक्का और जायद की फसल में अधिक सिंचाई लगती है लेकिन इस ओर न तो नेता ध्यान देते और न ही अधिकारी ध्यान देते हैं इसलिए दिक्कतें होती हैं। महंगे दामों में निजी नलकूपों से सिंचाई करनी पड़ती है।

**-नफासत खान, रहमतपुर**



इनदिनों जायद की फसले खेतों में सूख रही हैं। सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं आने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब किसानों को पानी की जरुरत होती है तब नहरों में पानी नहीं छोड़ा जाता है।

**-जय प्रकाश, धर्मदासपूर**

# समस्याएं हल न होने पर भाकियू खफा

**संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर**



किसान नेता की पुण्यतिथि पर चर्चा करते किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक में यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की। कहा कि सरकार द्वारा सिर्फ झूठ और कोरे आश्वासन दिए जाते हैं। समस्याओं का निराकरण नहीं करती है। जिसके कारण लोग परेशान हैं। यही हाल रहा तो यूनियन के लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं।

नगर के फरीदपुर मोड़ स्थित एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की आयोजित बैठक में कहा गया कि बाबा टिकैत ने पूरा जीवन किसानों के हित में बीता दिया। सरकार पिछले कई वर्षों से ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान नहीं देती है, केवल झूठे आश्वासन दिए गए हैं। बताया कि बिंदकी बाईपास अधूरा है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण नगर के अंदर जाम लगता है। दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे ही आवारा मवेशियों की समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। किसानों की फसल आवारा मवेशी चट कर रहे हैं। लगातार मांग की जा रही है कि आवारा मवेशियों की समस्या हल की जाएं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कहा कि कल्याणपुर गांव में नेशनल हाईवे में पुल बनवाने की मांग लगातार कई साल से की जा रही है लेकिन इस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा फायर स्टेशन बैंक की में मात्र एक गाड़ी है, संसाधनों की कमी है। आग लगने पर एक गाड़ी से पूरा तहसील क्षेत्र काबू नहीं होता है। जिसके चलते केवल इस वर्ष हजारों बीघा गेहूं की फसल जल गई और करोड़ों रुपए का किसानों का नुकसान हुआ है। जहानाबाद अमौली में भी फायर स्टेशन स्थापित किए जाने की मांग की जाती है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार उत्तम, महासचिव नवल सिंह पटेल, दिनेश कुमार शुक्ला आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उधर जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता में स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। शहर के एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारी व किसानों ने संगठन विस्तार पर चर्चा की। उसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर राजकुमार सिंह गौतम, प्रीतम सिंह चंदेल, छोटे सिंह, दीपक गुप्ता, महेंद्र सिंह भदौरिया, बबलू सिंह, अजय प्रजापति आदि रहे।

# पहले प्रेमिका को किया वीडियो कॉल फिर युवक ने लगाई फांसी

## सदर कोतवाली के गांव महाचंदापुर गांव का मामला, परिजन शादी को थे तैयार फिर भी उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रेम प्रसंग को लेकर युवक ने प्रेमिका से वीडियो कॉल कर फांसी लगा ली। घटना देख प्रेमिका ने युवक के बहनोई को जानकारी दी। परिजन युवक को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल पहुंचे जहां जांच में मृत घोषित किया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।


अखलेश वर्मा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव महाचंदापुर निवासी अखलेश वर्मा (21) पुत्र राम अवतार वर्मा का प्रेम प्रसंग एक युवती से था। मना करने पर दोनों नहीं माने तो परिजन उनकी शादी करने को तैयार हो गये थे। इसके बाद भी मंगलवार की रात करीब 10:15 बजे युवक ने अपने मकान के अंदर कमरे में फांसी लगा ली। इस की जानकारी परिजनों को तब हुई जब प्रेमिका ने मृतक के बहनोई को फोन किया। बहनोई ने अपने ससुराल फोन कर तत्काल कमरे में जाकर अखलेश को देखने को कहा तो पाया कि वह फंदे पर लटक चुका था। तत्काल परिजन उसे उतार कर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉ. ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बताया जाता है कि युवक ने फांसी लगाने से पहले प्रेमिका से वीडियो कॉल पर बात की। इसी दौरान कुछ ऐसा हुआ कि फांसी लगा लेने की बात कहते हुए फंदे से लटक गया। युवक दो बहनों में अकेला भाई था। एक बहन की शादी हो चुकी है।


जिला अस्पताल की मोर्च्युरी के बाहर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### आर्थिक तंगी से परेशान किसान ने आत्महत्या की

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के नगला मुरली निवासी सर्वेश कुमार यादव पुत्र रामचंद्र यादव (45) खेती मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार के आर्थिक हालात ज्यादा अच्छे नहीं थे जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। मंगलवार की शाम सर्वेश परिवार को बिना बताए निकल गया। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवार के सदस्यों ने खोजबीन की लेकिन सुराग नहीं लगा। सुबह गांव के बाहर लोगों ने शिवनाथ के खेत में खड़े शीशम के पेड़ पर अंगौछा के फंदे से सर्वेश को लटका देख घटना की सूचना परिवार वालों को दी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया ।


सर्वेश कुमार।

### पत्नी गई बाजार, युवक ने गले में कस लिया फंदा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला काजीपुरा निवासी राजेश कुमार उर्फ लल्ला (35) पुत्र मंगली प्रसाद ने बुधवार को अपने मकान में करीब 1:30 बजे उस समय फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली, जब उसकी पत्नी बच्चों के साथ बाजार से घर का सामान खरीदने गई थी। जब पत्नी बाजार से लौटी तो पति को फंदे से लटा देख चीख निकल गई। चीखपुकार सुन कर मोहल्ले के लोग मकान में पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। कला चौकी प्रभारी अजब सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने छानबीन करने के बाद शव को फंदे से उतारा। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बताया जाता है कि राजेश मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता था। घर में पत्नी के अलावा छोटे-छोटे बच्चे हैं। मेहनत मजदूरी के अलावा पेट पालने का उस के पास अन्य कोई जरिया नहीं है। बुधवार को वह घर में था कहीं काम पर नहीं गया था।

# एसपी, सीओ ने परखी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीसीटीवी कैमरे भी चेक किये, हर व्यक्ति पर नजर रखने के दिए निर्देश
- गेट से मंडी में प्रवेश करने वालों की भी सघन चेकिंग की जाये

**अमृत विचार।** मंडी समिति में बनाये गये स्ट्रांग रुम की सुरक्षा व्यवस्था जांचने के लिये एसपी व सीओ सदर ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस व पैरामिलेट्री को दिशा निर्देश दिये। अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम के निकट लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया।

एसपी अमित कुमार अनन्द ने व सीओ सदर कमलेश कुमार ने अलग-अलग मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान इनर कोर्डन, आउटर कोर्डन व आइसोलेशन वार्ड ड्यूटी को चेक किया गया। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल, केंद्रीय बल सीआईएसएफ को चुनाव आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन्स से अवगत कराया गया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे भी चेक किये गये। कहा गया कि स्ट्रांग रुम की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये।

निरीक्षण के समय या बाद में लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। स्ट्रांगरुम के निकट तक जाने की किसी को इजाजत नहीं दी जायेगी। मंडी में आने जाने वाले हर व्यक्ति पर पूरी निगरानी रखी जाये। मुख्य गेट से मंडी में प्रवेश करने वालों की चेकिंग भी की जाये।


पुलिस को दिशा-निर्देश देते एसपी अमित कुमार आनन्द। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


ब्लड बैंक के बाहर खड़ी टीम। अमृत विचार

### ब्लडबैंक लाइसेंस नवीनीकरण के लिए निरीक्षण

**तिर्वा।** ब्लड बैंक के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए कॉलेज प्रशासन की मांग पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। डॉ .भीमराव राम जी आंबेडकर मेडिकल कॉलेज मे मरीजों को समय पर रक्त मिल सके इसके लिए यहां पांच सौ यूनिट क्षमता की ब्लड बैंक की स्थापना कराई गई थी। प्रत्येक साल ब्लड बैंक का स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा निरीक्षण कर लाइसेंस नवीनीकरण किया जाता है। कॉलेज प्रशासन की मांग पर जिला अस्पताल की टीम ने ब्लड बैंक पहुंच कर रक्त रखने के फ्रीजर, समेत अन्य व्यावस्थाओं को बारीकी से जांच की। ब्लड बैंक इंचार्ज डाक्टर अनीता ओमहरे और प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने बताया कि लाइसेंस नवीनीकरण के लिए निरीक्षण कराया गया। जल्द ही नवीनीकरण हो जाएगा।

### मारपीट में घायल हुए समर्थक से अखिलेश ने की बात

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सोमवार को लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान नगर के गर्ल्स इंटर कॉलेज में भाजपाइयों से हुई मारपीट में घायल हुए सपा समर्थक से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फोन पर वार्ता कर मिलने का आश्वासन दिया। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के दिन नगर के गर्ल्स इंटर कॉलेज में बने बूथ संख्या 169 पर मोहल्ला कोलियान निवासी अनुराग शर्मा समाजवादी पार्टी के एजेंट बने थे। तभी भाजपा समर्थकों से किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट होने लगी। इसमें अनुराग को अंदरूनी छोटे आई। यह घटना वहां खड़े किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो संज्ञान में आते ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी अखिलेश यादव के निर्देश पर अनुराग शर्मा के घर पहुंचे राशिद फारूकी के फोन से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अनुराग से बात की। इस दौरान संतोष गुप्ता, शकील शेख, परवेज मंसूरी, आज़म इदरीशी, शोएब खान व हाशिम मंसूरी मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के विरोध पर तीन बहनों को घायल किया

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्रके एक गांव की किशोरी को गांव के ही युवक ने जबरन मक्का के खेत में खींच कर दबोच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर युवक मौके से भाग निकला। जब परिजनों ने युवक के घर शिकायत की तो उसने धारदार हथियार से वार कर तीन सगी बहनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया। पीडित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच शुरू की है।


महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी।

### टिकैत ने किसानों के हक के लिए किया संघर्ष

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम इस्मालपुर जीटी रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला कार्यालय में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13 वीं पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया। गोष्ठी में भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने जीवन पर्यन्त किसानों के हक व अधिकारों के लिए संघर्ष किया। सड़क से लेकर संसद तक किसानों को न्याय दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन कर आवाज उठाई। इससे पहले उन्होंने जिला कार्यकारणी का भंग करने की घोषणा की और हरिद्वार में होने वाली महापंचायत के 10 दिन पूर्व संगठन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जाएगा। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, ठाकुर महेंद्र सिंह, डॉ. साजिद हुसैन, मारूफ खान ने संबोधित किया। इस दौरान इरशाद अली, रिजवान अहमद, महेंद्र पाल सिंह, अनिल, उपेंद्र राजपूत, आलोक राजपूत, मुईन अहमद, रवि राजपूत, मान सिंह, नोमान सिद्दीकी, अमित कुमार, सुरेश यादव, कुशल पाल सिंह, मो. रेहान, मोहित सिंह, रणजीत, राहुल कुमार, अरसलान आदि मौजूद रहे।

# अब शुरू हुई मतगणना की कसरत, एजेंटों पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी हैं ईवीएम

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के नोटा समेत सभी 16 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद है। चार जून को मतगणना होगी। उसके लिए अभी से ही कसरत शुरू हो गई है। एजेंट बनाने पर मंथन चलने लगा है।

शहर के जीटी रोड किनारे स्थित नवीन कृषि मंडी समिति में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज के 1519 बूथों की ईवीएम यहां स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गईं हैं। चार जून को ही विधानसभा वार इनको टेबिलों पर रखा जाएगा। राजनीतिक दलों की ओर से मतगणना के लिए अभिकर्ता बनाने को लेकर चर्चाएं चलने लगीं हैं। ज्यादातर प्रत्याशी व उनके शुभचिंतक ऐसे लोगों को एजेंट बनाएंगे जो पढ़े-लिखे व सक्रिय हों। जरूरत पड़ने पर गलत व सही वोट पर अपनी बात भी रख सकें। मतगणना के लिए प्रशासन की ओर से अभिकर्ताओं के पास भी बनाए जाते हैं। ईवीएम की देखरेख के लिए भी पास बनाने का नियम है। बताया जा रहा है कि भाजपा व सपा मेहनती, जुझारू व योग्य कार्यकर्ताओं को ही मतगणना एजेंट बनाने के लिए खोज में जुटी है। इसके अलावा औरैया की बिधूना विधानसभा सीट व कानपुर देहात की रसूलाबाद सीट के लिए भी वहां के पार्टियों के जिलाध्यक्ष, विधायक व अन्य सहयोगियों की मदद से एजेंट बनाए जाएंगे।

# गिरते लिंगानुपात, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाया गया शिविर
- राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तिर्वा में दी गई जानकारियां

**अमृत विचार।** तिर्वा के डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कन्या भ्रूण हत्या एवं गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए कार्यक्रम हुआ। इसमें सर्वाइकल कैंसर के बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लवली जायसवाल के निर्देश पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल की दिक्कतें होती हैं। शुरुआत में पहचान होने पर मरीजों को आराम मिल जाता है। महिलाओं में किसी भी प्रकार के संचारी यौन रोग सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते हैं।

सीएमएस ने महिला मरीजों को बचाव व रोगों की पहचान की जानकारी दी। साथ ही प्रसव पूर्व भ्रूण लिंक की जांच करवाना अपराध और कन्याभ्रूण हत्या व गिरते लिंग अनुपात को रोकने के लिए अधिनियम बनाया गया है।


राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तिर्वा में आयोजित शिविर में मौजूद लोग।

### जुर्माना देने के लिए कोर्ट आने की जरूरत नहीं

- पुलिस अधिनियम, जुआं अधिनियम, मोटर वाहन चालान आदि के छोटे-छोटे अपराधिक मामलों की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। अब सीधे भारतीय स्टेट बैंक की निकटतम शाखा की पावन ज्योति एकाउंट में सम्मन पर अकित जुर्माना धनराशि जमा कर रशीद प्राप्त की जा सकती है। पीड़ित को न्यायालय तक जाने आवश्यकता नहीं है।

### एक साल पुराना मामला सुलह से निपटाया

- सचिव ने बताया कि प्राधिकरण के तहत मध्यस्थता केंद्र में उनके व अधिवक्ता प्रेम चंद्र शर्मा के प्रयास से लगभग एक वर्ष पुराने वैवाहिक विवाद का निस्तारण किया गया। इसमें दहेज उत्पीड़न की एफआईआर थाना तालग्राम पर दर्ज हुई थी। न्यायालय में आरोप पत्र आने के बाद सुलह के प्रयास के लिए न्यायालय अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/ एसीजेएम कन्नौज ने प्राधिकरण के मध्यस्थ केंद्र को भेज दिया।

इस मौके पर पराविधिक स्वयं सेवक अनूप शर्मा, निर्मल कुमार, सीमा बानो, जगदीश यादव, चौकी इंचार्ज देवी सहाय वर्मा एवं दरोगा प्रदीप कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मतदान कराने को पुलिस पार्टी रवाना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में होने वाले मतदान के लिये जिले से पुलिस जवानों को पुलिस लाइन से रवाना किया गया। सीओ लाइन ने पहले पुलिस को चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। इस के बाद वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने लोकसभा चुनाव के पंचम, षष्ठम, सप्तम चरण का चुनाव कराने के लिये पुलिस पार्टी को रवाना किया। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को पुलिस लाइन मैदान में एकत्र करके सीओ लाइन ने चुनाव आयोग की ओर से जारी निर्देशों से अवगत कराया गया। कहा गया कि पुलिस को अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूर्ण निष्ठा के साथ निष्पक्ष मतदान कराएं। ड्यूटी के दौरान किसी तरह की लापरवाही न बरतें। शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसीलिये अपने काम पर विशेष ध्यान दें। कार्यमें लापरवाही न बरतें। इस के बाद सभी पुलिस जवानों को रोडवेज बसों में बैठा कर संबंधित मतदान वाले लोक सभा क्षेत्रके जनपदों के लिये रवाना किया गया।


रवानगी से पहले जवानों को जानकारी देती सीओ लाइन डॉ. प्रियंका वाजपेई।

# क्षेत्रीय रिपोर्टों से बढ़ गईं प्रत्याशियों की धड़कनें

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नेता जी इस बार आपको कोई हराई नाही सकत, हमरे क्षेत्र में तौ हर कोई आपको ऐसे वोट करें हैं, जैसे तुम्हरें सिवाय कोउ प्रत्याशी मैदान में हतोई नाहीं। इसी तरह के संवाद कर छुटभइया नेता अपने प्रत्याशी को गांव व मोहल्लों में मतदान की रिपोर्ट देकर उनका दिल जीतने में लगे हैं।

चौथे चरण का मतदान होने के बाद अब विभिन्न दलों के प्रत्याशी क्षेत्रों से परिणाम जानने को बेताब हैं। किस क्षेत्र में उनको कितने मत मिलेंगे अभी इसका फैसला चार जून को ईवीएम से निकलने वाले मतों से होगा। फिलहाल चाटुकार अपनी-अपनी रिपोर्ट व दावा नेताओं को दे रहे हैं। कन्नौज संसदीय क्षेत्र में भाजपा व सपा के प्रत्याशी जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे हैं। लोगों का तर्क है कि बसपा प्रत्याशी बेहतर चुनाव नहीं लड़ सका। किस बूथ पर किस दल का कितना वोट पड़ा और किसे कितना फायदा और नुकसान हुआ। इसकी जानकारी आंकड़ों सहित पदाधिकारियों और फिर उसके बाद प्रत्याशी तक पहुंचने लगी है।

# फर्जी मत डालने पर कर्मी पर एफआईआर

**कन्नौज।** ईडीसी के बगैर फर्जी मतदान करने पर मतदान कर्मी पी 3 के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रसूलपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर निवासी व हाल निवासी फरियोजना अदिकारी डूडा कन्नौज में कार्यरत कर्मचारी गिरीशचंद्र पुत्र शिव प्रसाद ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि कार्यालय सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमर्दा में तैनात कर्मचारी दिनेश कुमार पुत्र घासीराम की ड्यूटी 13 मई को बूथ नंबर 207 पर पी-3 की थी। उन्होंने ईडीसी न होने के बाद भी मतदान केंद्र पर फर्जी मतदान किया।


# चुनाव को लेकर एक्स पर हुई शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** संसदीय सीट कन्नौज के लिए 13 मई को चुनाव संपन्न हो चुका है। चुनाव वाले दिन सपा व भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खूब शिकायतें की थीं। आरोप लगाए थे कि कहीं फर्जीवोट डाले जा रहे हैं तो किसी बूथ पर मतदान से रोका जा रहा है। कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी व पुलिस पर पक्षपात करने के आरोप लगे। ऐसी ज्यादातर शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने इसकी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय भेज दी है।

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा इलाकों में पड़ने वाले कई बूथों पर मतदान में व्यवधान होने व वोट धीरे-धीरे पड़ने की भी शिकायतें निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधिकारियों आदि से हुई थीं। सपा की ओर से यह शिकायतें सोशल मीडिया एक्स प्लेटफार्म पर समाजवादी पार्टी के पेज से हुईं। दूसरी ओर भाजपा सांसद व प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने एक्स पर ही खुद के लैटरपैड पोस्ट किए। इन सभी प्रकरणों की जांच के आदेश हुए थे। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो ऐसे मामलों का स्थानीय अधिकारियों की ओर से निराकरण कर दिया गया है। पीठासीन अधिकारी आदि की रिपोर्ट भी लगी है। बताया जा रहा है कि कई मामले झूठे पाए गए हैं। बुधवार को कुछ प्रकरण निस्तारण के बाद रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय भेजी गई।


सपा के पेज से हुई शिकायतें।


भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने लेटर पैड पर की शिकायतें।

**कन्नौज संसदीय क्षेत्र** — प्रथम श्रेणी में नहीं हो सका मतदान, ग्रामीण इलाकों में कहीं-कहीं खूब बरसे वोट

# उदासीनता : सरायमीरा स्कूल के बूथ पर 1207 में पड़े महज 188 वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज संसदीय क्षेत्र के चुनाव में कहीं तो मतदाताओं में खूब उत्साह रहा। कई बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा।

प्राथमिक स्कूल सरायमीरा के एक बूथ पर तो करीब 15 फीसदी ही वोट डाले गए। कुल 1207 मतदाताओं में महज 188 ने ही मतदान किया। कहा जा रहा है कि स्वीप के तहत अधिकारियों ने मतदान से पहले 13 मई को वोट डालने के लिए जागरूक भी किया था।

विधानसभा सदर कन्नौज क्षेत्र की नगर पालिका परिषद क्षेत्र के कई बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। कई मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां प्रथम श्रेणी में भी वोट नहीं पड़ सके। कुछेक बूथ ही ऐसे रहे, जहां वोट बरसे। इस मामले में जिले के कई ग्रामीण इलाके वोट करने में अव्वल रहे। रोडवेज बस अड्डा के निकट पुराना बीएसए कार्यालय भवन में बूथ नंबर 239 में 1096 मतों में 537 व बूथ नंबर 240 में 731 वोटों में 438 मत पड़े। बूथ नंबर 241 प्राथमिक स्कूल सरायमीरा द्वितीय में 1226 में 600 वोट, बूथ नंबर 242 में 1224 मतों में 515, बूथ नंबर 243 में 1207 मत में महज 188 ही वोट पड़े।

गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 222 में 1097 मतों में 643 वोट पड़े। 223 नंबर बूथ पर 1168 में 875, बूथ नंबर 224 में 875 में 536 मत, बूथ नंबर 225 में 861 मतों में 357 वोट पड़े। पं. भोलानाथ धर्मशाला के बूथ 259 में कुल वोटर 738 में से 476 ने वोट डाले।

यहीं के बूथ नंबर 260 में 960 मतों में 569, बूथ नंबर 261 में 1019 मतों में 562, बूथ नंबर 262 में कुल मत 878 में 520, बूथ नंबर 263 में 991 मतों में 547 व बूथ नंबर 264 में 814 वोटरों में से 495 वोट पड़े। नगर पालिका परिषद के पिंक बूथ नंबर 271 में भी 60 फीसदी मतदान नहीं हुआ। 1060 मतदाताओं में 561 ने वोट किए। बूथ नंबर 272 में 859 वोटरों में 511 ने वोट डाले।

- नगर पालिका परिषद के कई मतदान केंद्रों पर नहीं दिखा उत्साह


नगर पालिका परिषद में बने पिंक बूथ में 13 मई को पड़े वोट। अमृत विचार

### चर्चित ग्रामीण इलाकों का यह रहा हाल

- जलालाबाद में बूथ नंबर 73 पर 1155 वोटों में 667 मत पड़े। बूथ नंबर 74 पर 1145 में 598 वोट, बूथ नंबर 75 पर 1159 मतों में 649, बूथ नंबर 76 में 1110 में 630 वोट पड़े। अटारा में बूथ नंबर 113 में 833 मतों में 571, बूथ नंबर 114 में 873 में 523 मत पड़े। बूथ संख्या 115 में 902 मतों में 504 वोट पड़े। गागेमऊ के बूथ 145 में 1016 मतों में से 620, बूथ नंबर 146 में 1155 मतों में 656, बूथ नंबर 147 में 1137 मतों में 623 बूथ नंबर 148 में 1212 वोटों में 711 पड़े। सहनापुर करतौली के बूथ नंबर 170 पर कुल 604 मतदाताओं में से 529 ने वोट डाले। बेहरनि के बूथ नंबर 171 में 1179 वोटरों में 852 ने वोट किया। बूथ नंबर 172 में 1217 वोटरों में 889 ने मतदान किया। फगुहा के बूथ नंबर 175 में 987 वोटरों में से 572 ने वोट डाले। बूथ नंबर 176 में 1146 में से 702 ने वोट किया। बूथ नंबर 192 सहियापुर में 488 वोटरों में से 330 ने वोट किया। बूथ नंबर 196 नजरापुर में 1146 वोटरों में से 670, बूथ नंबर 197 में 720 मतदाताओं में 470 वोट पड़े। बूथ नंबर नंबर 198 भुगैतापुर में 1097 मतों में 693 वोट डाले गए। बूथ नंबर 199 खुरदैया में 957 मतों में 601 मत पड़े।

**उच्च प्रा0वि0 सराय प्रयाग क्षेत्र-तालग्राम, जनपद-कन्नौज**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि उच्च प्रा0वि0 सराय प्रयाग क्षेत्र-तालग्राम, जनपद- कन्नौज के कृषि फार्म को वर्ष जून 2024 से मई 2025 तक एक वर्ष के लिए लगान पर उठाने हेतु दिनाँक 17.05.2024 को समय 10: 00 बजे प्रात: विद्यालय में बोली लगेगी। इच्छुक कृषक समय से बोली लगाने हेतु प्रतिभाग करें। **दिनांक- 15.05.2024**

**अध्यक्ष/ सचिव**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति**
**उच्च प्रा0वि0 सराय प्रयाग क्षेत्र-तालग्राम, जनपद-कन्नौज**

## एक नजर

### महिला से मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम सियरमऊ निवासी ममता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 14 मई की रात लगभग 08 बजे गांव के भैया लाल कठेरिया व गिरधारी लाल कठेरिया उसके दरवाजे पर आए और किसी बात को लेकर गालीगलौज शुरू दी। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छात्रा को ले गया अज्ञात

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की कक्षा आठ की 15 वर्षीय छात्रा को अज्ञात व्यक्ति वहला फुसला कर ले गया। नावालिग अपने साथ मोबाइल भी ले गई। मोबाइल बंद है। खोज करने के बाद भी उसका पता नहीं चल रहा है। मामले में अज्ञात के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### दूध पीने के बाद बच्ची की मौत

छिबरामऊ। ग्राम सुखरामपुर निवासी एक महिला ने अपने दो माह की बच्ची को दूध पिलाया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाना पड़ा। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरामपुर निवासी विपिन कुमार की दो माह की पुत्री मनु ने मंगलवार को अपनी मां रुचि का दूध पीया। उसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई सजा, छिबरामऊ में तीन वर्ष पूर्व हुई थी वारदात

# युवक की हत्या में सात दोषियों को 10-10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- ईद पर पीड़ित पक्ष के एक अन्य युवक की हुई हत्या, केस की विवेचना जारी
- 7000-7000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, अदा न करने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

**अमृत विचार।** छिबरामऊ कस्बे में तीन साल पहले पीट-पीटकर की गई युवक की हत्या के मामले में सात आरोपियों को दोषी पाया गयी। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सभी को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई। जुर्माना भी लगाया। आरोपियों पर पीड़ित पक्ष के एक अन्य युवक की हत्या का भी आरोप है जिसकी विवेचना जारी है।

प्रकरण में शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के चौधरियान मोहल्ला के रहने वाले वाले इरशाद खान, जुल्फिकार, हाशिम, राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद से मोहल्ले के ही शहजाद के भांजे सोहेल से 27 अप्रैल 2021 की रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। कहासुनी और गालीगलौज के बाद बात बढ़ने पर इरशाद खान, जुल्फिकार, हाशिम, राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद लाठी-डंडा लेकर आ गए और उन्होंने बेहरमी से सोहेल की पिटाई कर दी। बीचबचाव करने आये नोमान, जीशान व उसके परिजनों को भी आरोपियों ने जमकर पीटा।

इस मामले को लेकर सोहेल के मामा शहजाद अहमद ने छिबरामऊ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर 7 लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्रनाथ के न्यायालय में चल रही थी। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर सभी सात लोगों को दोषी पाया गया। न्यायाधीश ने 10-10 वर्ष के कारावास के साथही 7000-7000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर 6-6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

### मृतक के मामा की हत्या में भी नामजद हैं आरोपी

कन्नौज। कोर्ट द्वारा दोषसिद्ध किए गए हत्यारोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास भी है। मोटरसाइकिल मैकेनिक होने के बावजूद अपराध जगत से करोड़ों की संपत्ति बना ली। पुलिस ने वर्ष 2021 में ही गैंगस्टर लगाकर हत्यारोपियों की सारी संपत्ति कुर्क कर दी थी। इससे पूर्व हत्यारोपी पर एक बच्चे का अपहरण और हत्या का भी आरोप लगा था। हाल ही में ईद पर हत्यारोपी इरशाद, ज़ुल्फ़िकार पर अपने साथियों के साथ मिलकर मृतक के मामा की हत्या का आरोप लगा था जिसमें विवेचना चल रही है। मृतक के परिजनों ने बुधवार को आये निर्णय पर संतोष जताया।



रेलवे स्टेशन पर परिवार से जानकारी करते संरक्षण अधिकारी विजय राठौर, केंद्र प्रशासक विनीता कुमारी व चाइल्ड लाइन टीम। अमृत विचार

# चाइल्ड लाइन टीम ने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गुरसहायगंज नगर पालिका क्षेत्र, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड चौराहा पर विजिट

**अमृत विचार।** अपर मुख्य सचिव के फरमान पर संरक्षण अधिकारी व चाइल्ड लाइन की टीम बच्चों व उनके परिवार से मिली। भीख न मांगने व पढ़ाई करने के लिए परिजनों को प्रेरित किया। बाजार व स्टेशनों पर टीम ने हिदायत भी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी की ओर से गठित टीम के बुधवार को गुरसहायगंज के भीड़भाड़ वाले इलाके में पहुंचीं। रेलवे व बस स्टेशन चौराहे आदि स्थानों पर महिलाएं और बच्चों की ओर से भीख मांगने व वस्तुओं कि बिक्री करने को लेकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। संरक्षण अधिकारी विजय राठौर ने बताया कि भीख मांग रहे बच्चों के माता-पिता को समझाया गया। साथ ही बच्चों से काम कराने वाले दुकानदारों को हिदायत दी गई। दूसरी ओर दुकाननुमा कमरे में चल रहे मदरसे का भी निरीक्षण किया गया। यहां विद्यालय का निर्माण कार्य पाया गया। बच्चों की सुविधा के लिए कक्ष मे ही पानी रखा था। सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक विनीता कुमारी, चाइल्ड लाइन से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तौशीफ, पिंकी, रूवी, दीपक झा, अहमद रजा, सुनील उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स में दसवीं के मेधावी



भाव्या दुबे, 97 फीसदी अंक



अवंतिका सिंह, 96 फीसदी अंक



पारस मिश्र, 95 .2 फीसदी अंक



मुनीब खान, 95 फीसदी अंक



शौर्य पांडेय, 94 .4 फीसदी अंक



देवांशी दुबे, 93 फीसदी अंक



राजशेखर शुक्ला, 92 .8 फीसदी अंक



शुभ कटियार, 92 .2 फीसदी अंक

## सेंट जेवियर्स में बारहवीं के मेधावी



आकृति वर्मा, 98 .4 फीसदी अंक



रितिक कटियार, 94 .2 फीसदी अंक



खुशी कटियार, 94 फीसदी अंक



पल्लवी राजपूत, 92 .8 फीसदी अंक




तनु कटियार, 92 .4 फीसदी अंक



गुनगुन गुप्ता, 92 .2 फीसदी अंक



देवांश त्रिवेदी, 92 फीसदी अंक



सुष्मिता सैनी, 91 .2 फीसदी अंक

# आग लगाने के मामले में दंपति के बीच हुई सुलह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर कोतवाली क्षेत्र के गिगटहा गांव का चर्चित मामला

अमृत विचार। बीते माह गिगटहा गांव में महिला व पति के झुलसने व एक दूसरे को जलाने के मामले में दोनों में कोतवाली में सुलह हो गई। बुधवार को दोनों कोतवाली पहुंचे जहां साथ रहने को तैयार हो गये।

सदर कोतवाली के गांव गिगटहा निवासी रोहित कटियार का पत्नी सुनीता से विवाद चल रहा था। इसी बीच आठ अप्रैल को दंपति जलकर घायल हो गये थे। रोहित गंभीर रूप से व पत्नी सुनीता मामूली झुलस गई थी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनों ने पुलिस को तहरीर देते हुए एक दूसरे पर पेट्रोल डाल कर जलाकर मार डालने की कोशिश के आरोप लगाये थे। रोहित ने कहा था कि वह खेत से घर पहुंचा तो दरवाजे की ओट में खड़ी पत्नी सुनीता ने उसके पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी। बचने को घर से बाहर के लिये भागा तो उसे पकड़ कर कमरे में बंद करने का प्रयास किया जिससे वह भी मामूली झुलस गई। पत्नी सुनीता ने पति पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच भी की थी पर किसी पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। कुछ दिन जिला अस्पताल में इलाज से पत्नी ठीक हो गई जब कि पति की हालत खराब हो गई। बहन उसे लखनऊ लेकर चली गई । उसका इलाज अभी चल रहा है। बुधवार को अपनी बहन के साथ रोहित व पत्नी सुनीता अपनी बहन के साथ सदर कोतवाली पहुंचे। यहां घंटों चली पंचायत के बाद दोनों ने सुलह करली।

# आश्वासन के बाद भी नहीं दूर हुई कृष्णानगर मोहल्ले की दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के कृष्णा नगर मोहल्ले में विकास कार्य न होने से शुरू हुए मतदान बहिष्कार के बाद अधिकारियों विकास कराने के आश्वासन दिये थे। नगर पालिका को फागिंग समेत डस्टबिन रखवाने को कहा था पर ऐसा नहीं हुआ। इसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम सदर को ज्ञापन दिया।

बुधवार को मोहल्ला कृष्णानगर का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीम सदर अविनाश गौतम से मिला। लोगों ने ज्ञापन सौंप कर मोहल्ले की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें कहा गया कि मोहल्ले के लोगों के लिये बने रास्ते पर दीवार खड़ी कर रास्ते पर अतिक्रमण कर दिया गया है। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। इसी तरह की अन्य समस्याओं की जिक्र किया गया है। कहा कि आश्वासन दिए जाने के बाद भी मोहल्ले में न तो डस्टबिन रखवाए गए और न ही फॉगिंग कराई गई। मामले को संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी ने अतिरिक्त टीम गठित कर मोहल्ले का बंद रास्ता खुलवाए जाने व अन्य विकास कार्य प्राथमिकता पर करवाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान गिरीश चंद्र दुबे, प्रवीण मिश्रा, लोकेश कुमार तिवारी, रितेश चतुर्वेदी, राजेश यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।



एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम को ज्ञापन सौंपते मोहल्ले के लोग।

- विकास कार्य न होने से किया था मतदान का बहिष्कार

## शादी का झांसा देकर लाखों की टप्पेबाजी

छिबरामऊ, कन्नौज। शादी कराने का झांसा देकर हरियाणा के युवक से लाखों रुपये की टप्पेबाजी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने टप्पेबाजों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

हरियाणा के महेंद्र गढ़ निवासी संदीप सिंह पुत्र राजवीर सिंह की इलाके के रहने वाले एक युवक से मुलाकात हुई। युवक ने संदीप को पैसा खर्च कर शादी कराने का झांसा दिया और छिबरामऊ बुला लिया। संदीप एक लाख तीस हजार रुपये लेकर छिबरामऊ आ गया और युवक से फोन पर सम्पर्क कर बुला लिया। युवक संदीप से रुपये लेकर रफूचक्कर हो गया। काफी देर तक युवक का इंतजार करने के बाद जब सम्पर्क नहीं हुआ तो उसने अपने को ठगा महसूस किया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने टप्पेबाज की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन ठग का पता नहीं चला।



मौके पर पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद ने कोतवाल से ली जानकारी।

# बाइक सवार लुटेरे अनुदेशिका का पर्स छीनकर हुए फरार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र लालकपुर में पूनम मिश्रा अनुदेशक के पद पर तैनात हैं। सुबह 10 बजे के करीब पूजा मिश्रा कार्यालय से पैदल नगर में आ रही थी। सेंट पौल स्कूल के पास बाइक सवार दो लुटेरे उनका पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में नकदी, मोबाइल, एटीएम कार्ड के अलावा अन्य कागजात भी थे घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। लूट की सूचना पर पुलिस महकमा भी सकते में आ गया और घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने मौके पर पहुंच कर लूट की घटना की जानकारी ली और लुटेरों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान गई, पांच गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया।

बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिलमिलया निवासी मान सिंह का 28 वर्षीय पुत्र ज्ञानेंद्र अपनी 25 वर्षीय पत्नी शशि को साथ लेकर बाइक से अलीगंज दवाई लेने के लिए जा रहा था। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम प्रेमपुर के पास किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया।

यहां चिकित्सक ने ज्ञानेंद्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर हालत होने पर पत्नी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में ग्राम टीका नगला निवासी 20 वर्षीय कौशल पुत्र दीनदयाल गांव के बाहर दुकान से कुछ सामान खरीद कर वापस घर जा रहा था।

इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार चार लोगों की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और कौशल की बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। सभी घायलों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर कौशल को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि अन्य दूसरी बाइक पर सवार चार लोगों का उपचार सौ शैया अस्पताल में जारी है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।




- अज्ञात वाहन तथा बाइक की टक्कर से हुए हादसे

# उफ गर्मी ! दोपहर होते ही सड़कों पर पसरा सन्नाटा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज,

**अमृत विचार।** पिछले एक पखवाड़े से सूर्य के तेवर लगातार तल्ख होते जा रहे हैं। सूरज की तपिश के चलते दोपहर के समय सड़कों पर अंगारे बरसने का अहसास हो रहा है। जरूरी कामों से निकलने वाले लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। बचाव के लिए अंगौछा, चश्मा, कैप आदि का प्रयोग कर रहे हैं। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आता है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 41, तो न्यनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे दिन ही नहीं बल्कि रात में भी लोगों को राहत नहीं मिली। पंखे और कूलर भी बेअसर होते नजर आए। गर्मी की मार लोगों को बीमार भी बना रही है। इन दिनों निजी व सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन डायरिया के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। आग उगलता मौसम अब कहर बनने लगा है। तापमान बढ़ने से हवा अब लू का रूप ले चुकी है। धूप और गर्मी के प्रकोप से मनुष्य ही नहीं, पशु-पक्षी भी त्रस्त है। पशु-पक्षी हैंडपंप और नल की टोटियों से टपकती बूंदों से गला तर करते नजर आ जाते हैं। राहत पाने के लिए छायादार और ठंडे स्थानों की तलाश में भटकते रहते हैं। लोगों का कहना है कि अभी तो मई महीना चल रहा है। इसके बाद जून के दिन भी आएंगे। इसमें लू-लपट से जनजीवन बेहाल हो जाएगा।

# महिला की हत्या कर शव गांव के बाहर तालाब में दफना दिया

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तालाब की जलकुंभी में फंसा मिला शव, गांव के लोगों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** गांव के बाहर तालाब में महिला का शव दफ़नाए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने पति पर ही महिला की हत्या कर शव दफनाने का आरोप लगाया है। आरोपी पति व ससुरालीजन फरार हैं।



शीलू।

मंगलवार की देर रात ठठिया थाना क्षेत्र के कौलेपुर्वा गांव के बाहर तालाब में एक महिला का शव दफ़नाए जाने की पुलिस को सूचना मिली। हरकत में आई पुलिस ने बुधवार तड़के करीब तीन बजे गांव के बाहर स्थित तालाब के पास दफ़नाए गए शव को जलकुंभी से बाहर निकलवाया और गांव के लोगों से शिनाख्त कराई। शिनाख्त गांव निवासी शीलू दोहरे की पत्नी निक्की के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि शीलू की शादी डेढ़ महीना पहले बिहार के पूर्णिया जनपद के बरारा थाना क्षेत्र के कलम्बा गांव निवासी निक्की (20) के साथ हुई थी। आए दिन पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। आरोप लगाया कि उसी विवाद के चलते उसके पति ने हत्या कर शव को तालाब मे दफना दिया है। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतका के पति समेत अन्य ससुरालियों की तलाश की जा रही है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि घटना करीब तीन दिन पहले की है। शव बरामद होने की जानकारी मिलते ही ससुराली घर छोडकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

बिगड़ी व्यवस्था

रोडवेज बसों के लोकसभा चुनाव में जाने से यात्रियों को दिक्कत, गर्मी में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नहीं लगवाए अतिरिक्त कोच

# लंबी दूरी की ट्रेनें हुईं अधिक, पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ गई भीड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इत्र और इतिहास की नगरी से यूं तो 35 से अधिक ट्रेनें प्रतिदिन गुजरतीं हैं, लेकिन यात्रियों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। लंबी दूरी की ट्रेनें अधिक व लोकल ट्रेनों की संख्या कम होने से डिब्बों में क्षमता से अधिक सवारियां जा रहीं हैं। चुनाव और गर्मी में भीड़ अधिक होने के बाद भी रेलवे प्रशासन ने अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था नहीं की है।

दो दिन पहले यहां बांद्रा से लखनऊ जा रही साप्ताहिक ट्रेन के जनरल कोचों का बुरा हाल दिखाई दिया। हालांकि जब यही ट्रेन बांद्रा के लिए निकलती है तो कोचों का हाल और भी बुरा हो जाता है। रिजर्वेशन तक में जनरल जैसी भीड़ होती है।

कानपुर-फर्रुखाबाद रेल खंड का विस्तारीकरण मथुरा जंक्शन तक कर दिया गया है और मुंबई, गुजरात, कोलकाता व दिल्ली के लिए कई सुपरफास्ट व एक्सप्रेस गाड़ियां चलाईं जा रहीं हैं। इन ट्रेनों में आरक्षित कोच अधिक होते हैं, तो सामान्य महज चार या इससे कम ही लगाए जाते हैं। ऐसे में इनमें हमेशा ही भीड़ रहती है। दूसरा कारण यह है कि इन ट्रेनों का ठहराव कम ही स्टेशनों पर होता है, जिससे लोकल यात्री इनसे यात्रा कम कर पाते हैं। यात्री ट्रेनों की संख्या छह है, जो काफी देर बाद चलतीं हैं।

ऐसे में इन ट्रेनों के सभी कोच में सवारियां भूसे की तरह भरीं रहतीं हैं। भिवानी से प्रयागराज तक जाने वाली कालिंदी एक्सप्रेस भी फर्रुखाबाद से लोकल की तरह चलती है, इस कारण उसमें भीड़ अधिक रहती है। तीसरा कारण है कि कन्नौज डिपो में 62 बसों का बेड़ा है, जिसमें करीब 45 बसें लोकसभा चुनाव में पुलिस फोर्स को लेकर गैर जनपदों को गईं हैं। कमोवेश यही हाल हर डिपो है, जिससे इस समय जीटी रोड पर भी रोडवेज बसें कम दिखाई पड़ रहीं हैं। ऐसे में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।



स्टेशन पर खड़ी ट्रेन व भीड़। अमृत विचार



गर्मी और चुनाव को देखते हुए कानपुर-मथुरा रेलखंड पर समर स्पेशल गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है, जिससे काफी हद तक स्टेशनों पर भीड़ कम हुई है। मेमू ट्रेन चलाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है, जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी।

-राजेंद्र सिंह, जनसंपर्क अधिकारी - पूर्वोत्तर रेलवे



कानपुर से फर्रुखाबाद तक दैनिक यात्रियों के लिए मेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव उन्होंने जोनल स्तरीय रेलवे की बैठक में दिया था। इस बारे में फिर से एक रिमाइंडर भेजा जाएगा और जल्द ही कानपुर-फर्रुखाबाद रूट पर लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़वाई जाएगी।

-राज शर्मा, सदस्य – जोनल रेलवे परामर्शदात्री समिति

## कन्नौज से गुजरनें वालीं प्रमुख ट्रेनें

09183-बनारस-मुंबई एक्सप्रेस समर स्पेशल, 22532-छपरा सुपरफास्ट लोकनायक एक्सप्रेस, 14152-कासगंज-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस, 22444-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 19669-पाटलिपुत्र हमसफर एक्सप्रेस, 19409-गोरखपुर एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 19401-लखनऊ एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 19715-गोमती नगर-जयपुर एक्सप्रेस, 14118-कालिंदी एक्सप्रेस (प्रतिदिन), 19615-कामाख्या कविगुरु एक्सप्रेस, 04815-मऊ-अहमदाबाद एक्सप्रेस समर स्पेशल, 05635-गुवाहटी सुपरफास्ट समर स्पेशल, 20921-लखनऊ जंक्शन साप्ताहिक एक्सप्रेस, 13168-कोलकाता गंगासागर एक्सप्रेस, 04134-फर्रुखाबाद-कानपुर पैसेंजर, 15084-उत्सर्ग एक्सप्रेस, 05380-कासगंज-लखनऊ पैसेंजर, 12320-कोलकाता सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 05344-फर्रुखाबाद-कानपुर अनवरगंज पैसेंजर, 15040-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस, 09185-मुंबई-कानपुर अनवरगंज समर स्पेशल, 15038- कासगंज-कानपुर अनवरगंज इंटरसिटी, 04146-फर्रुखाबाद-कानपुर अनवरगंज पैसेंजर

### मेमू ट्रेन चलाने की योजना नहीं हो पाई साकार

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के अधिकारियों ने कानपुर सेंट्रल से फर्रुखाबाद जंक्शन तक मेमू ट्रेन चलाने की योजना विद्युतीकरण के बाद ही तैयार कर ली थी। फरवरी में रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने जल्द मेमू ट्रेन चलाने की बात कही थी। दैनिक यात्रियों ने भी एडीआरएम से शिकायत कर लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की थी और ज्ञापन भी दिया था। अभी तक मेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे प्रशासन के ठंडे बस्ते में पड़ा है।

## एक नजर

### युवजन सभा के प्रदेश सचिव पार्टी से निकाले गए

**फर्रुखाबाद।** 13 मई को जिले में हुए लोकसभा चुनाव में दिलचस्पी न दिखाने



पर युवजन सभा के प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। गांव सिरौली के रहने वाले जितेंद्र सिंह को इस संबंध में युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अवगत करा दिया है।

### दबंगों ने दुकानदार को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जिला जेल चौराहा पर पापड़ी की दुकान पर खड़ी बाइक हटाने के लिए कहना युवक को भारी पड़ गया। बाइक हटाने की कहने पर दबंग हमलवार हो गए। जैसे ही बाइक हटाने के लिए युवक ने कहा बैसे ही दोनो दबंग युवक के साथ मारपीट करने लगे। बेखौफ दबंगों ने युवक की भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जमकर पिटाई की। दबंगों ने युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। किसी की हिम्मत नहीं पड़ी दबंगों के सामने युवक को बचाने की। दबंग युवक एक सभासद के रिश्तेदार बताये गए है।

### डीएम की मौजूदगी में शराब की दुकानें आवंटित

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये विदेशी मदिरा की 02 फुटकर दुकानों के लिए ई लॉटरी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। जिसमें 2 दुकानों के लिये कुल 40 आवेदन प्राप्त हुये। इसमे रूनी की दुकान का आवंटन विमलेश कुमार व सुल्तानगंज खरैटा का आवंटन सीमा यादव को हुआ। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी व आवेदनकर्ता मौजूद रहे।

### दबंगों ने दंपति को पीटा दोनों गंभीर रूप से घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव सलेमपुर दूदेमई निवासी नवी मोहम्मद को घायल अवस्था मे पुलिस अस्पताल मे इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए लेकर आई। जहां उन्होंने बताया कि वह व उसकी पत्नी नूरजहां घर के बाहर खड़े थे। तभी गांव का ही एक आरोपित शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने व उसके 3-4 अज्ञात साथियों उसे व उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। चीखपुकार पर आस पास के लोगों ने बचाया। आरोपित भाग गया।

# लेनदेन को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल मदनलाल। अमृत विचार

**फर्रुखाबाद।** थाना शमसाबाद क्षेत्र के मोहल्ला नगला धनी निवासी वेदराम के पुत्र मदनलाल का गांव के ही शिवपाल, प्रदीप, शरमन से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। तभी मदनलाल को इन सभी दंबगों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मदनलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर मदनलाल का मेडिकल परीक्षण किया गया। डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया है। ड्यूटी पर तैनात डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया। कि मारपीट के मामले में घायल मदनलाल को लाया गया है। उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

# तपिश से उल्टी, दस्त और डायरिया के मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



डायरिया से पीड़ित बच्चे को देखते डा. अनूप दीक्षित। अमृत विचार



लोहिया में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी का कहर जिले में जारी है। पारा 41 डिग्री पहुंचने से गर्मी की तपिश से लोग तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा कष्ट बच्चों को है। गर्मी की वजह से उल्टी, दस्त और डायरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में प्रतिदिन 50 से अधिक बच्चे डायरिया से पीड़ित आ रहे हैं। दूसरी तरफ तेज धूप की वजह से बुधवार को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप दीक्षित का कहना है कि इस समय गर्मी ज्यादा पड़ रही है। सबसे ज्यादा बच्चे दस्त, उल्टी और डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं।

- **लोहिया अस्पताल में प्रतिदिन 50 बच्चे आ रहे उल्टी और डायरिया से पीड़ित**

उन्होंने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए बच्चों को उचित मात्रा में पानी पिलाएं। धूप में कम घूमें। गर्मी में चल कर आए तो तुरंत पानी न पिएं। बाहर का एवम रखा हुआ खाना न खाएं। अगर बच्चे को उल्टी ,दस्त की शिकायत हो तो उसे तत्काल निकट के सरकारी अस्पताल में ले जाकर दिखाएं। डॉ अनूप दीक्षित ने बताया कि मौजूदा समय में पारा 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। आसमान से आग बरस रही है और गर्म हवाएं चल रही है। गर्म हवाओं की वजह से लोगों के अंदर पानी की कमी हो रही है, जिससे उनके होंठ सूखने लगते हैं। तेज बुखार आ जाता है। उल्टी आने लगती है। ऐसे में उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाएं और उनका उपचार कराएं। ऐसे लक्षण दिखते ही रोगी को शीतल पेय पदार्थ दे। डॉ अनूप दीक्षित का कहना है कि गली-गली में ठेली वाले सस्ती बर्फ बेच रहे हैं। यह बर्फ स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। इसे खाने के बाद बच्चे उल्टी, दस्त का शिकार हो जाते हैं। कभी-कभी तो फूड प्वाइजनिंग की वजह से उनकी जान तक चली जाती है। उन्होंने लोगों से मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# बार के पूर्व सचिव संजीव पारिया की 10 करोड़ की सम्पत्तियां कुर्क

## अब तक 46 करोड़ की संपत्ति की हो चुकी है कुर्की, गैंगस्टर मामलों में हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर जिला जेल में बंद बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की बुधवार को दस करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली गई। इसमें दो करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति कन्नौज जिले में है। अब तक संजीव पारिया की 46 करोड़ की सम्पतियां कुर्क की जा चुकी हैं। संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई तहसीलदार श्रद्धा पांडेय ने की।

तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने पत्रकारों को बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गैंगस्टर अधिनियम के तहत संजीव पारिया के खिलाफ दर्ज मामलों में डीएम ने उसकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय को प्रशासक नियुक्त किया था। इसके तहत बुधवार को तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने कार्रवाई करते हुए टीम के साथ संजीव पारिया की चार संपत्तियां कुर्क की हैं। जिसमें भोलेपुर स्थित एक प्लाट, मोहल्ला गढ़ी स्थित एक प्लांट एवं मोहल्ला बजाजा स्थित दो संपत्तियां जिसमें चार दुकानें शामिल हैं, कुर्क की हैं। तहसीलदार ने नगर पालिका के टीम के साथ पहुंचकर दुकानों को खाली कराकर सीज कर दिया और नोटिस चस्पा कर दिया है। कुर्क की गई सभी संपत्तियों की कीमत लगभग 7 करोड़ 35 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है । तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि इसी ऑर्डर में जनपद कन्नौज स्थित इंटर



फतेहगढ़ के बजाजा में कुर्की करतीं तहसीलदार श्रद्धा पांडे। अमृत विचार

- **मौजूदा समय में शाहजहांपुर जेल में बंद है संजीव पारिया**
- **कुर्क की गई संपत्ति में कन्नौज स्थित इंटर कॉलेज भी शामिल**

कॉलेज भी सम्मिलित है। जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए है।

उन्होंने बताया कुल संपत्ति का जो कुर्की आदेश है उसमें लगभग 10 करोड़ की संपत्तियां निहित है। तहसीलदार सदर ने बताया कि पारिया की अनैतिक तरीके से अर्जित की गई 36 करोड़ की सम्पत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है। अब तक उसकी 46 करोड़ की सम्पतियां कुर्क की जा चुकी है। बताते चलें कि बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव संजीव पारिया मौजूदा समय में शाहजहांपुर जिला जेल में बंद है। प्रशासन की उनके विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है।

# शहर को मिला दस एमबीए का ट्रांसफार्मर

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कस्बावासियो के लिए खुशखबरी है। रुटौल बिजलीघर को 10 एमबीए का नया ट्रांसफार्मर मिल गया है। यह ट्रांसफार्मर आगरा से ट्रक में लादकर रुटौल बिजलीघर पर लाया गया। एसडीओ ने मुआयना किया। बुधवार को ट्रांसफार्मर लगने के कारण सुबह आठ बजे से देर रात तक नगर के उपभोक्ताओं को आपूर्ति नहीं मिली।

कायमगंज में लंबे समय से ओबर लोड की समस्या बनी हुई थी। मांग को देखते हुए बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों ने उनकी मांग सुनी और आगरा से ट्रक से लादकर 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर आ गया है। अभी नगर की सप्लाई के लिए बिजली घर पर 8 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगा है लेकिन अब इसकी क्षमता बढ़ेगी। नगर में चार फीडर है। बुधवार को ट्रांसफार्मर को लगाने का कार्य शुरू हो गया। एसडीओ शमीम अंसारी, लाइन मैन के साथ मौके पर पहुंचे। जहां ट्रांसफार्मर को उतारने के लिए क्रेन आदि की व्यवस्था का इंतजाम होता रहा। एसडीओ ने बताया कि



ट्रांसफार्मर पर कार्य करने के कारण बुधवार की सुबह आठ बजे से देर रात तक तक नगर के चारो फीडर की आपूर्ति बंद रही।

### ढाई केवीए क्षमता के आए 29 ट्रांसफार्मर

**कायमगंज।** नगर में करीब 100 केवीए क्षमता के करीब 29 ट्रांसफार्मर लगे है। उपभोक्ताओं की लगातार मांग क्षमता बढ़ाने की आ रही थी। इसको लेकर भी खुशखबरी सामने आई है। एसडीओ ने बताया कि इन स्थानों पर सौ केवीए की जगह ढाई सौ केवीए की क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएगे। इसके अलावा 61 ट्रांसफार्मर ढाई सौ केवीए के ग्रामीण इलाको के लिए भी आ गए है। एसडीओ ने बताया कपिल, बरझाला व कायमगंज ग्रामीण फीडर के लिए भी क्षमता बढाई जाएगी। इसके लिए 10-10 एमबीए के तीन ट्रांसफार्मर भी आएगे।

### भाकियू ने की किसानों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति की मांग

**शमसाबाद।** भारतीय किसान यूनियन कार्यालय पर बुधवार को आयोजित बैठक में किसानों को 14 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की गई। जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति की जाए। कम से कम 14 घंटे तो बिजली मिले। आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भिजवाएं। नहरों व माइनरों में पानी छुड़ाया जाए। पदाधिकारियों ने छह सूत्रीय ज्ञापन थानाध्यक्ष बलराज भाटी को देते हुए किसान दीपक गंगवार पर लगाए गए मुकदमे को हटाए जाने की मांग की। जिला महासचिव संजय गंगवार, राम मोहन दीक्षित, सलमान अहमद, नन्हेंलाल राजपूत व ऊरूज खां आदि मौजूद रहे।

# राजकीय विद्यालयों के प्रवक्ता होंगे प्रोन्नत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अधीनस्थ राजपत्रित (पुरुष शाखा) के रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए पात्रता सूची में आ रहे राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के वरिष्ठ प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों की सूचना माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 17 मई तक मांगी है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को पत्र भेज सूचना देने के निर्देश दिए हैं।

अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर कहा कि वह लोग अपने-अपने विद्यालयों से वरिष्ठ प्रवक्ताओं व सहायक

- **शासन ने गोपनीय रिपोर्ट डीआईओएस से मांगी**

अध्यापकों की गोपनीय आख्या व अन्य अभिलेख 17 मई तक हर हाल में उपलब्ध करा दें। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सभी जीआईसी के प्रधानाचार्यों को अपर शिक्षा निदेशक के निर्देश से अवगत करा दिया गया है। जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में करीब छह-सात वरिष्ठ प्रवक्ता व सहायक अध्यापक होंगे, जिनकी पदोन्नति की जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 तक सूचना मांगी गई है। न देने पर प्रधानाचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि 28 मई को पदोन्नति चयन समिति की बैठक भी होनी है।

# मथुरा स्टेशन पर मिला लापता बच्चा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव कुवेरपुर निवासी हारून खा का 13 वर्षीय पुत्र अरशान घर से कहीं चला गया। परिजनो ने काफी खोजबीन की। पता न चलने पर परिजनो ने पुलिस को सूचना दी। रातभर पुलिस भी जानकारी करती रही। बुधवार को अरशान रोते हुए फर्रुखाबाद के एक व्यक्ति को मथुरा स्टेशन पर मिला। पूछताछ में बच्चे ने अपने को कुबेरपुर का बताया। उस व्यक्ति ने कायमगंज अपने परिचित को काल कर जानकारी दी। तब बात पुलिस के संज्ञान में आई। इस पर अरशान को ट्रेन पर बैठाया गया और परिजन उसे कायमगंज स्टेशन से घर लाए। बच्चे के मिलने पर कसबा चौकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी ने घर पहुंच कर बच्चे की जानकारी ली। परिजनो ने बताया बच्चा ट्रेन में मथुरा चला गया था।

# सपा पदाधिकारी ने स्वीकारा भितरघात हुई

**फर्रुखाबाद।** जिले में हुए चुनाव के बाद सपा के पदाधिकारियो ने चुनाव में शिथिलता बरतने के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ना शुरू कर दिया है। पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव मोहम्मद युनुस अंसारी ने पार्टी के पदाधिकारियो को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि मतदान के दिन जो जिम्मेदार लोग थे, उन्होंने पार्टी प्रत्याशी की कश्ती बीच भंवर में ही छोड़ दिया। युनुस अंसारी ने कहा कि इसके बाद भी मतदाताओं ने सपा का साथ नहीं छोड़ा और खुद मतदान केंद्रों पर जिम्मेदारी संभाल कर अपना मत सपा को दिया।

सपा के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव का कहना है कि मतदान के दिन जब उन्होंने मतदान केंद्रों का दौरा किया तो सदर विधानसभा

- **सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव युनुस अंसारी ने लगाए आरोप**
- **कहा, कई मतदान केंद्रों पर न तो बस्ते लगे और न थे पदाधिकारी**



युनुस अंसारी

क्षेत्र में ही 35 मतदान केंद्रों पर पार्टी का उन्हें बस्ता नहीं लगा मिला और न ही इन पर उन्हें सपा का कोई एजेंट मौजूद मिला। इसके लिए उन्होंने पदाधिकारियो को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि जो पदाधिकारी चुनाव से पहले यह वादा करते थे कि वह विधानसभा से लेकर बूथ तक कार्यकर्ताओं को लगा चुके हैं और चुनाव लड़ने की पूरी तरह से व्यवस्था कर चुके हैं। उन पदाधिकरियो का खुद कहीं अता-पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष यहां बड़ी-बड़ी बातें करके गए थे। 3 महीने तक यहां कैंप भी किया। इसके बाद जिस दिन चुनाव हुआ उस दिन उनका कोई भी पदाधिकारी मतदान केद्रों पर नहीं मिला।

मोहम्मद युनुस अंसारी ने कहा कि डॉ.नवल किशोर के साथ पार्टी के दिग्गजों ने मिलकर धोखा किया है। 10 साल से कोई विकास कार्य न होने पर मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में जमकर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि सपा ने चुनाव के बाद समीक्षा की जिसमें शाक्य, यादव और मुस्लिम मतदाताओं का ध्रुवीकरण सपा के पक्ष में दिखा। इस वजह से सपा की जीत को कोई रोक नहीं सकता। लेकिन पार्टी के जिन दिग्गज नेताओं ने चुनाव के दिन पार्टी और प्रत्याशी के साथ भितरघात किया है, उसके लिए उन्हें सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा जरूर दंडित किया जाना चाहिए।

## सार-संक्षेप



लोहिया अस्पताल में फल बांटते भाकियू नेता। अमृत विचार

### महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल

**फर्रुखाबाद।** भाकियू नेता महेंद्र टिकैत की पुण्यतिथि पर भाकियू टिकैत गुट नेता बुधवार को जिला अस्पताल लोहिया में पहुंच रोगियों को फल वितरित किये। इस दौरान उन्होंने मरीज की शिकायत पर सीएमएस को बुला कर रोगी के परिजन से रूबरू कराया। इस दौरान भाकियू मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, प्रवक्ता अजय कटियार, मुन्ना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



लोहिया अस्पताल में हंगामा करते बंदीरक्षक।

### साथी की मौत से गुस्साए बंदीरक्षकों का हंगामा

फर्रुखाबाद। जिला जेल में कार्यरत बंदी रक्षक की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। साथी की मौत से गुस्साये बंदीरक्षकों ने जमकर हंगामा किया और जेल अधीक्षक पर आरोप लगाया कि वह बंदीरक्षकों के साथ गालीगलौज करते है। उन्होंने कहा कि बंदी रक्षक जगदीश कई दिन से बीमार था। उसे छुट्टी नहीं दी गई। बुधवार को जब उसकी मौत हो गई तो उसके शव को घर भेजा जा रहा था। हंगामे के बाद शव को लोहिया अस्पताल भेज दिया गया। जिला जेल में कार्यरत बंदीरक्षक गिरीश चंद्र, रोहिताश शर्मा, नवनीत कुमार, रवि कुमार सहित दर्जनों ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बताया कि जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद बंदीरक्षकों से बहुत ही खराब व्यवहार करते हैं। उनकी ड्यूटी जेल में न लगाकर अपने बंगले पर लगाते हैं। बंदी रक्षको ने आरोप लगाया की बंदी रक्षक जगदीश (56) पुत्र रामसहाय निवासी जालौन कई दिन से बीमार चल रहा था। वह लगातार छुट्टी मांग रहा था, लेकिन जेल अधीक्षक ने छुट्टी नहीं दी। आज उसकी हालत बिगड़ने से जब मौत हो गई तो जेल अधीक्षक शव को एंबुलेंस से उसके घर भेजने लगे। इसे लेकर सभी बंदी रक्षको ने हंगामा किया। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद का कहना है कि बंदी रक्षक जगदीश ने सुबह अपनी पत्नी के साथ बैठकर खाना खाया और सीने में दर्द की शिकायत की तो उसे रेस्ट करने के लिए घर भेज दिया गया। बंदी रक्षक को तत्काल प्रभाव से डॉ. केएम द्विवेदी नर्सिंग होम में लाया गया जहां उन्होंने एक टेस्ट करने को बताया। टेस्ट के दौरान ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बंदी रक्षको द्वारा लगाए गए आरोप एकदम निराधार हैं।

**बदहाली** स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चार साल से खेल प्रशिक्षक नहीं

# प्रशिक्षक न होने से निखर नही पा रहीं जिले की प्रतिभाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चार साल से खेल प्रशिक्षक नहीं हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से स्टेडियम का उच्चीकरण तो करा दिया, लेकिन प्रशिक्षकों की नियुक्ति अभी तक नहीं हो सकी है। मौजूदा समय में सिर्फ तीन खेलों के ही कोच हैं। एथलेटिक्स में खिलाड़ी तो पंजीकृत हैं, लेकिन कोच न होने से वह अपने आप ही अभ्यास करने को मजबूर हैं। जिम्मेदार यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि जल्द ही प्रशिक्षकों की मांग की जाएगी।

वर्ष 2020 में कोरोना के चलते स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में हॉकी, बालीवाल, बैडमिंटन व क्रिकेट आदि खेलों के कोचों का नवीनीकरण नहीं किया गया।

- **मांग की बात कह प्रशिक्षक झाड़ रहे पल्ला**

| खेल | पंजीकृत खिलाड़ी |
|---|---|
| क्रिकेट | 22 |
| हाकी | 30 |
| बाक्सिंग | 30 |
| एथलेटिक्स | 22 |

वर्ष 2021 में आउटसोर्सिंग से क्रिकेट कोच अमिताभ पान की नियुक्ति हुई, लेकिन इसके बाद कोई कोच नहीं मिला। तत्कालीन जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने वर्ष 2022 में आउटसोर्सिंग पर वालीबाल, बाक्सिंग, फुटबाल, वेटलिफ्टिंग व हाकी कोच के लिए खेल निदेशालय लखनऊ पत्र भेजा गया, लेकिन कोच नहीं मिले। वर्ष 2023 में खेलो इंडिया के तहत हॉकी कोच सत्यम मिश्रा और आउटसोर्सिंग पर बॉक्सिंग कोच अथक पटेल की नियुक्ति की गई तो क्रिकेट कोच अमिताभ पान का नवीनीकरण किया गया। यही तीनों कोच स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मौजूदा समय में एथलेटिक्स के करीब 22 खिलाड़ी पंजीकृत हैं, लेकिन कोच की तैनाती न होने से वह खुद ही अभ्यास करने को मजबूर हैं।

### खिलाड़ियों से लिया जाता शुल्क

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में पहली बार रजिस्ट्रेशन कराने पर 18 साल से ऊपर इनडोर व आउटडोर खेल के खिलाड़ी से 1310 रुपये शुल्क लगता है। इसके बाद इनसे प्रतिमाह 300 रुपये लगते हैं। वहीं 18 साल से नीचे आयु वर्ग के खिलाड़ी को प्रतिवर्ष 60 रुपये पंजीकरण शुल्क देना होता है।



"एथलेटिक्स, वालीबॉल, बैडमिंटन, जिम ट्रेनर और फुटबॉल आदि खेल प्रशिक्षकों के लिए खेल निदेशालय को जल्द ही पत्र भेजेंगे। चुनाव बाद उच्चीकृत स्टेडियम हैंडओवर करवाकर भारोत्तोलन भवन व बैडमिंटन हॉल आदि खुलवाया जाएगा।

– आरएन सिंह, उप निदेशक, खेल विभाग

**5.14 करोड़ खर्च के बावजूद खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं:** खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2018 में शासन ने स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम के उच्चीकरण के लिए 5.14 करोड़ का बजट मंजूर किया था। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को दी गई थी।

इसके तहत स्टेडियम में बैडमिंटन हॉल, वालीबॉल कोर्ट और वेटलिफ्टिंग हॉल आदि का निर्माण कराया था। वेटलिफ्टिंग के लिए करीब 90 लाख की लागत से जिम मशीनें भी खरीदी गई थीं। उद्देश्य था कि उच्चीकरण होने से बैडमिंटन, वालीबॉल, वेटलिफ्टिंग और फुटबॉल आदि के कोच मिल जाएंगे। मगर अभी तक कोच मिलना तो दूर, उच्चीकरण स्टेडियम तक हैंडओवर नहीं हो सका है।

# सिलेंडर में लगी आग, महिला बची

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दत्तूनगला में एक घर में सिलेंडर में आग लगने से महिला बाल बाल बच गई। मशक्कत के बाद दौड़े किरायेदार ने आग पर काबू पाया। इससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

मोहल्ला दत्तूनगला सूरजपाल की पत्नी सरोज ने खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस जलाई। अचानक वहां रखे सिलेंडर में आग लग गई। महिला की चीखपुकार सुन कर उनके किरायेदार केपी सिंह परिजनो के साथ मौके पर दौड़े और सिलेंडर में लगी आग को कपड़ा गीला कर बुझाया और सरोज को बचाया। आसपास के लोग भी खबर मिलते ही वहां पहुंच गए और सभी ने मिल कर सिलेंडर को मिट्टी में दबाया। लोगो का कहना है यदि सिलेंडर में लगी आग को समय पर न बुझाया जाता तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका की सोच संकीर्ण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए समझौते से अमेरिका की बेचैनी समझी जा सकती है। अमेरिका कभी नहीं चाहता कि दुनिया का कोई भी देश ईरान के साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध रखे। इसलिए भारत ने सोमवार को ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए तो अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने तक की धमकी दे डाली। अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ईरान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों तक अपनी पहुंच आसान बनाने के लिए चाबहार पोर्ट पर एक टर्मिनल विकसित कर रहा है। ईरान के साथ इस समझौते को चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफगानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। ऐसे समय पर जब भारत हमास के खिलाफ जंग में रणनीतिक रूप से इजराइल का साथ दे रहा है और एक समझौते के तहत फिलिस्तीनियों की जगह इजराइल में भारतीय कामगारों को भेज रहा है, चाबहार समझौता अवसर है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रिश्तों को नए सिरे से संतुलित करे। चाबहार बंदरगाह दक्षिण-पूर्वी ईरान में ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी समुद्र तक सीधी पहुंच है।

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। अभी भारत को एक ऐसी उभरती हुई शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। यानी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

# राजनीति के मौजूदा मिजाज को प्रतिबिंबित करता मीडिया



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी।

राजनीतिक पत्रकारिता का मिजाज पिछले 50 साल में खासतौर से इमरजेंसी खत्म होने के बाद से बदला है। दो साल तक तो यह बढ़िया रहा, लेकिन देश में संघीय सरकार से संबंधित राजनीति का स्तर गिरता गया। साथ ही पार्लियामेंट की रोजमर्रा की कार्रवाई में अधिकांश सांसदों द्वारा की गई बहस की निम्न स्तरीयता के कारण भी स्तर गिरता गया। प्रांतीय पॉलिटिक्स और राजनीतिक शासन का स्तर तो और भी नीचे गिरा। मीडिया ने इसकी बढ़िया आलोचनात्मक कवरेज की और देशवासियों को नियमित तौर से जागरूक और सचेत ही नहीं किया, बल्कि आमजन को राजनीति के प्रति विवेकशील भी बनाया।

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी। मीडिया रिपोर्टिंग तो जो हो चुका है उसका प्रतिबिंब मात्र है, लेकिन एक पहलू और है, यह है पॉलिटिकल विचार और राजनेताओं के बयानों और भाषणों की व्याख्या का कंटेंट जेनेरेट करना और इसे समाचार में समाहित करना। समाचार पत्रों में संपादकीय विभाग की यह मॉडर्न पॉलिसी जाहिरा तौर से अमेरिकन मीडिया से सत्तरादी दशक में वाटरगेट कांड से शुरू हुई थी जिसकी क्षीण सी यादें अभी जिंदा हैं।

इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की शुरुआत भी हम अमेरिकन मीडिया से ही मान सकते हैं जब अमेरिकन पार्लियामेंट ने फ्रीडम ऑफ द इनफार्मेशन एक्ट, 1967 पास किया था। वार कोरेस्पोंडेट्स और चुनाव कॉरेस्पोंडेंन्ट्स के रिपोर्टिंग स्टाइल में कोई खास फर्क मुझे इसलिए नजर नहीं आता कि दोनों में 'ह्यूमन इंटरेस्ट' अर्थात् मौलिक मानव प्रवृत्ति और रुचिकर जानकारी का तत्व काफी मात्रा में शुमार करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है और लोग इस चटपटे मसाले को चाव से पढ़ते हैं। यह 1880 और 1980 के जर्नलिज्म से काफी भिन्न है, खास तौर से पॉलिटिशियंस आधुनिक जर्नलिज्म के तीखे तेवर और इन्वेस्टिगेटिव तत्व से हल्का-सा आतंकित भी रहते हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान पॉलिटिकल रिपोर्टर्स के स्टाइल ऑफ रिपोर्टिंग का महत्व बढ़ जाता है। मीडिया एनालिस्ट्स इसकी खूब पहचान रखते हैं। मीडिया और पॉलिटिकल दिग्गजों में 'दूर की दोस्ती' किसी और मतलब से होती है अर्थात् कुछेक बड़े पत्रकार एथिक्स नहीं छोड़ते और न्यूज कंटेंट में किसी तरह की ढील भी नहीं बरतते और न ही इसे एक मुलम्मा चढ़ाकर पेश करते हैं। ऐसा इसलिए कि ये जिस मीडिया हाउस से संबंध रखते हैं, उसकी समृद्ध साख या 'रेपुटेशन' होती है और वह इन पत्रकारों की कार्यशैली और पृष्ठभूमि से बनती है।

ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के जिन अखबारों ने पिछले दो दशक में देश में अपनी प्रसार संख्या बढ़ाई है, इन्होंनें ट्रेडिशनल जर्नलिज्म को हल्का और समझौता-परक ही किया है। बेशक इनमें से किसी के 60 संस्करण आज छपते हैं और इनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने से पॉलिटिकल गवर्नेंस में इनकी साख भी बड़ी हो गई है। खेद है कि मीडिया स्टडीज करने वाले विश्वविद्यालयों के सीनियर प्रोफेसर्स और मीडिया अध्ययन संस्थानों द्वारा जर्नलिज्म में इस बदलाव पर कम ही रिसर्च होती है और ऐसे पेपर्स देखने-पढ़ने को अब अधिक संख्या में और नियमित तौर से नहीं मिलते हैं जैसे दो दशक पहले मिला करते। 'विदुर' पत्रिका बंद हो गई, लेकिन 'सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपिंग सोसाइटीज' की 'प्रतिमान' और 'स्टडीज इन इंडियन पॉलिटिक्स' पत्रिकाओं ने इस परंपरा को चालू रखा है। असल में मीडिया इंडस्ट्री के लिए वित्त का 'फाउंटेन हेड' क्रिटिकल पॉलिटिकल जर्नलिज्म है जिसके प्रति मालिक और स्पेशल कॉरेस्पोंडेंन्ट्स अत्यंत सचेत रहते हैं। यह अलग बात है कि कुछेक बार ये दोनों, अर्थात् अखबार का मालिक और इनका एग्जीक्यूटिव एडिटर, पॉलिटिकल गवर्नेंस की धारा को भी बदल देने की हिम्मत रखते हैं। अरुण शौरी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले की नाजायज तरीके से धन उगाहने की प्रवृत्ति पर 'इंदिरा गांधी एज कॉमर्स' नाम से एक लेखमाला इंडियन एक्सप्रेस में दी थी। इसे तीन किस्तों में तीन दिन तक छापा गया था। अरुण शौरी ने इसके लिए बहुत समय लगाकर और अपने स्रोतों से अकाट्य साक्ष्य जुटाकर अखबार के मालिक रामनाथ गोयनका से सहमति लेकर इसे प्रकाशित किया था। इंदिरा गांधी इस लेखमाला को लेकर अंतुले पर बहुत कुपित हुई थी और तुरंत प्रभाव से अंतुले का इस्तीफा मांग लिया था। ऐसा जर्नलिज्म अब कहां?

प्रिंट मीडिया में एक माध्यम, जैसे कि एक समाचार पत्र, की साख प्रसार संख्या या प्रिंट आर्डर से नहीं बनती और न ही इस अवधारणा से कि विज्ञापन से मिलने वाला रिवेन्यु इसे बहुत अच्छी वित्तीय स्थिति प्रदान करता है, बल्कि इससे कि अमुक अखबार 'कैसा' जर्नलिज्म करता है। अमूमन, क्रिटिकल और तीखे तेवर वाले अखबार अधिक पसंद किए जाते हैं। कुछ नए अखबारों की सर्कुलेशन फिगर्स तो ऑडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन (एबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध नहीं हैं। अर्थात् एबीसी द्वारा मान्य एक न्यूनतम क्राइटेरिया या औकात तक अभी ये नहीं पहुंचे हैं।

साख बनाने के लिए अखबार के लोगों को एक दूरगामी नीति पर काम करना होता है और ऐसे मिजाज के लोग प्रेस, एडिटोरियल और सर्कुलेशन के अलावा विज्ञापन विभागों में रखने होते हैं जिनका मिजाज तथ्यपरकता पूर्ण हो और समाज एवं देश हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करने को ये लोग सदा उद्धत रहते हों। इस लाइन को जो फॉलो करते हैं वे टिके रहते हैं और अखबार की साख को बनाकर रखते हैं या बढ़ाते हैं। एक प्रतिष्ठित या/और उभरते हुए अखबार के मालिक या इसके एडिटर्स सरकार से या नेताओं से जानबूझकर नहीं उलझते। पब्लिक इंटरेस्ट में वास्तव में ही कुछ उघाड़ने से पहले और इसकी कवरेज को अकाट्य बनाने के लिए तथ्यों की ठीक से जांच करते हैं अर्थात् बारम्बार क्रॉस-चेक करते हैं। संबंधित लोगों से संपर्क करके सही बात जानने का प्रयास करते हैं और तभी कोई ब्रेकिंग स्टोरी प्रकाशित करते हैं। सरकार के सतर्कता विभाग को भी यह अनेक बार मालूम नहीं होता कि कहां, क्या हो रहा है या हो चुका है। हिंदी के अखबारों में एक आम कमी है कि ये अपनी ही न्यूज का और अगर कहीं से 'लीड' मिली है तो भी इसका फॉलोअप नहीं करते और अपनी स्थिति को मजबूत करने से लगातार चूकते हैं।

देश में ऐसे उदाहरण हैं कि बिजनेस पर्सन्स ने अपनी एंपायर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए घाटा खाकर भी अखबार चलाए हैं। श्रम का उचित मूल्य दिया जाना और एथिक्स को मानना मीडिया में दो बड़ी बातें होती हैं। अगर ये दोनों नहीं हैं, अर्थात् दोनों तत्व ही 'कॉम्प्रोमिज्ड' हैं, तो राजनैतिक शासन या कहें तो पॉलिटिकल गवर्नेंस, के साथ यह हाथ मिलाकर चलने वाली बात होती है। ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है। गोयनका जी का बहु-संस्करणी 'इंडियन एक्सप्रेस', कलकत्ता और दिल्ली से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित 'द स्टेट्समैन' एवं दोबारा से प्रकाशन जगत में आए 'द पायनियर' के अलावा 'द हिन्दू' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द हिंदुस्तान टाइम्स' द्वारा साख बनाए जाने के इतिहास से भी पत्रकारिता करने वाले बहुत से लोग परिचित नहीं हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी और बाबू बालमुकुंद गुप्त और इंदौर से शुरू नई दुनिया और जनसत्ता के प्रभाष जोशी एवं नवभारत टाइम्स के राजेंद्र माथुर जैसी पत्रकारिता अब नहीं रही। वक्त ने इनका ही नहीं, बल्कि पॉलिटिकल रिपोर्टिंग का मिजाज भी बदल दिया है। वक्त की नजाकत को देखते हुए इन्होंने खुद को ही बदल लिया, ऐसा कहना अधिक उपयुक्त है।

## प्रसंगवश

# मोदी को छत्रः कैसे हैं नक्षत्र



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को पूर्वाह्न 11.58 पर अभिजित मुहूर्त में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को बड़नगर में हुआ। तत्समय वृश्चिक लग्न थी। सूर्य, बुध और केतु कन्या पर थे, चंद्रमा व मंगल लग्न यानी वृश्चिक पर, गुरु कुंभ में, शनि व शुक्र सिंह पर तथा राहु मीन पर अवस्थित थे।

इस तरह मंगल केंद्र में स्वगृही, चंद्रमा नीच के होकर बली मंगल से युत होने के कारण नीच भंग स्थिति में। राज्येश सूर्य लाभ स्थान में उच्च के बुध के साथ बैठे थे। राज्य भाव में शनि, शुक्र और चौथे में गुरु। गुरु व शनि, शुक्र परस्पर दृष्टि संबंध रख रहे हैं। मोदी की 22 अप्रैल-2024 से मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा चलना प्रारंभ हो गई है जिनका संप्रति घटने वाली घटनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। गोचर में भ्रमण करते हुए 4 जून को (परिणाम वाले दिन) ग्रह स्थिति यह होगीः सूर्य, बुध, गुरु और शुक्र वृष पर, चंद्रमा व मंगल मेष पर, शनि कुंभ में तथा राहु व केतु क्रमशः मीन व कन्या पर। ऐसे में लग्नेश तथा महादशानाथ मंगल तथा भाग्येश चन्द्रदेव शनि द्वारा दृष्ट होंगे। शनि की दृष्टि ग्रह के प्रभाव की घटोतरी करती है और भाव की हानि करती है। भाव तो वह शत्रु का है, जिसे डाउन करने का मतलब शत्रु पराजय से है, किंतु लग्नेश और भाग्येश जैसे महत्वपूर्ण ग्रहों को भी शनि तत्समय हीन प्रभाव बनाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतर्दशानाथ महादशानाथ को कमजोर करेंगे। मतलब मोदी के ठीक नीचे वाले पहली कतार के लोग उनके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे। राजयोग बनने में सूर्य की स्थिति जरूर देखी जाएगी, जो इनकी कुंडली में राज्य भाव के स्वामी भी हैं। सूर्य वृष पर हैं और उस समय भी होंगे, जो उनके शत्रु शुक्र का घर है। शत्रु के घर में ग्रह कमजोर होता है। इसके अलावा सूर्य सातवें भाव में शुभ नहीं होते हैं। शनि राज्य भाव को भी देखकर कमतर कर रहे हैं तथा उनके चौथे भाव में विराजमान होने का फल है 'शत्रु वृद्धि, विरोधी प्रबल'। यद्यपि जन्मी उच्च के बुध और केन्द्रस्थ गुरु लग्न को देखकर स्थिति बलवती करने का प्रयास करेंगे। स्थिति में ह्रास सम्भाव्य है। धर्म से ग्रह गति में कुछ परिवर्तन हो जाता है।

# इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

विगत शती के 1990 में शुरू हुए वर्ल्ड वाइड वेब को इंटरनेट का नामकरण मिला। तभी से यह विवाद चल रहा है कि यह मनुष्य के लिए यह जरूरी है या हानिकर है। अभी हाल में ही वैश्विक स्तर पर संपन्न 24 लाख लोगों पर किए गए एक 16 वर्षीय अध्ययन में पाया गया है कि इंटरनेट का उपयोग जीवन में संतुष्टि और उद्देश्य की भावना जैसे कल्याणकारी उपायों को प्लेटफार्म देता है। यह इस आम धारणा को चुनौती देने वाला अध्ययन है कि इंटरनेट का उपयोग मानव कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

जर्मनी में वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक मार्कस एप्पल की मानें तो डिजिटल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक डालने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इंटरनेट विरोधियों के इस दावे कि सोशल मीडिया, इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग वास्तव में हमारे समाज के लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है, सही नहीं है और हमें इस नए अध्ययन को गंभीरता से देखने को आमंत्रित करता है। इंटरनेट के हानिकारक प्रभावों की चिंता आमतौर पर सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े व्यवहारों से संबंधित होती हैं, जैसे साइबरबुलिंग, सोशल मीडिया की लत आदि, लेकिन एप्पल का मानना है कि अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों ने इंटरनेट के उपयोग के कुछ छोटे नकारात्मक प्रभाव ही देखे गए हैं। कोई बड़ा हानिकारक प्रभाव इससे नहीं है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता एंड्रयू प्रिजिबिल्स्की ने 9 मई को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भले ही इंटरनेट वैश्विक हो चला है, लेकिन अभी भी मानव समाज पर इसे लेकर गंभीर अध्ययन का अभाव है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक डेटा उन्हें मात्र मुट्ठी भर अंग्रेजी बोलने वाले देशों से आते हैं।

प्रिजबिल्स्की और उनके सहयोगियों ने वाशिंगटन डीसी स्थित एनालिटिक्स कंपनी गैलप द्वारा आयोजित गैलप वर्ल्ड पोल से इंटरनेट एक्सेस के आठ उपायों से संबंधित डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा को 2006 से 2021 तक 168 देशों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1,000 लोगों से फोन या व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से सालाना एकत्र किया गया था। शोधकर्ताओं ने उन कारकों को नियंत्रित किया, जो इंटरनेट के उपयोग और कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं जिसमें आय स्तर, रोजगार की स्थिति, शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। टीम ने पाया कि औसतन जिन लोगों के पास इंटरनेट तक पहुंच थी, उन्होंने जीवन की संतुष्टि, सकारात्मक अनुभवों और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्टि के उपायों को अपनाने पर आठ प्रतिशत अधिक स्कोर किया, उन लोगों की तुलना में जिनके पास वेब तक पहुंच नहीं थी। ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हालांकि 15-24 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने अध्ययन के पिछले सप्ताह इंटरनेट का उपयोग करने की सूचना दी थी। औसतन वे जिस स्थान पर रहती हैं, उससे उन लोगों की तुलना में कम खुश थीं, जिन्होंने वेब का उपयोग नहीं किया था। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि जो लोग अपने समुदाय में स्वागत सम्मान महसूस नहीं करते हैं। प्रिजिबिल्स्की ने कहा वे अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं, उन्होंने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है कि इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध का कोई ठोस कारण है या केवल एक जुड़ाव भर है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के नियमन को लेकर खासकर युवाओं के बीच चर्चा हो रही है। वैसे टोबियास डिएनलिन, जो वियना विश्वविद्यालय में सामाजिक मीडिया कल्याण को कैसे प्रभावित करता है, इसका अध्ययन करते हैं।

वे कहते हैं, "संदर्भित अध्ययन हाल की बहस में योगदान नहीं दे सकता है कि सामाजिक मीडिया का उपयोग हानिकारक है या नहीं या स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं," जैसे सवालों के लिए यह अध्ययन जवाब देने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

## सोशल फोरम

# पेंदा नहीं है



अनूप शुक्ल
कानपुर

कबाड़ी ठेले पर कबाड़ लादे जा रहा था। ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां और प्लास्टिक की बिन्स। गन्ने की दुकान वाले ने शायद कूड़ेदान के लिए प्लास्टिक की डलिया के दाम पूछे।

'पेंदा नहीं है उनमें'-कबाड़ी ने ठिलिया को धकियाते हुए बताया। कूड़ेदान भी बिना पेंदे का बेकाम होता है। हम लोग इधर-उधर लुढ़कते-पुढ़कते बेपेंदी के जनप्रतिनिधियों से काम चला रहे हैं। कूड़े से बिजली तो तमाम देश बना लेते हैं। हम कबाड़ हुए प्रतिनिधियों से भी अपना काम चला लेते हैं। गन्ने की दुकान पर रस पीते हुए हमने मोटरसाइकिल पर बगल में रस पीते नौजवान जोड़े को देखा। लड़की शायद गर्मी से बचने के लिए पूरा चेहरा ढके थी। लड़का खुल्ला मुंह। गर्मी भी लिंग भेद करती है।

कल्पना करने को एक कल्पना अपन करते हैं। पानी में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। पानी की कमी दूर करने के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के पाउच मिलने लगेंगे कभी जिसको पानी पीना होगा वह एक पाउच से आक्सीजन और दूसरे से हाइड्रोजन निकालेगा। सुर्ती और चूने की तरह हाइड्रोजन व ऑक्सीजन को रगड़ पानी बनाएगा और फांक लेगा। इसके साथ ही मानो कहीं आक्सीजन की कमी हुई। वहां वह पानी के अणु को पटककर या छीलकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग-अलग कर लेगा। बात यहीं तक नहीं है भाई। निकली है तो दूर तलक जाना बात की नियति है। जब ऑक्सीजन उपयोग होने के बाद बाहर निकलेगी तो कार्बन डाई आक्साइड में बदल चुकी होगी। उससे भी पटककर या छीलकर आक्सीजन निकाल ली जाएगी, जो कार्बन बचेगा उसको दबाकर कोयला बनाया जाएगा। उर्जा समस्या हल होगी। आप को मेरी बातें अगर लंतरानी लगें तो कोई ताज्जुब नहीं है। अपने लोकतंत्र और संविधान में लंतरानी हांकने में कोई रोक भी तो नहीं है। दुनिया के तमाम अविष्कार सही सिद्ध होने के पहले लंतरानी ही माने गए हैं। अब यह अलग बात है ज्यादातर लंतरानी बिना पेंदे की होती हैं और उनकी हैसियत मात्र कबाड़ की होती है।

-फेसबुक वॉल से

# प्रोत्साहन ज्यादा, सख्ती कम



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें, लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं, उसके अच्छे अंक आते हैं, वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है, यह सच्चाई है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अखबारों में, टीवी में अपने विचार रखे हैं कि बच्चों को अधिक नंबर लाने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के नंबर सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने चाहिए। इससे कम अंक लाने वाले बच्चे हतोत्साहित होते हैं और उनमें दुष्प्रभाव पड़ता है। बुद्धिजीवियों के, मनोचिकित्सकों के अपने-अपने सुझाव हैं। बहुत अधिक सीमा तक यह बात सच है। आपसी तुलना या आलोचना तो हम बड़े लोग ही बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं रखते हैं, फिर बच्चे तो बच्चे ही हैं।

14-15 साल की उम्र में मानसिक रूप से परिपक्व भी नहीं हो पाते हैं। हर बच्चे की क्षमता अलग है। उसे समझकर ही उसके करियर और भविष्य के बारे में योजना बनानी चाहिए, लेकिन मेरा सोचना है कि स्वस्थ रूप से की गई तुलना और प्रोत्साहन की प्रवृत्ति कभी-कभी गजब का काम भी करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब इस दुनिया में दूसरों के बड़े और अच्छे कामों को देखकर ही लोगों ने आगे बढ़ने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ तुलना कभी-कभी बच्चे के करियर को नई दिशा भी प्रदान करती है, पर इसे लानत के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना है। साथ ही बच्चे को भी इस बात का एहसास दिलाना है कि उसे अपनी क्षमता के अनुरूप ही काम करना है। क्षमता एक ऐसी वस्तु है जिसे इच्छा शक्ति के द्वारा कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बच्चा किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाएगा, यह कौन तय करे। माता-पिता, शिक्षक या बच्चा खुद? मेरे विचार से बच्चों को खुद अपना भविष्य तय करने की आजादी देनी चाहिए, लेकिन फिर वही बात कि इस उम्र में बच्चे परिपक्व नहीं होते और अपने भविष्य के बारे में निर्णय करने में पूरी तरह से समर्थ नहीं होते।

ऐसे में शिक्षकों और माता-पिता का मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। कई बार अभिभावक साल भर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखते। यह नहीं देखते कि वह स्कूल में ढंग से पढ़ाई कर रहा है या नहीं और अगर ट्यूशन या कोचिंग के बहाने घर से बाहर जा रहा है तो क्या समय से आ जा रहा है? उसकी संगत कैसी है। मोबाइल पर कितना समय व्यतीत करता है, लेकिन रिजल्ट के समय कम अंक देखकर बच्चे पर बरस पड़ते हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। बच्चे के साथ थोड़ा बहुत सख्ती भी जरूरी है, लेकिन यह अन्याय और मारपीट के रूप में न हो। परिवार का माहौल ही कुछ ऐसा हो कि बच्चे कुछ नियमों से बंधे रहें। शुरुआत में मैंने भी महसूस किया कि पेरेंटिंग एक जटिल विषय है, लेकिन धीरे-धीरे जब माता-पिता की भूमिका निभाते हुए जीवन में परिपक्वता आई तो महसूस किया कि अगर बच्चों के मन को थोड़ा समझ लिया जाए तो कोई मुश्किल नहीं है। बिटिया ने बिना किसी ट्यूशन के सेल्फ स्टडी और अपने पिता की मदद से पीसीएम विषय के साथ अच्छे अंकों से 12 वीं पास की और अपने स्कूल में अपनी ब्रांच की सेकंड टॉपर रही, लेकिन उसने मंतव्य बता दिया कि मैं आगे साइंस न पढ़कर ह्यूमैनिटीज पढ़ूगी और इंजीनियरिंग के कोई एग्जाम भी नहीं दूंगी।

हमने उसके इस निर्णय का स्वागत किया और उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के अच्छे कॉलेज से पढ़कर केंद्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नौकरी पाकर समाज में अपना स्थान बनाया। चार साल बाद बेटे ने पीसीएम विषय के साथ ही अच्छे अंकों से 12 वीं पास की। 11 वीं से ही उसका रुझान जेईई की तरफ था, जिसे हमने पहचाना और उसे प्रोत्साहित किया। उसने भी बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के सिर्फ स्वाध्याय के बल पर जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करके आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया। कभी-कभी कुछ सवाल लेकर अपने शिक्षक के पास चला जाया करता था, लेकिन इन सात-आठ वर्षों के दौरान माता-पिता के तौर पर हमें भी कुछ त्याग करने पड़े थे। मेरे पति जो खुद अपने विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे छात्र रहे हैं और एक सफल इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी हैं। बेटे को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने वर्षों बाद फिर से रजिस्टर और पेन थामा। कुछ टेस्ट सीरीज बेटे को लाकर दीं। जिसे ऑफिस से आने के बाद वे खुद भी हल करते थे। पिता-पुत्र में एक स्वस्थ प्रतियोगिता चलती थी। कभी-कभी रात सोने में भी काफी देर हो जाती थी और मैंने दो वर्षों तक यह महसूस किया कि मेरे घर में बोर्ड की परीक्षा देने वाला एक नहीं, बल्कि दो बच्चे हैं। इस दौरान थोड़ा घूमना-फिरना कम हुआ। टीवी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो घर में हमेशा से ही बहुत कम रहा।

दरअसल कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी धरोहर समझ बैठते हैं जिससे वे एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित नहीं हो पाते। बच्चे को कोचिंग के लिए कोटा या घर से बाहर भेजने का माता-पिता का एकल निर्णय कई बार घातक साबित होता है। उसकी मर्जी को जानना जरूरी है और अगर वह वहां जाकर सामंजस्य नहीं बना पाता है तो इस बारे में जानकारी रखना और उसे वापस लेकर आना भी माता-पिता का कर्तव्य है। हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें, लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं, उसके अच्छे अंक आते हैं, वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है, यह सच्चाई है। भले ही सामाजिक तौर पर हमारी स्वीकारोक्ति न हो।

# लघु कथाकार एलिस का चला जाना



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल कनाडाई नगर ओंटारियो में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघुकथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है।

रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। एलिस की लघुकथाओं के अधिकांश पात्र महिलाएं होती थीं। एक समूची नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे, जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा :'एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।' उनकी कहानियां सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला।

वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला, मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। अपना उपनाम एलिस ने 'मल्लिका' रखा था। अर्थात् बेलवाला, सुगंधित पुष्प, कुटज वृक्ष, करुण पेड़ आदि। भारतीय शब्दों से कितना सामीप्य और साम्य।

# गड़ा हुआ खजाना पाने के लिए दी थी ओमजी की बलि

## एक महीने पहले लापता हो गया था, पांच दिन बाद मिला था शव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● तीसरा आरोपी भी पुलिस के हाथ आया


हत्यारोपी गंगा सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक महीने पहले बालक को अगवा करके नृशंस हत्या कर दी गई थी। एक आरोपी पकड़ा गया था लेकिन घटना के कारण का खुलासा नहीं किया गया था। बुधवार को तीसरा आरोपी पकड़ा गया तो खुलासा किया गया कि गड़ा हुआ खजाना पाने के लिए इन तीनों ने पूजा पाठ करके बालक की जान ली।

थाना जसवंतनगर क्षेत्र में गांव सिरसा की मड़ैया में रहने वाले मुलायम सिंह का आठ साल का बेटा ओम जी 15 अप्रैल को लापता हो गया था। पांचवे दिन उसका नृशंस हत्या किया सिर से धड़ अलग शव गांव से थोड़ी दूर नदी किनारे झाड़ियों से ढका पाया गया था। उस समय इसी गांव में अपनी ननिहाल में आए आगरा जिले के लवकुश को छुरी सहित पकड़ा गया, उसने हत्या करने का कारण का खुलासा नहीं किया था लेकिन आशंका व्यक्त की गई थी कि बालक की तांत्रिक क्रिया के तहत बलि दी गई है। उस समय इस आशंका को लेकर पुलिस ने भी मौन साध लिया था।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि सीओ विवेक जावला तथा जसवंत नगर थाना प्रभारी ने गहनता से जांच की तो पता चला कि बालक का अपहरण करके उसकी जान गड़ा हुआ खजाना पाने के लिए, पूजा पाठ करके तेज धारदार छुरा से ली गई थी। इसमें लवकुश के साथ इस गांव का मास्टर माइंड मान सिंह तथा गंगा सिंह भी शामिल हैं।

मानसिंह आठ मई को कोर्ट में हाजिर हो गया। बुधवार सुबह सवा सात बजे गंगा सिंह को गांव श्याम नगर के सामने पकड़ लिया गया। पूछताछ में इसने अपराध स्वीकार कर लिया।

मान सिंह को जल्द ही कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। इन तीनों ने खजाना पाने के लिए, बालक की जान लेकर बहुत ही क्रूरतम अपराध किया है, जल्द ही तीनों के खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से किसान की गई जान

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

● मजदूरों से मिलने के लिए रेलवे ट्रैक कर रहा था पार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर दोनों लाइनों पर तेज गति से ट्रेनों के गुजरने के दौरान ट्रैक पार कर रहे किसान की कटकर मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।

भरथना थाना क्षेत्र के गांव थरी में रहने वाले किसान शिवप्रकाश अग्निहोत्री (48) बुधवार सुबह सवा सात बजे दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पार करते समय एक साथ दोनों अप डाउन ट्रैक पर तेज गति से ट्रेनों के गुजरने के दौरान उनकी चपेट में आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर पर काफी संख्या में आसपास के गांवों से लोग पहुंच गए। गरीब रथ ट्रेन भी रुक गई। साम्हो चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

किसान के दो बच्चों में एक बड़ी बेटी जिसकी शादी हो चुकी है, दूसरा छोटा बेटा जो दोनों आंखों से दिव्यांग है। उसे कानपुर दिव्यांग स्कूल में बचपन से भर्ती करा रखा है।

## वाहन की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल

**जसवंतनगर।** नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात मलाजनी के पास निमंत्रण खाकर घर लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग गया। घायल पिता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटे को नाजुक हालत में सैफई भेजा गया।

सैफई थाना क्षेत्र में गांव नगला हर ज्ञान टिमरुआ में रहने वाले 60 वर्षीय सूबेदार सिंह यादव अपने 40 वर्षीय बेटे धर्मेंद्र यादव के साथ नगला कन्हई के समीप गांव बुढेला से निमंत्रण खाकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही हाईवे पर स्थित गांव मलाजनी के पास नदी के पुल पार करने के दौरान के रात आठ बजे के अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग गया। सूबेदार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, बाइक चला रहे उनके बेटे धर्मेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, वहां से सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# हजरत पीर बाबा का सालाना उर्स आज से

**इटावा।** हर साल की तरह इस साल भी चौपला मूंज स्थित दरगाह हजरत शेख सय्यद हाजी पीर बाबा रहमतुल्लाह अलैहिस्सलाम का दो दिवसीय सालाना उर्स 16 व 17 मई को शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। इंतजामिया कमेटी के सूफी मुख्तार मियां, सूफी शाकिर मियां, जहुर खान, इस्लाम खान एवं साबिर हुसैन ने बताया कि उर्स की शुरुआत 16मई दिन जुमेरात बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी होगी।

इसके बाद सुबह 10 बजे सरकारी चादर पोशी की जाएगी। इसके अलावा दिन भर अकीदतमंदों द्वारा चादर एवं गागरे पेश की जाएगी और देर रात्रि महफिलें शमा होगी। जिसमें मशहूर कव्वाल हजरत की शान में अपना कलाम पेश करेंगे।

इंतजामिया कमेटी ने बताया कि उर्स के दूसरे दिन 17 मई को हजरत सय्यद पीर बाबा का कुल शरीफ होगा। इसके बाद महफिलें रंग होगा और लंगर तकसीम किए जाने के साथ दो दिवसीय सालाना उर्स का समापन होगा।


बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे। अमृत विचार

# गड्ढों के कारण सड़क पर पैदल चलना भी दूभर

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की अनदेखी के कारण रोड पर गड्ढे हो जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों को आने-जाने में कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रोड पर पड़ी गिट्टी से वाहन पंचर हो रहे हैं।

दिबियापुर रोड से जुड़े नगर के रामलीला मैदान को जाने वाले रोड पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। साइकिल से विद्यालय जाने वाले बच्चे आए दिन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विद्यालय वाहनों के चालकों को भी इन गड्ढों के कारण वाहन लाने ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीर भी सड़क में हुए गड्ढों के कारण परेशान है। नगर के ख्यालीदास तिराहे से लेकर दिबियापुर रोड पर बाईपास तक कई स्थानों पर गिट्टी और मोरम रोड के किनारे पड़ी है। दिबियापुर औरैया जिला का व्यस्तम मार्ग है जो दिबियापुर से फफूंद, गेलगांव और एनटीपीसी को जोड़ता है। यह रोड लगभग 24 घंटे चलता है। मोरम फैलकर रोड तक आ जाती है जिससे वाहनों के फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। नगर पंचायत प्रशाशन रोड पर पड़ी गिट्टी मोरम देख कर भी अनजान बना हुआ है।

# प्रयोगशाला से कीमती सामान हुआ चोरी

**महेवा।** कस्बा अहेरीपुर स्थित श्रीबिहारी जी इंटर कॉलेज की भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला में खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने हजारों रुपये मूल्य का कीमती सामान चोरी कर लिया। प्रधानाचार्या डॉ. निशा वर्मा ने चौकी प्रभारी अहेरीपुर अहेरीपुर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कॉलेज की भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला में लगी खिड़की के सरिया व जाली को हटाकर चोरों ने 13 मई की रात में रखी अलमारियों के लॉक तोड़ दिए। उनमें रखे प्रयोग संबंधी उपकरण ,एसिड आदि चोरी कर लिए व नष्ट कर दिए। करीब पचास से साठ हजार का नुकसान का आंकलन किया गया है । चौकी पुलिस ने प्रधानाचार्या द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर जांच कर कार्यवाही किए जाने की बात की है।

# फौजी के घर के ताले तोड़ पार किए जेवर व नकदी

संवाददता बकेवर, इटावा

● पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की मामले की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** कस्बे के लखना रोड स्थित आदर्शनगर में आर्मी के नायब सूबेदार के सूने मकान के ताले तोड़कर चोर जेवर, नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। आसपास रहने वाले लोगों को चोरी की भनक नहीं लग सकी। घटना की तहरीर दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

लखना रोड स्थित आदर्शनगर निवासी भारतीय सेना में नायक सूबेदार के पद पर कार्यरत रोहिताश पुत्र रामबरन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ 12 मई को अपने पैतृक गांव सहसो थाना क्षेत्र के ग्राम सिंडोस गया हुआ था। वह अपने मकान में ताला डाल गया था। बुधवार को साढ़े 10 बजे के करीब जब वह वापस अपने आदर्शनगर स्थित घर लौटा तो आंगन के जाल का ताला टूटा हुआ था। चोर जाल का ताला तोड़ कर केबिल के सहारे नीचे उतरे और दो कमरों के ताले तोड़कर बक्सों में रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरी में कितने कीमत का सामान चोरी हुआ, इसकी जानकारी पीड़ित ने अभी नहीं दी है।

# आयु बढ़ाने से परिषदीय स्कूलों में एडमीशन में आ रहीं मुश्किलें

संवाददाता बकेवर, इटावा

● पांच साल की आयु में ही अभिभावक निजी स्कूलों में नर्सरी में करा देते हैं एडमीशन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक में दाखिले का नया नियम शिक्षकों के लिए मुसीबत बन गया है। ऐसे में शिक्षकों को लक्ष्य हासिल कर पाना और स्कूल में नामांकन बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

इस संबंध में बताया गया है कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम क गाइडलाइन के तहत छह वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश होता है। दूसरी और निजी स्कूल प्री-नर्सरी कक्षा पांच व इससे कम उम्र के बच्चों को प्रवेश दे रहे है। शैक्षिक सत्र 2024-25- शुरू होते ही नए शिक्षा सत्र में भी अपेक्षित प्रवेश होना मुश्किल लग रहा है। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया तो शुरू है लेकिन शिक्षक शिक्षिकाओं को कक्षा एक में प्रवेश के लिए छह वर्ष के उम्र वाले बच्चे ढूंढे नहीं मिल रहे है। शिक्षक ग्राम प्रधानों के संपर्क में रहकर अभिभावकों से मिलकर नामांकन अधिक से अधिक बढ़ाने का प्रयास कर रहे है।

परिषदीय विद्यालय में पहुंचने पर छह वर्ष की आयु पूरी होने पर ही बच्चों को प्रवेश दिए जाने की बाध्यता बताकर शिक्षक हाथ खड़े कर देते हैं। इसके विपरीत निजी स्कूलों में प्री-नर्सरी, नर्सरी व केजी में इससे कम उम्र के बच्चों को भी प्रवेश दे दिया जाता है।

शिक्षकों के मुताबिक पिछले सत्र में छह वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों के प्रवेश कर लिए गए थे। जिससे इस बार भी निर्धारित उम्र के बच्चे गांवो में नहीं मिल पा रहे है। अभिभावक भी चिंतित है क्योंकि वे पांच वर्ष की उम्र पूरी होते ही हर हाल में बच्चों को विद्यालय भेजना चाहते हैं लेकिन नए सत्र में जारी हुई गाइडलाइन के तहत बच्चों की उम्र पांच से बढ़ाकर छह वर्ष वाले बच्चों के परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश करने के दिशा निर्देश जारी किए गए है। इसको लेकर पांच वर्ष की आयु वाले बच्चों का अभिभावक परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश न कराकर प्राइवेट विद्यालयों में प्रवेश करा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### 31 मई को चुनाव कराने की बनाई रणनीति

**इटावा।** डीबीए एल्डर्स कमेटी की बैठक चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के कार्यालय में सम्पन्न हुयी। बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 16 मई 2024 को वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी जायेगी। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेंद्र सिंह ने बताया कि चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा 16 मई 2024 को एल्डर्स कमेटी की बैठक में तय कर की जायेगी। बार कॉसिल ऑफ उप्र के आदेश पर 31 मई 2024 को चुनाव कराने के लिये एल्डर्स कमेटी कटिवद्ध है। बैठक में योगेन्द्र किशोर तिवारी, शान्ती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर पार किए 1.12 लाख

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र में बनकटी बुजुर्ग गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त फौजी शिवकुमार ने बताया कि उसका बचत खाता स्टेट बैंक की शाखा जसवंतनगर में हैं। वह अपने एटीएम डेबिट कार्ड से 06 मई को शाखा के बाहर लगे एटीएम से रुपये निकालने गए थे। दो हजार रुपये निकाले तो पीछे खड़े व्यक्ति ने बैलेंस चेक करने को कहा। जब अपना बैलेंस चेक किया तो दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनका डेबिट कार्ड एटीएम मशीन से निकाल लिया, विरोध किया तो उन शातिरों ने एटीएम कार्ड बदलकर वापस कर दिया जो उन्हें पता नहीं चल सका। बाद में पता चला कि उनके एटीएम डेबिट कार्ड से अज्ञात व्यक्तियों ने एक लाख 11 हजार 783 रुपये पार कर दिए। उन्हें पुलिस को तहरीर देकर दो अज्ञात व्यक्तियों पर कार्रवाही की मांग की है।

### श्रीमद्भागवत कथा आज से

**महेवा, इटावा।** विकासखंड क्षेत्र महेवा के ग्राम खरगूपुर में 16 मई से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक एवं परीक्षित मुन्नी दीक्षित एवं राम प्रकाश दीक्षित ने बताया कि कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। कथा व्यास सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित राम श्याम तिवारी रूरा कानपुर देहात अमृतकथा सुनाएंगे।

### राधा कृष्ण मंदिर में भागवत कथा आज से

**महेवा, इटावा।** महेवा की ग्राम पंचायत आनेपुर स्थित राधाकृष्ण मंदिर स्थल पर श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 16मई से 23 मई तक होगा। जिसमे कथा वाचक आचार्य गोविंद जी महाराज कथा सुनाएंगे। 23 मई को भंडारा होगा।

# खाली गौशालाओं में भेजे जाएं छुट्टा पशु

संवाददाता चकरनगर, इटावा

● भाकियू ने धरना-प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन ने बुधवार को तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया को ज्ञापन देकर गौशाला निर्माण और छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की।

तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन तोमर ने कहा कि किसानों की समस्याओं को वरीयता से निपटाया जाए। उन्होंने स्थाई गौशाला न बनने पर अस्थाई गौशाला की मांग की।समस्याओं का एक माह में निपटारा न होने पर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। ज्ञापन में ग्राम पंचायत बंसरी, गुहानी, बिहार में गौशाला निर्माण कराने और खाली पड़ी गौशाला में आवारा पशुओं को शीघ्र पहुंचाया जाये। ग्राम पंचायत भरेह के मजरा चकरपुरा में बाढ़ के समय सभी रोड़ जल मग्न हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को भारी समस्या होती है। लेकिन चकरपुरा से इमिलिया रोड़ खुला रहता जिसे बनवाने की मांग की।

इस मौके पर प्रमुख प्रदेश महासचिव सुरेंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह राजावत, एस कुमार कुशवाहा, सुरजीत सिंह, आशुतोष बरुआ, धर्मेंद्र सिंह चौहान, उपेंद्र तिवारी, रामचंद्र कुशवाहा, रोहित सिंह राजावत, मुकेश सिंह सेंगर, केपी सिंह चौहान, अजय प्रताप सिंह, जबर सिंह परिहार, रामवीर सिंह परिहार, महिपाल सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष बबलू भैया, सुनील कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

> किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से गौशाला निर्माण की मांग की है। जिसे उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जो हमारे स्तर से हो सकती है उसे प्रमुखता से किया जाएगा।
>
> -ब्रम्हा नन्द कठेरिया
> एसडीएम चकरनगर


बीफार्मा की छात्राओं के साथ प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव। अमृत विचार

# चौ. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज की छात्रा नंदिनी तिवारी जिला टॉपर

**जसवंतनगर।** अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी से बी फार्मा सातवें सेमेस्टर के परीक्षाफल में चौ सुघर सिंह फार्मेसी कालेज की छात्रा नंदिनी तिवारी ने जिले में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं। निदेशक डॉ. राकेश सैनी ने बताया कि छात्रा नंदिनी ने सभी सेमेस्टर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ष कॉलेज से स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। नंदिनी ने 85.57 प्रतिशत, शिवानी 80.42, प्रियंका रॉय 78.71, प्रिंशी 78.42 और अश्वनी ने 77.57 प्रतिशत अंक हासिल करके कालेज मेरिट में स्थान बनाया। प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने टॉपर्स को बधाई दी। प्राचार्य प्रदीप कुमार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला पकड़ा

**इटावा।** जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद पुर सराय भूपत निवासी रामा देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसके पति योगेंद्र सिंह यादव का जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार के संजीव उर्फ बाबा से बातचीत हो रही थी।

इसी दौरान संजीव उर्फ बाबा उसके पति के साथ गाली-गलौज करने लगा । विरोध करने पर अपने घर से तमंचा लाकर हवाई फायर कर दिया। जिससे गांव में अफरा तफरी फैल गई। पुलिस ने संजीव बाबा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा कारतूस भी बरामद हुए। उसे जेल भेज दिया गया।


सेंट केवलानंद पब्लिक स्कूल के मेधावी। अमृत विचार

### सेंट केवलानंद पब्लिक स्कूल का दबदबा कायम

**भरथना।** सेंट केवलानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई की हाईस्कूल इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का दबदबा कायम रखा है। हाईस्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम में विधि पाल ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, वृंदा परिहार ने द्वितीय और प्रिंस शाक्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आराध्या सिंह ने 88 .08 और अंशिका यादव ने 86 .02 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में प्रांशु यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अमन अग्निहोत्री ने 88 .06 द्वितीय और शिखा कुशवाहा ने 88 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के चेयरमैन रोहन सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

**उपलब्धि** | 96 .6 प्रतिशत अंक लाने पर प्रधानचार्य सहित स्टाफ ने मेधावियों को किया सम्मानित

# ज्ञानस्थली के आयुषी व आदित्य का शानदार प्रदर्शन


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार यादव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कटरा शमशेर खां स्थित ज्ञानस्थली एकेडमी में दसवीं में आदित्य यादव एवं आयुषी राठौर ने सर्वाधिक 96.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, अनिरुध ने 95.6 द्वितीय, समर्थ सक्सेना ने 95.4 तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा मयंक ने 95, त्रिज्या शर्मा ने 93.8, हर्षित ने 93.6, आयुष शाक्य ने 93.2, कशिश कुशवाह ने 93.2, प्रिंसी यादव 92.2 अविका चौहान 91.4, रिया 90.8, देवेश शर्मा ने 90.6, दीपिका गोस्वामी ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 के छात्र गोविंद यादव, आरुषी तिवारी, आदर्श राठौर, मिष्टी पाल, यश श्रीवास्तव, अवंतिका, गरिमा दीक्षित, कीर्ति वर्मा, यशी सेजवार, भाव्या त्रिपाठी, माही राज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि परिणाम में छात्रों के साथ अध्यापकों का भी योगदान है। उन्होने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञानस्थली समूह के प्रबंधक शिव प्रसाद यादव, उप प्रबंधक विनीत यादव ने छात्रों को आशीर्वाद दिया।

## थियोसाफिकल कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा बेतहर

**इटावा।** सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षाफल में थियोसाफिकल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट श्रेणी का रहा। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में छात्र मो. तौहीद ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अर्पित अग्निहोत्री 93 .4 के साथ द्वितीय, कुमार सत्यम 90 .6 अंक तृतीय, कुशाग्र 89 .6 चतुर्थ एवं अंश त्रिपाठी 88 .2 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान पाया। कक्षा 12 वाणिज्य वर्ग में प्रांजली मिश्रा प्रथम, कौशिकी यादव द्वितीय तथा आयुष सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने सफल छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर आशीर्वाद दिया। उप प्रधानाचार्य राजकिशोर मिश्रा ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। राकेश पालीवाल,अमित शुक्ला, आशीष शुक्ला, अनिल कुमार, नीरज त्रिपाठी, अनिल सिंह, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, सुशील पांडेय, विनय मिश्रा, अतुल पांडेय, रजनीश कांत, पुनीत दुबे, राजीव तिवारी कार्या प्रभारी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश नारायण तिवारी, अध्यक्ष चंद्र मोहन चौधरी, सचिव, अशोक चतुर्वेदी सदस्य शिक्षा समिति, संजीव चतुर्वेदी, गौरव तिवारी एवं मीनाक्षी पांडेय ने छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर उज्जवल भविष्य की कामना की।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा।

### दसवीं का परीक्षाफल भी शत-प्रतिशत

थियोसॉफिकल इंटर कॉलेज इटावा का दसवीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में महिमा कटियार ने प्रथम, अभिनव जैन ने द्वितीय, हार्दिक त्रिपाठी ने तृतीय, आरुष ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। हर्षित मिश्रा, अर्जुन सिंह, अनिकेत कुमार, आयुष पोरवाल, प्रियांशी, शुभ त्रिवेदी, सामग पांडये, निशांत कुमार, हर्ष कुमार, सोनाक्षी ने भी 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।


रेडवुड स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक अज्ञात वर्मा।

### रेडवुड की तेजवती व शिवांश बने टॉपर

**इटावा।** रेडवुड ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की छात्रा तेजवती ने 97 एवं शिवांश ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इटावा जिला टॉपर्स में जगह बनाई है। अनुप्रिया 87 .6 प्रतिशत, रितिक 86 .6, कृष्णा 82, कृति 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तेजवती ग्रामीण परिवेश में रहती है तथा बिना किसी ट्यूशन के यह उपलब्धि हासिल की । शिवांश के पिता भी प्राइवेट जॉब करते हैं तथा शिवांश ने अपनी मां एवं पिता को सफलता का श्रेय दिया। सभी टॉपर्स को प्रबंधक अज्ञात वर्मा, निदेशिका स्वाती वर्मा एवं प्रधानाचार्य भास्कर शर्मा ने सम्मानित किया।

### ल्यूसेंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में मेधावी किए गए सम्मानित

**भरथना।** सीबीएसई के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में ल्यूसेंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में अनुष्का यादव पुत्री आदित्य यादव निवासी बृजराज नगर भरथना ने नगर में सर्वाधिक 94 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सार्थक चौबे ने 93 .60, हर्ष प्रताप सिंह ने 93 सहित करीब 10 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में प्रांजल यादव ने 95 .80, शिवम कुमार ने 93 .60, सदफ ने 93 .60 प्रतिशत अंक पाए। संस्था के निदेशक राधेमोहन यादव, प्रबंधक मनोज धूमरे ने मेधावियों को सम्मानित किया।


मेधावी के साथ ल्यूसेंट इंस्टीट्यूहट के राधेमोहन व मनोज धूमरे।

### राघवेंद्र तिवारी ने अवध एकेडमी में किया टॉप, हासिल किए 93 प्रतिशत अंक

**महेवा।** महेवा के सराय नरोत्तम स्थित अवध एकेडमी के राघवेंद्र तिवारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टाप किया। एकेडमी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल डा ज्योति दुल्हानी ने बताया कि 10वीं में राघवेंद्र तिवारी ने 93 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल का गौरव बढ़ाया है। वहीं सार्थक चौहान ने 92, मयंक तिवारी 88 .4, अर्पित राजावत 87 .2 तथा रिया यादव ने 83 .6 प्रतिशत अंक हासिल किए। 45 विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा दी और शत-प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। विद्यालय के चेयरमैन आरडी त्रिपाठी ने अभिभावकों व शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के प्रयास, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग के कारण ऐसा शानदार परिणाम आया है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस परंपरा को भविष्य में भी इसी तरह से बरकरार रखने को प्रेरित किया।



अवध इंटरनेशनल एकेडमी के मेधावी छात्र-छात्राएं।

# चुनाव के बाद अधिकारी दिखे मस्त, बढ़ी लापरवाही

## घंटों बाद दफ्तर पहुंचते हैं अफसर, कार्यालयों के चक्कर लगाकर निराश होकर लौट जाते हैं फरियादी

संवाददाता ककोर, औरैया


समाज कल्याण विभाग के बाबू नदारद।


जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र सिंह के ऑफिस में खाली पड़ी कुर्सी।


जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम के ऑफिस में पसरा सन्नाटा।


समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर इंदिरा सिंह के ऑफिस में खाली पड़ी कुर्सी।

**अमृत विचार।** जिले के विकास भवन से अधिकतर योजनाओं का संचालन होता है। वहीं विकास भवन में पहुंचने वाले अधिकारी लापरवाही करते रहते हैं। सभी अधिकारियों के दफ्तर पहुंचने का समय सुबह 10 बजे का है। लेकिन अधिकारी 11 बजे तक ऑफिस पहुंचते हैं। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उनके कमरों को खोलकर साफ-सफाई करवाता है। यदि कर्मचारी से पूछा जाए तो वह कहता है साहब आ चुके हैं। लेकिन यह हकीकत नहीं है अधिकारी सप्ताह में कभी-कभार समय से आते हैं। दफ्तर में समय से न आने के कारण फरियादियों को चक्कर लगाने पड़ते हैं।

बुधवार को चुनाव के बाद अमृत विचार टीम ने जिले के विकास भवन कार्यालय की हकीकत की पड़ताल की तो दफ्तर में केवल चारो ओर खाली कुर्सियों का नजारा था। जहां सुबह 10 बजे से लेकर 11 बजे तक अधिकांश कार्यालय में कुर्सी खाली मिलीं। बाबू भी अधिकतर गायब ही दिखे। वहीं डीपीआरओ जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सभी नदारद ही मिले।

इसके अलावा जिले के अन्य अधिकारी भी अपने दफ्तर में समय से नजर नहीं दिखाई दिए। वहीं फरियादी पेंशन के लिए, विधवा पेंशन के लिए इंतजार करते रहे।

विकास भवन के अधिकारियों के इस मनमानी रवैया से आम जनमानस परेशान है। वहीं अधिकारी अपने रवैया में कोई सुधार नहीं कर रहे हैं। फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर विभाग के चक्कर काटता रहता है, पर अधिकारी अपने में कोई बदलाव नहीं करना चाहते और न ही उन्हें किसी कार्यवाही का डर है। लेट लपेट पहुंचने वाले बाबू भी फरियादियों को भगा देते हैं या फिर उनसे किसी न किसी बहाना करके पीछा छुड़ाने के लिए इतिश्री करते हैं। वहीं जिले के मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह 10 बजे से पहले अपने दफ्तर में मौजूद थे। क्या विकास भवन में एक अधिकारी की जिम्मेदारी बनती है बाकी अधिकारी नियम का पालन क्यों नहीं करते हैं?

### समय सुबह 10:55 बजे

जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार सुबह 10:55 तक अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे। उनके कार्यालय में कर्मचारी ने गेट खोलकर पर्दा को डाल दिया पूछने पर बताया साहब आ रहे है। 15 मिनट तक इंतजार किया गया लेकिन साहब का कहीं पता नहीं था। फिर जाकर चपरासी ने फोन किया साहब पत्रकार आए हैं तो बताया काम में व्यस्त हैं।

### समय 11.15 बजे

जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम 11.15 बजे तक अपने ऑफिस नहीं पहुंचीं और उनकी कुर्सी खाली दिखाई दी। केवल एक कर्मचारी दिखाई दिया जो बाहर बरामदे मे सफाई कर रहा था। जिला पंचायत राज अधिकारी कभी भी समय से नहीं पहुंचती हैं। इस उनके कार्यालय पहुंचे आम लोगों को अपने काम करवाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

### समय 11:40 बजे

समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर इंदिरा सिंह का ऑफिस तो खुला था। लेकिन उनकी कुर्सी 11:40 बजे खाली थी। जबकि उनके कार्यालय के अधिकांश कर्मचारी भी नदारद पाए गए। वहीं फरियादी अपनी पेंशन के लिए भटकते हुए नजर आए। लेकिन अधिकारी कर्मचारी के ना आने से उनके चेहरे पर मायूसी नजर आ रही थी। समय से न आने पर कोई न कोई बहाना बना देती है।

### क्या बाले जिम्मेदार

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को 10 बजे तक हर हाल में कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश हैं। यदि कोई अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में समय से नहीं आ रहा है तो उससे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उस अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# हमले के दोषी को सात वर्ष की कैद

**औरैया।** अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) विकास गोस्वामी ने थाना एरवा कटरा क्षेत्र के जानलेवा हमले के 10 वर्ष पुराने मामले में दोषी हरीदास को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष से पैरवी कर एडीजीसी चंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि ग्राम नगला भंत निवासी वीरेंद्र बाबू ने थाना एरवा कटरा में यह मुकदमा दर्ज कराया था। वादी ने लिखा था कि राजस्व विभाग द्वारा उसको विवादित भूमि पर कब्जा दिया दिया गया था। इस पर उसने अपनी झोपड़ी रख ली थी। इसी बात को लेकर 10 दिसंबर 2013 की शाम लगभग 7 बजे उसके गांव का हरीदास आया और अधिया से फायर कर दिया। जो उसके बाएं हाथ की कोहनी में लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वादी की तहरीर पर थाने में मामला दर्ज हुआ। अभियोजन की ओर से एडीजीसी चंद्र भूषण तिवारी ने प्राणघातक हमले के दोषी को कठोर दंछ देने की बहस की। वहीं बचाव पक्ष ने कहा कि दोषी हरीदास गरीब व्यक्ति है तथा उसके चार बच्चे हैं। उस पर रहम किया जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश विकास गोस्वामी ने दोषी हरीदास को सात वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम।

# डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने नवीन गल्ला मंडी स्थित ईवीएम, सीयू एवं वीवीपैट के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधितों को निर्देशित किया कि बारी-बारी से ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं सुरक्षा बल के जवान पूरी सतर्कता और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही पंजिकाओं पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप समय-समय पर कार्रवाई व प्रविष्टियां की जाएं। उक्त अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कहा कि चूहों एवं बंदरों से बचाव हेतु हरसंभव व्यवस्था की जाए। एडीएम महेंद्र पाल सिंह, एसडीएम सदर राकेश कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व सुरक्षाकर्मी आदि मौजूद रहे।

### एसपी ऑफिस व थाना कार्यालय पर जनसुनवाई

**औरैया।** बुधवार को पुलिस मुख्यालय ककोर में एसपी चारू निगम द्वारा पुलिस मुख्यालय ककोर में आए पीड़ित फरियादियों की समस्याओं को जनसुनवाई के दौरान सुना गया। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद औरैया के थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों पर उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# चंबल क्रिकेट लीग के लिए मैदान तैयार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम महानायकों की स्मृति में चंबल संग्रहालय परिवार की ओर से कराए जाने वाले 'चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3' के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 18 मई से इटावा, जालौन और भिंड जनपदों की सीमा पर स्थित बीहड़ी ग्राउंड पर विधिवत उद्घाटन समारोह प्रातः 9 बजे से शुरू होगा। लीग के लिए कई दिनों से ग्राउंड बनाने का काम जारी था, जिसे अंतिम रूप दे दिया गया है।

चंबल क्रिकेट लीग के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि इस लीग को लेकर चंबल अंचल के खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिलता रहा है। इस बार इसे और बेहतर, भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर जोर है।


प्लेग्राउंड को तैयार करते आयोजक — अमृत विचार

### डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 19 को

**अजीतमल, औरैया।** उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के निर्देशानुसार जनपद औरैया के तिलक स्टेडियम में डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप ट्रायल प्रतियोगिता 19 मई को प्रातः 9 बजे से होगी। इसमें सब जूनियर लड़के/लड़कियां 9 प्लस से 14 वर्ष तक, जूनियर लड़के/लड़कियां 14 प्लस से 18 वर्ष तक तथा सीनियर लड़के/ लड़कियां 18 प्लस से 28 वर्ष तक प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अपना नाम सहित विवरण मनीष मिश्रा जिला महासचिव डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन औरैया को 15 मई तक भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 100 मात्र प्रति प्रतियोगी रखा गया है। एसो. के चैयरमैन राजेश कुमार ने प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतियोगियों से भाग लेने की अपील की।

# सीएचसी में एलएससीएस माध्यम से कराई डिलेवरी

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में लोअर (यूटेराइन) सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन के माध्यम से डिलेवरी कराई गई। सीएमओ सुनील कुमार के निर्देशन पर सीएचसी अजीतमल पर डॉक्टर जीके द्विवेदी, डॉक्टर प्रदीप सिंह, डॉक्टर प्रेमा यादव, विष्णु, सुनीता, एसबी सचान, पीयूष तिवारी की टीम ने पूजा पाल (33) पत्नी हेमराज, पता दहेली नगर, कानपुर का सफल सीजर किया। महिला में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि मरीज को भर्ती कर टीम बुलाकर एलएससीएस किया जाता है।


मौजूद डॉक्टरों की टीम। — अमृत विचार

# कार ने बाइक में टक्कर मारी, एक की मौत

संवाददाता फफूंद, औरैया


दुर्घटनाग्रस्त कार और मौके पर जुटे ग्रामीण। — अमृत विचार

- दो लोगों की हालत गंभीर, एक ही परिवार के थे तीनों युवक

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अछल्दा-फफूंद रोड पर एक तेज रफ्तार मारुति ईको कार ने सामने से आई बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीन चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया। जबकि दो युवकों की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हे सैफई रिफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव माखनपुर निवासी 27 वर्षीय अजीत राजपूत पुत्र शिव बाबू अपने चचेरे भाई विकास पुत्र हाकिम सिंह और लोली पुत्र जसवंत बाबू के साथ बुधवार रात साढ़े आठ बजे फफूंद से बाजार करके गांव वापस जा रहा था। फफूंद-अछल्दा मार्ग पर टीकमपुर गांव की मोड़ के पास अछल्दा की ओर से तेज गति से आई मारुति ईको कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। अजीत उछलता हुआ गाड़ी के शीशे से टकराकर सड़क पर जा गिरा और बाइक पर बैठे उसके दोनो भाई भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। अजीत के सिर में गंभीर चोट आई। परिजन घायलों को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने अजीत को मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर घायल विकास और लोली की हालत नाजुक देख उन्हे सैफई रिफर कर दिया। पांच वर्ष पूर्व ही अजीत की शादी हुई थी और उसका एक दो वर्षीय पुत्र है और वह नोएडा मेजदूरी करता था पिछले महीने 25 अप्रैल को छोटे भाई जीतू की शादी में वो नोएडा से आया था और दो दिन बाद वापिस जाने को था। अचानक हादसे से मां निर्मला देवी और पत्नी रीमा का रोरोकर बुरा हाल था। घटना के बाद ईको चालक कार छोड़कर भाग निकला।

# सीएचसी में जच्चा की मौत, बच्चा सकुशल

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में देर रात्रि एक महिला की मौत हो गई जबकि उसका बच्चा स्वस्थ है। मृतका प्रियंका कुमारी पत्नी अमित कुमार राजपूत निवासी सहवाजपुर अजीतमल की शादी 2016 में ग्राम पूर्वा जोरन असेनी दिबियापुर से हुई थी। मंगलवार दोपहर को महिला ने बच्चे को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार स्टाफ नर्स संध्या और निधि ने सफलता पूर्वक डिलेवरी कराई। मंगलवार को भर्ती कराया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अवनीश कुमार ने बताया कि परिजन महिला को बिना बताए अस्पताल से ले गए। घर जाने के बाद उसकी हालत बिगड़ी तो उसे सरकारी अस्पताल ले गए जहां मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरो के अनुसार अधिक रक्त स्राव से महिला की मौत हो गई।

सूत्रों के अनुसार महिला शाम को अस्पताल से घर गई। जहां उसे डिलीवरी के महज 5 घंटे बाद 400 मीटा पैदल चलना पड़ा। इसी के चलते उसकी हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि परिजनों की लापरवाही के चलते महिला की जान चली गई। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

संवाददाता ककोर, औरैया


कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। — अमृत विचार

- चिरुहुलिया में आचार्य राधा रमण ने भक्तों का किया मार्गदर्शन

**अमृत विचार।** चिरुहुलिया गांव में आचार्य राधा रमण महाराज के मुखर बिंदु से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। पहले दिन आज बड़ी धूमधाम से बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा मे डमरू ढोल-मंजीरे, तांसे के साथ गांव की गलियों से 4 किलोमीटर की दूरी तय कर सेंगर नदी से कलश भरकर कथा स्थल तक पहुंची। महिलाओं ने कलश यात्रा के दौरान ऋद्धि सिद्धि के प्रतीक कलश को सिर पर रखकर यात्रा पूर्ण की। सरस कथावाचक राधा रमण महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ कलश यात्रा के बाद होता है। कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है, और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है।

भागवत कथा के आयोजक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के सुनने मात्र से प्राणियों के द्वारा किए गए जीवन भर के पाप से मुक्ति मिल जाती है। कथा 15 मई से 20 मई तक चलेगी। 21 मई को यज्ञाहुति व भंडारा का आयोजन है।

भागवत आचार्य ने परीक्षित फूल मती एवं अमर सिंह कुशवाहा को मनुष्य की योनि कर्म के बारे में बताया और कहा प्रभु हम लोगों को मनुष्य योनि में भेजने से पहले अपनी सारी शर्तों को पूरा करने के लिए इंसान से वचन ले लेते हैं। इंसान हंसी-हंसी खुशी से वचन पूरा करने के लिए हामी भर देता है। लेकिन इंसान पृथ्वी लोक पर आकर मोह माया के वशीभूत होकर ईश्वर को दिए गए वचन को भूल जाता हैं यही इंसान के लिए सबसे बड़ी परेशानी होती है। मानसिंह, राम सिंह, रामनरेश, होम सिंह, मुकेश बाबू, कमलेश, प्रवीण, रजनीश, शिवम, पुष्पेंद्र, सुनील, अंकुश, नीतू सिंह, देवांश, स्मृति, प्रतिभा, नवनीत एवं ग्राम प्रधान मोहित सिंह का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### एसडीओ से की बिजली चोरी की शिकायत

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल क्षेत्र में घर में चोरी से बिजली जलाने पर एसडीओ अजीतमल को शिकायती पत्र दिया गया। पीड़ित सतीष चंद्र पुत्र तिजोली प्रसाद निवासी ग्राम हविलिया सांफर शिकायती पत्र में बताया कि उसका मकान त्रिवेदी गेस्ट हाउस के पास चकसत्तापुर बाबरपुर में है। जिसका विद्युत कनेक्शन उर्मिला देवी पत्नी सतीष चन्द्र के नाम पर था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने कुछ दिन पूर्व कनेक्शन कटवा दिया था। आरोप लगाया कि वर्तमान में उसकी पुत्रवधू रानी देवी पत्नी स्व. मोनू सिंह मकान में फर्जी तरीके से विद्युत चोरी कर रही है। मेरा उस विद्युत चोरी से कोई लेना-देना नहीं है। जेई ने कहा कि शाम तक विद्युत सप्लाई काट दी जाएगी।

### गुमशुदा किशोर को परिजनों को सौंपा

**फफूंद।** थाना फफूंद पुलिस टीम ने मंगलवार को गुमशुदा बच्चा अंकुल पुत्र महेश चंद्र निवासी खनतजैया, थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को दिबियापुर रोड जुआ पुल से बरामद कर लिया। बुधवार को रीना पत्नी बीनू दोहरे निवासी केशमपुर पसईपुर थाना फफूंद ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका छोटा भाई अंकुल उपरोक्त उसके घर पर आया हुआ था जो बीते 02 मई को बिना बताए कहीं चला गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद के सुपुर्द हुई। बरामद अंकुल ने पूछने पर बताया कि वह अपनी बहन के पर्स से 2 हजार रुपये निकालकर घूमने के लिये जहारवीर, गोगामडी जनपद हनुमानगढ राजस्थान चला गया था पैसे खतम हो गये तब वापस अपनी बहन के घर आ रहा था जुआ पुल पर पुलिस मिल गयी। बरामद बच्चे को उसके परिजनों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया।

### बैंक और एटीएम में चलाया चेकिंग अभियान

औरैया। बुधवार को एसपी चारू निगम के निर्देशन में जनपद औरैया के समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में बैंक/एटीएम चेकिंग की गयी, चैकिंग के दौरान सीसीटीवी कैमरा, अलार्म, बैंक गार्ड व बैंक के अन्दर/बाहर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की भी सघन चेकिंग की गई।

### पुलिस ने बच्चे को तीन घंटे में बरामद किया

**औरैया।** अयाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसीना पत्नी वीरू निवासी अयाना ने मंगलवार को थाना में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र गोपाल (07) गायब हो गया है। मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुकदमें की विवेचना उपनिरीक्षक नसीरुद्दीन खां को सुपुर्द की गई। थाना अयाना पुलिस टीम ने जांच की तो पता चला कि वादी की बहन सुनीता पत्नी कालिया निवासी अटसू थाना अजीतमल में रहती है। अपहृत का सुनीता के पास ही होना पता चला। वहीं ग्राम जगतपुर में गोपाल अपनी सगी मौसी सुनीता के पास मौजूद मिला। जिसे रात्रि में बरामद किया गया।

### शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फफूंद, औरैया।** बीती रात पुलिस ने ईदगाह बाईपास से चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम विवेक उर्फ योगेश राजपूत पुत्र दयाराम निवासी केसमपुर पसईपुर थाना फफूंद बताया। उस पर पर जनपद में विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस चार मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं।

### 81 बलिदानियों के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

**औरैया।** प्रथम स्वाधीनता संग्राम में 16 मई 1858 को बीझलपुर यमुना घाट पर ब्रिटिश सेना के जलीय बेड़े से देश की आजादी के लिए जनपद के 81 क्रांतिकारी बलिदान हो गए। शहीद क्रान्तिकारियों के बलिदान दिवस पर गुरुवार को बीझलपुर शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि और यमुना में 81 दीपक प्रवाहित कर अमर शहीदों को नमन किया जाएगा। भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि औरैया जनपद की डीएम नेहा प्रकाश श्रीवास्तव और एसपी चारू निगम भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समलित होकर अमर शहीदों को नमन करेंगी।

समस्याओं पर चर्चा — नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन राघव मिश्रा की अध्यक्षता में सभासदों की बैठक

# जल्द पूरे कराए जाएंगे चल रहे निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत दिबियापुर के जनप्रतिनिधियों के एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन राघव मिश्रा की अध्यक्षता में सभासदों की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष राघव मिश्रा ने सभासदों से वार्डों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण जो निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहे हैं उन्हें जल्द पूरा कराया जाएगा। संबंधित ठेकेदारों को समय से काम पूरे करने को निर्देशित किया गया है। शास्त्री नगर के सभासद द्वारा बारिश में वार्ड में जलभराव होने की आशंका जताने पर बताया कि जलनिगम द्वारा एकाध दिन में जलनिकासी के लिये प्रस्तावित कार्ययोजना पर काम शुरू कराया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ने जलनिगम द्वारा बिछाई जा रही पेयजल लाइन से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों और नालियों के सवाल पर अध्यक्ष ने बताया कि नई लाइनों की खोदाई पर रोक लगाई है, पहले से खोदकर खराब हुई सड़कों और नालियों की मरम्मत पर जोर दिया जा रहा है।

बैठक में अध्यक्ष राघव मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल के अलावा धरमपाल सिंह सेंगर, इकरार खान, रिशी पोरवाल, राहुल अम्बेडकर, सचिन गुप्ता, कृष्ण कुमार कश्यप, अभय प्रजापति, राजीव शर्मा, रविप्रकाश, इन्द्रपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह छोटू आदि सभासद मौजूद रहे।


चेयरमैन राघव मिश्रा के साथ सभासद। — अमृत विचार

### अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं होगी, वसूलेंगे पार्किंग शुल्क

सभासदों द्वारा नगर में कई स्थानों पर बने ऑटो स्टैंड पर हो रही अवैध वसूली पर अध्यक्ष ने कहा कि अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं होगी। जल्द ही नगर पंचायत द्वारा निर्धारित पार्किंग से शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने सभासदों से वार्डों की प्रमुख समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि सफाई, मार्ग प्रकाश और पेयजल आपूर्ति को और बेहतर बनाने का भरोसा दिया। उन्होंने नगर पंचायत के तीन शव रखने वाले डीप फ्रीज में से दो खराब पड़े डीप फ्रीज को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए।

# बच्चों को अंकपत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** बुधवार को नगर में स्थित सीक्रेट हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बच्चों को अंक पत्र बांटे गए और मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार व अकाउंटेंट पूजा ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्य व पूजा मैम ने बच्चों के अंक पत्र को कक्षावार वितरित करने के लिए सभी बच्चों को एक-एक करके बुलाया और विद्यालय के प्रबंधक और वरिष्ठ अध्यापकों के हाथों से बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। ऐश्वर्या, नीलू, पार्वती, सुधीर कुमार, खादिम, लवली, अध्यापक शोर्य, कल्पना मैम सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।


मेडल व प्रमाण पत्र के साथ विद्यार्थी।

## एक नजर

### 178.03 लाख कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत 178.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते 1 मार्च से 14 मई तक कुल 42,039.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3330.66 लाख रुपये नकद धनराशि, 5260.44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23381.32 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5019.82 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2757.57 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिन बाराबंकी की बाराबंकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 45.16 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1555 ग्राम ड्रग, बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 270 ग्राम ड्रग व वाराणसी की अजगरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 43.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 216 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

# 2019 के चुनाव से बेहतर होगा इस बार मतदान प्रतिशत : रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 2019 के चुनाव की अपेक्षा इस बार का मतदान प्रतिशत बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूचना प्रसारण मंत्रालय की ओर से संचालित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के तहत राजधानी स्थित केंद्रीय भवन से मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ये रथ लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के समेकित प्रयास से आने वाले तीन चरणों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 2024 में उत्तर प्रदेश में मतदान का प्रतिशत 2019 के चुनावों से बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रकाशन विभाग की तीन पुस्तकों 'अनफोल्डिंग इंडियन इलेक्शनस', 'मतदान में विश्वास' और 'बिलीफ इन द बैलट' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक विजय कुमार, दूरसंचार विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक संगीत कुमार, आईटीबीटी के उप महानिरीक्षक के. संजय कुमार व सीबीसी के निदेशक मनोज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

### सभी जानकारियां दी जा रहीं मतदाताओं को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को घर-घर वोटर लिस्ट पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न एप्स के जरिए मतदान से संबंधित सभी जानकारियां मुहैया कराई जा रही हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज का वह वर्ग जहां सूचनाओं और सुविधाओं का अभाव है उन तक भी पहुंचने का आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है।

### राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग के कई गिरोह सक्रिय

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। यह खुलासा एसटीएफ द्वारा मो. दानिश को गिरफ्तार करने के बाद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई ऐसे केंद्रों के नाम लिए हैं जहां से ऑनलाइन गैंबलिंग कर ठगी की जा रही है। एसटीएफ ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। मालूम हो कि एसटीएफ ने मंगलवार को ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना मो. दानिश को इंदिरानगर से गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज पाया गया है। मो. दानिश ने एसटीएफ को बताया कि खरीदी गई टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमें फर्जी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए आमंत्रित करता था। इसके लिए कई सारे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्मस के फर्जी स्नैपशॉट बनाकर इन फर्जी आईडी पर बने टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता है। जिससे ग्रुप में जुड़े लोग आकर्षित होकर बेटिंग करते हैं। इसके बाद उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि इस तरह की ठगी में राजधानी में कई लोग सक्रिय हैं। एसटीएफ को ऐसे कई केंद्रों के नाम पता चल चुके हैं।

# ईडी ने दर्ज किया शिकायतकर्ता का बयान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एल्विश यादव प्रकरण: लखनऊ से नई दिल्ली पहुंचकर की पूछताछ
- अब एल्विश को बयान के लिए बुलाएगी ईडी

**अमृत विचार :** यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ सांप के जहर बेचने का मुकदमा दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता का बयान ईडी द्वारा दर्ज किया गया। नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में लखनऊ से भेजे गए असिस्टेंट डायरेक्टर ने बयान दर्ज किया। गौरव ने ईडी मुख्यालय आने के दौरान एल्विश यादव और उसके साथियों पर पीछा करने का आरोप भी लगाया है। ईडी इस मामले में भी जांच कर रही है।

गौरव गुप्ता के मुताबिक 11 मई को ईडी का नोटिस प्राप्त हुआ था। नोटिस के माध्यम से उन्हें लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था। नोटिस में कहा गया है कि ईडी द्वारा एक मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना चल रही है। विवेचना पूरी करने के लिए आपके बयान महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें दर्ज कराने के लिए लखनऊ साक्ष्य सहित आना है। वादी के बयान और साक्ष्य मिलने के बाद ही ईडी की ओर से एल्विश यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा। उधर, ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम एल्विश से पूछताछ के लिए प्रश्नों की सूची भी तैयार कर रही है। जल्द ही नोएडा पुलिस के अधिकारियों से भी ईडी के अधिकारी संपर्क कर सकते हैं। विशेषकर केस की विवेचना करने वाले जांच अधिकारी को भी नोटिस भेजकर बुलाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक ईडी यह पता लगाने में जुटी है कि सांपों का जहर एनसीआर के नामचीन होटलों, क्लबों, रिसोर्ट और फॉर्म हाउस में होने वाली रेव पार्टियों में उपलब्ध कराया जाता था या नहीं। अब ईडी के अधिकारी इन्हें चिह्नित कर संचालकों को तलब करके पूछताछ कर सकते हैं।

# चालू होंगे प्लांट, महिलाएं बनाएंगी पुष्टाहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पुष्टाहार के बंद टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट चलेंगे। कमेटी व्यवस्थाओं में सुधार कर उत्पादन और भुगतान आदि करायेगी। अमृत विचार ने यह मुद्दा उठाया था। जिसका शासन ने संज्ञान लिया है।

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से 43 जिलों पर 204 प्लांट खोले थे। जहां समूह की महिलाएं पुष्टाहार का बनाकर कर बच्चों व महिलाओं के लिए आपूर्ति करती हैं। इसका भुगतान बाल विकास करता है। इसमें बजट के अभाव व अन्य समस्याओं के कारण 153 प्लांट बंद हो गए थे। यह खबर अमृत विचार ने 1 मई को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान लेकर शासन ने जिला व ब्लॉक स्तर पर कमेटी बनाकर संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

सभी प्लांट की ब्लॉक स्तर पर कमेटी कमियां दूर कर पुष्टाहार उत्पादन, बजट की मांग, आपूर्ति व भुगतान आदि समय पर करायेगी। प्लांट का परीक्षण जिला स्तरीय टीम करेगी। आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में महिलाएं काम कर पुष्टाहार बनाएंगी।


'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

1 मई को प्रकाशित खबर।

**खबर का असर**

- शासन ने लिया संज्ञान, कमेटी संचालित कराएगी प्लांट
- 204 टीएचआर में, 153 बजट के अभाव बंद

### मतदान स्थलों के प्रवेश द्वार पर मौजूद न रहें पोलिंग एजेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में मतदेय स्थलों पर नियुक्त पोलिंग एजेंटों को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार मौजूद न रहें। साथ ही मतदान केंद्र में प्रवेश द्वार के निकट ही बीएलओ के बैठने की व्यवस्था की जाए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम लखनऊ और रायबरेली को आदेश दिए हैं। दोनों डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्र का फ्लैक्स/बैनर लगाया जाए। जिससे मतदाताओं को बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो सके। उन्हें अपना मतदेय स्थल जानने के लिए राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंट पर निर्भर न रहना पड़े। पीठासीन अधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी होगी कि पोलिंग एजेंट पहचान-पत्र के साथ अपने-अपने बूथ के पास ही रहें। आदर्श और दिव्यांग मतदाता केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। मतदेय स्थलों पर बनाए गए रैंप को दोबारा चेक किया जाए।

# भाजपा प्रत्याशी के भाइयों ने फैला रखा है आतंक

## प्रियंका गांधी वाड्रा ने उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में की जनसभा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली


ऊंचाहार में जनसभा को संबोधित करतीं कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा।

**अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए हैं। बुधवार को क्षेत्र के उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा उम्मीदवार के पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है।

प्रियंका के मुताबिक, भाजपा उम्मीदवार और उनके भाई गरीबों की जमीन पर कब्जा करते हैं। ग्राम प्रधानों को, कोटेदारों को धमकाते हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज अधिनियम लाकर पंचायतों को मजबूत किया था। आज पंचायतों के प्रधान भाजपा उम्मीदवार की धमकियों से परेशान हैं। ऐसे लोग आपके सांसद बनना चाहते हैं।

प्रियंका ने कहा, आपकी सांसद सोनिया गांधी थीं, हमेशा आप लोगों से झुककर मिली हैं। आज ऐसा नहीं हो रहा है। हमारी आंगनबाड़ी की महिलाएं, आशा बहुएं जब अपने मानदेय बढ़ाने के लिए लखनऊ में धरना देती हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं और उन्हें देशद्रोही कानून में फंसाया जाता है। प्रियंका ने राहुल गांधी को भारी समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो आपको रोजगार, महिलाओं के खातों में धनराशि, कृषि उपकरणों से जीएसटी खत्म करने संबंधी काम करेगी। सभा का संयोजन पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह ने किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव अतुल सिंह, वरिष्ठ नेता रतीपाल शुक्ल आदि मौजूद थे।

# सपा सरकार में प्रदेश में पैदा होते थे गुंडे और माफिया

संवाददाता, बलरामपुर

- ब्रजेश पाठक ने कहा, सुरक्षित नहीं थीं बहन- बेटियों की इज्जत, आए दिन होते थे दंगे

**अमृत विचार:** सपा ने प्रदेश में गुंडे व माफियाओं को पैदा करने का काम किया था। बहन बेटियों की आबरू खतरे में थी। प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। आज भाजपा शासन काल में माफिया या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या फिर गले में तख्तियां लटकाकर थाने में सरेंडर कर रहे हैं। भाजपा ने कानून का राज स्थापित किया है। यह बातें उत्तर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

वह बुधवार को गैंसड़ी विधानसभा के पिपरा चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी हैं जिनका मुकाबला भ्रष्टाचारियों से है। कांग्रेस की सरकार में मंत्री रहे कई लोग सलाखों के पीछे हैं। कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला कर देश को लूटने का काम किया था। मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर किया है। हर गरीब को पक्का मकान दिया गया है। घर-घर शौचालय बनवाए गए हैं। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट अंग्रेजी स्कूलों जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है। इसके अलावा डिप्टी सीएम ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के योजनाओं का बखान किया। उन्होंने लोकसभा श्रावस्ती से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया।

इस मौके पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, श्याम मनोहर तिवारी, रवि मिश्रा, डा. अजय सिंह पिंकू, राकेश सिंह, विनय प्रकाश त्रिपाठी, प्रिंस वर्मा, रवि वर्मा व अवधेश तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व सहयोगी दलों के लोग मौजूद थे।

# लोगों के लिए रोटी-कपड़ा व मकान के साथ संविधान भी जरूरी : अखिलेश



पचपेड़वा के विशुनपुर टनटनवा गांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

- बलरामपुर की चुनावी जनसभा में बोले सपा प्रमुख अखिलेश
- सरकार बनने पर खत्म करेंगे अग्निवीर की नौकरी, गरीबों का बढ़ाएंगे राशन

**अमृत विचार :** गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुर टनटनवा गांव में बुधवार को चुनावी जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उप्र.में इंडिया गठबंधन 79 सीटें जीत रहा है। देश के लोगों को रोटी कपड़ा मकान के साथ-साथ संविधान भी जरूरी है। श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा व गैंसड़ी से राकेश यादव को लोकसभा व विधानसभा भेजने की जिम्मेदारी आप लोगों की है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर वाले भी नौजवान जानते होंगे, फौज में पक्की नौकरी मिलती थी, इन्होंने आधी अधूरी कर दी। अपने नौजवानों से कह कर जा रहे हैं कि जब सरकार बनेगी तो अग्निवीर की व्यवस्था हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे। समुद्र मंथन की तरह संविधान का मंथन भी जरूरी है। इस बार देश के शहंशाह की कुर्सी खतरे में है तो वह शहजादों को याद कर रहे हैं। पूरे देश में बसपा भाजपा के साथ मिली हुई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी मिलकर कह रही है कि गरीबों के राशन की गुणवत्ता बेहतर करेंगे और मात्रा बढ़ानी होगी तो वह भी करेंगे। हम अपने गरीबों को भरोसा दिला कर जा रहे हैं जहां राशन बढ़ेगा, वहीं राशन के साथ मोबाइल डाटा देने का भी काम करेंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव ओंकार नाथ पटेल, जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा, रामनिवास मौर्या, मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव व राजेंद्र चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-71

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।




### वर्ग पहेली -70 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | | 2 खु | द | ना |
| र | | | 3 एं | | | |
| मो | | | पा | | 4 कु | |
| र | | 5 पा | य | जा | मा | |
| | 6 झा | ल | र | | र | |
| 7 सा | | की | | | | 8 सु |
| ज़ | | | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |

### सुडोकू -149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 06.22 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं गतिविधियों को लेकर गंभीरता रखें। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। अपनी जीवनशैली पर पर्याप्त धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित लोगों को समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से आपका सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**कर्क** — आज धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उत्तम लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**सिंह** — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। फर्जी फोन कॉल्स से आप सावधान रहें। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भरता रखना ठीक नहीं है। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

**कन्या** — आज सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाई होगी। मंहगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**तुला** — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। विदेश यात्रा के उत्तम योग बन रहे हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**धनु** — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो सकती है। मन में किसी के प्रति बैर या घृणा का भाव न रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे।

**मकर** — आज आलस्य में आपका समय बर्बाद हो सकता है। बुरी संगति से स्वयं को दूर रखें। रहस्यात्मक विषयों की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। विवाह संबंधित चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपसे कई तरह की शिकायत कर सकता है।

**कुंभ** — आज आपके पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से कड़वी बातें करने से आपको परेशानी हो सकती है। कई नए विषयों की तरफ आपका झुकाव बढ़ सकता है। किसी रुके हुए मामले का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** — आज चिकित्सा कार्य से जुड़े लोगों को कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ विश्वास में कमी की भावना उत्पन्न हो सकती है। परिवार को विशेष समय अवश्य दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शिव शक्ति — सुबह : 10.02
- करिश्मा कुदरत का — रात : 07.00

SONY PIX
- ऐनाबेले : क्रिएशन — सुबह : 08.54
- घोस्ट राइडर — रात : 09.07

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- सोनचिड़िया — रात : 08.00

ZEE CINEMA
- प्रेम कहानी — सुबह : 11.00
- साजिश — शाम : 05.00

colors CINEPLEX
- जुड़वा — सुबह : 09.17
- गहराइयां — दोपहर : 02.55

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी छुट्टी के दिन घर पर बैठ कर डीवीडी में फिल्म देख रहा था। और जोर से चिलाया नहींहीहीहीही.. घोड़े से मत उतर पागल यह एक चाल है। आगे जाल बिछाया गया है। बोल रहा हूं मत उतर पछ्ताएगा। पत्नी -कौन सी फिल्म देख रहे हो? पति-अपनी शादी की डीवीडी

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज। तभी आवाज आई हां मुझे है। मौलवी-अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

# सियासत का बदलापुर बन गया इस बार मुजफ्फरपुर

## चुनौती नई, लड़ाई वही

■ दो बार भाजपा से जीते सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस की तरफ से उतरे हैं मैदान में

■ पिछली बार महागठबंधन से लड़े राजभूषण निषाद को भाजपा ने बनाया है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह


अजय निषाद।


राजभूषण निषाद ।

**अमृत विचार:** बिहार में पांचवें चरण में जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें शाही लीची के लिए प्रसिद्ध और एक जमाने में समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज के नाम से जाना जाने वाला मुजफ्फरपुर क्षेत्र भी है। लेकिन मुजफ्फरपुर का इस बार का लोकसभा चुनाव थोड़ा अजब-गजब है। इस बार के चुनावी मुकाबले को लेकर कहा जा रहा है कि यह लंगोट बदल कर लड़ने वाले सियासी पहलवानों के दांव-पेच के लिए याद किया जाएगा। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा से चुनाव लड़कर दूसरी बार सांसद बने अजय निषाद इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं। इसके दूसरी तरफ 2019 में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राज भूषण निषाद इस बार एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा यहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाएगी या अजय निषाद अपनी जीत का सिलसिला कायम रखते हुए तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी निषाद जाति के होने के कारण इस बार निषाद मतों के साथ सवर्ण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जा रहे हैं।

### एक दूसरे के मतों में सेंधमारी और निषाद मतों पर छिड़ा घमासान

■ मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सासंद और इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार अजय निषाद के पिता जय नारायण निषाद मुजफ्फरपुर से तीन बार सांसद चुने गए थे। इस कारण अजय निषाद की सजातीय मतों पर अच्छी पकड़ है। 10 साल भाजपा का सांसद रहने के कारण भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगा सकते हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण सवर्णों का भी मत हासिल कर सकते हैं। आरजेडी और तेजस्वी यादव के प्रभाव से मुस्लिम-यादव थोक वोट मिल सकते हैं। इसके साथ ही उनके समर्थन से वीआईपी की भी अग्नि परीक्षा है। वीआईपी के मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि वह कितना वोट अजय निषाद के पक्ष में ला सकते हैं, क्योंकि यहां उनके दल का आधार है। उधर पिछली बार महागठबंधन में शामिल वीआईपी के टिकट से चुनाव लड़े राजभूषण चौधरी के लिए भी स्थितियां इस बार बदली हुई हैं। नीतीश कुमार के प्रभाव से राजभूषण को कुर्मी, कोयरी और अति पिछड़ा वोट हासिल हो सकता है। चिराग पासवान के कारण दलित वोट भी मिल सकता है।

### पांच बार सांसद चुने गए थे जार्ज फर्नांडीस

■ मुजफ्फरपुर सीट से दिग्गज समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस चुनाव जीतकर संसद पहुंचते थे। फर्नांडीस ने इमरजेंसी के बाद 1977 का लोकसभा चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर जेल के अंदर रहकर लड़ा था और कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जॉर्ज फर्नांडीस मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गए थे।

### स्मार्ट सिटी के अधूरे काम बरसात में डूब जाता शहर

■ मुजफ्फरपुर में सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट सिटी के काम हैं। 966 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अभी तक सिर्फ 570 करोड़ रुपये खर्च हुए है। शेष बची आठ योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास का काम अधूरा है। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर के बीच ट्रेन की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। बरसात में जलभराव होने से पूरा शहर साल डूबता है। हालांकि मुजफ्फरपुर को सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल की सौगात मिली है। एनएच मुजफ्फरपुर-बरौनी को फोरलेन बनाने की योजना पर भी हरी झंडी मिल गई है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन को 2026 तक विश्वस्तरीय बनाने का काम शुरू किया गया है।

■ **पहला चुनाव दो तो दूसरा चार लाख से जीते थे** : 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर सीट भाजपा के खाते में आई थी। भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद ने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्गज नेता अखिलेश प्रसाद सिंह को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अजय निषाद फिर जीते। इस बार उन्होंने महागठबंधन की तरफ से उतरे विवेकशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को चार लाख से अधिक वोटों से हरा दिया।

■ **भाजपा-आरजेडी के दो-दो, जेडीयू और कांग्रेस का एक-एक विधायक** : मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दो विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। दो विधानसभा सीटों पर आरजेडी का कब्जा है, जबकि एक-एक सीट पर विधायक जेडीयू और कांग्रेस से है।

2019 के पिछले चुनाव में भाजपा ने रायबरेली को छोड़कर 14 में से13 सीटों पर खिलाया था कमल

# पांचवें चरण में पांच सीटों पर भाजपा की राह मुश्किल भरी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव अवध, बुदेलखंड और दोआब के इलाके में होगा। इन तीनों क्षेत्रों की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण की एक-दो सीटों को छोड़कर 2014 की मोदी लहर के बाद से भाजपा ने लगातार अपना वर्चस्व बना रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीती थी तो 2019 में उसकी जीती हुई सीटों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी, सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस से सोनिया गांधी जीत सकी थीं। लेकिन इस बार का मुकाबला पिछले दो चुनाव से थोड़ा अलग माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन 14 में से पांच सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम था। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार सीट दर सीट जातीय समीकरण साधते हुए ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग पर खास दांव लगाया है। तीसरा बड़ा फैक्टर विधानसभा सीटों पर कब्जे का है। इन 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 पर भाजपा और 21 सीटों पर सपा का कब्जा है। इन्हीं कारणों से माना जा रहा है कि इस बार लड़ाई थोड़ी मुश्किल भरी हो सकती है।

भाजपा को 2019 के चुनाव में पांचवें चरण की जिन लोकसभा सीटों पर एक लाख से कम वोटों के अंतर से जीत मिली थी, उसमें अमेठी भी शामिल है, जहां भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 हजार मतों से हरा दिया था। इसके अलावा कौशांबी, फैजाबाद, बांदा और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से कम था। ऐसे में पिछली बार की कम अंतर से जीत वाली पांचों सीटों पर भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है कि इनमें से कोई सीट किसी भी तरह हाथ से फिसलने न पाए।

■ पांच सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम रहा था

■ 2019 में 14 सीटों के 71 विधानसभा क्षेत्रों में 45 पर भाजपा और 21 पर सपा रही थी आगे

■ 2022 के विधानसभा चुनाव में 71 विधानसभा सीटों में 41 भाजपा ने जीतीं





**08**
सीटें अवध क्षेत्र
लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा

**04**
सीटें बुंदेलखंड क्षेत्र
झांसी, हमीरपुर, बांदा और जालौन लोकसभा क्षेत्र

**02**
सीटें दोआब क्षेत्र
फतेहपुर और कौशांबी लोकसभा क्षेत्र

**01**
सीट
कौशाम्बी में 2014 व 2019 दोनों बार हुआ नजदीकी मुकाबला

**05** वां चरण
**14** लोकसभा सीटें
**144** प्रत्याशी
**20** मई मतदान

### 2019 में एक लाख से कम वोटों से जीतने वाली सीटें

| लोकसभा क्षेत्र | जीत का अंतर |
|---|---|
| मोहनलालगंज | 90,204 |
| अमेठी | 55,120 |
| फैजाबाद | 65,477 |
| बांदा | 58,938 |
| कौशांबी | 38,722 |





### बुंदेलखंड में सपा और बसपा की नहीं गल पा रही दाल

■ बुदंलेखंड इलाका कभी बसपा का गढ़ कहा जाता था। लेकिन यहां की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 2014 से दबदबा बना रखा है। पार्टी ने सवर्ण मतों के साथ पिछड़ा और दलित वर्ग में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग की है कि पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन करके भी यहां की किसी भी सीट पर भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाई थीं। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बुदंलखेड में सपा-कांग्रेस गठबंधन या बसपा के लिए भाजपा के वोटबैंक में सेंधमारी करना आसान नहीं है।

### अवध क्षेत्र में भी जातियों की मजबूत व्यूह रचना

■ अवध क्षेत्र में भी बुंदेलखंड की तरह भाजपा ने अपने आधार वोट बैंक में गैर यादव पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के साथ ही गैर-जाटव दलितों को जोड़कर मजबूत व्यूह रचना की है। इस समीकरण से ही पार्टी अमेठी में राहुल गांधी को हराने में कामयाब रही थी। पार्टी को पिछले दोनों चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ने का भी लाभ मिल रहा है, जिसके चलते विपक्षी प्रत्याशियों को वोट बैंक में सेंधमारी किए बिना मुकाबला करना कठिन हो रहा है।

**2019 का परिणाम**
13 भाजपा
01 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**
12 भाजपा
02 कांग्रेस

**2009 का परिणाम**
06 सपा
06 कांग्रेस
01 भाजपा
01 बसपा

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर लगा रही है भाजपा

■ नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में अक्सर मतदान प्रतिशत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पांचवें चरण की कम अंतर से जीती सीटों पर भाजपा का पूरा जोर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने पर है। माना जा रहा है कि मतदान प्रतिशत में गिरावट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा था। इससे पहले 2009 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसका सपा, बसपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। कांग्रेस ने रायबरेली, अमेठी के साथ फैजाबाद, गोंडा, बाराबंकी और झांसी में जीत सीटों पर दर्ज की थी। बसपा ने हमीरपुर सीट जीती थी। भाजपा को सिर्फ लखनऊ में जीत मिली थी। बाकी छह सीटों पर समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ी थी।

### बसपा ने एक तिहाई सीटों पर खेला है इस बार ब्राह्मण कार्ड

■ पांचवें चरण की सुरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा ने जीत की उम्मीद लगा रखी है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थिति में पार्टी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन सीटों पर बसपा ने जातीय समीकरण देखकर ही प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी ने गोंडा में सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, हमीरपुर में निर्दोष दीक्षित को उतारकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।


भरी हुंकार
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

# भाजपा में शामिल होंगी श्रीकला रेड्डी, अमित शाह से की मुलाकात

चुनाव डेस्क


गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करती श्रीकला रेड्डी।

● **पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी आज थाम सकती हैं भाजपा का दामन**

● **बसपा ने पहले बनाया प्रत्याशी बाद में सांसद श्याम सिंह यादव को दे दिया टिकट**

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा से टिकट कट जाने पर नाराज चल रहीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी गुरुवार को भाजपा का दामन थाम सकतीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में वह पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। जल्द ही जौनपुर में प्रधानमंत्री की सभा होगी। पिछले चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। बसपा के उम्मीदवार श्याम सिंह यादव जीते थे। इस बार बसपा ने पहले श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया था बाद में उनका टिकट काटकर श्याम सिंह यादव को दे दिया। नाराज श्रीकला ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले धनंजय सिंह ने भी जनसभा कर भाजपा के समर्थन की बात कही थी। ऐसे में इस कयास को बल मिल रहा है कि श्रीकला भाजपा का दामन थामेंगी।

भाजपा ने जौनपुर सीट से पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा ने श्याम सिंह को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यादव मतदाताओं में अच्छी पैठ रखने वाले श्याम सिंह के मैदान में आने से बसपा , सपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाती दिख रही है। बाबू सिंह पर बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा हुआ है। भाजपा और बसपा के लोग उन्हें बाहरी बता रहे हैं तो सपा में भी यहां अंतरकलह जबरदस्त है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है।

धनंजय के साथ आने से भाजपा यह सीट आसानी से जीत सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से भी समीकरण सधने की उम्मीद है श्रीकला के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद धनंजय सिंह भी पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करेंगे। फिलहाल यहां भाजपा में कृपा शंकर सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर नाराजगी भी है। भाजपा को यहां भितरघात का भी डर सता रहा है। ऐसे में पार्टी अपने कील- कांटे दुरुस्त करने में लगी हुई है। कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में रहे हैं और वे महाराष्ट्र में प्रदेश सरकार में मंत्री भी थे। स्थानीय नेता को टिकट न मिलने का अंदरखाने पार्टी नेता

आरक्षण बचाओ


राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सारण में बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना जरूरी है। नरेंद्र मोदी यदि इस बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने बहन रोहिणी आचार्य को जिताने की अपील की।

# असली और नकली सेना के साथ बगावत व वफादारी का इम्तिहान

## मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट पर सांसद अरविंद सांवत लगाएंगे हैट्रिक या शिंदे गुट की विधायक यामिनी जाधव रोक लेंगी रास्ता

चुनाव डेस्क


अरविंद सांवत।


यामिनी जाधव।

**अमृत विचार:** मुंबई से आने वाली लोकसभा की सभी छह सीटों में मुंबई दक्षिण सीट सबसे खास है। भौगोलिक हिसाब से अगर गेट वे आफ इंडिया, मरीन ड्राइव, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह, रेलवे स्टेशन सीएसमटी और शेयर कारोबार का दिल बीएसई, इस लोकसभा क्षेत्र की पहचान है, तो सियासत के लिहाज से यह लोकसभा क्षेत्र जहां कल्बादेवी और भूलेश्वर जैसे हिंदु बहुल इलाकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य भिंडी बाजार, मस्जिद बंदर जैसे क्षेत्र भी समेटे है। इस लोकसभा सीट पर सेना बनाम सेना का रोचक मुकाबला हो रहा है। महायुति में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर विधायक यामिनी जाधव को उतारा है, उनका मुकाबला उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रत्याशी और मुंबई दक्षिण के मौजूदा सांसद अरविंद सांवत से हो रहा है, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद लगाए हैं। यहां 20 मई को पांचवे चरण में वोट डाले जाएंगे।

मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र मिनी इंडिया जैसा है और यहां सभी समुदायों, जातियों और आय वर्ग के लोग रहते हैं। यही वजह रही कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के दौरान इस सीट को लेकर अगर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के बीच खींचतान चली, तो महायुति में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) भी इस सीट के लिए खूब जोर-आजमाइश हुई थी।

इस सीट से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को उद्धव ठाकरे का विश्वस्त माना जाता है। उधर, शिंदे शिवसेना की प्रत्याशी भायखाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक यामिनी जाधव उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने दो साल पहले उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने पर एकनाथ शिंदे को खुला समर्थन दिया था। उनके शिंदे गुट में शामिल होने को लेकर यह भी कहा जाता है कि यामिनी और उनके पति यशवंत जाधव अपने आईटी रिटर्न में विसंगतियों के कारण आयकर विभाग के रडार पर आ गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा उल्लंघन के लिए दंपति के खिलाफ जांच शुरू की थी। आरोप है कि इससे राहत पाने के लिए भी उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ रहने का रास्ता चुना।

साल 2019 में मुंबई दक्षिण सीट से अविभाजित शिवसेना से अरविंद सावंत जीते थे। उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा को चुनाव में हराया था, जिन्हें 3,21,870 वोट मिले थे। लेकिन 2022 में शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई, जिसमें अरविंद ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट को चुना। साल 2014 में भी इस सीट से अरविंद सावंत जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद देवड़ा को हराया था। अरविंद सावंत को 3,74,609 वोट मिले थे, वहीं देवड़ा ने 2,46,045 वोट पाए थे। इससे पहले साल 2009 और 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा जीते थे। मिलिंद देवड़ा इस बार भी यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सीट शेयरिंग में इस लोकसभा क्षेत्र को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना में जाता देखकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस सीट पर 45% मराठी वोटर्स हैं, लेकिन दोनों मराठी उम्मीदवार भी टक्कर में हैं। ऐसे में गुजराती मतदाताओं के साथ बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम मतदाता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

चुनाव प्रचार अभियान में दोनों तरफ से मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, कोस्टल रोड और पुनर्विकास परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे का श्रेय लेने जैसे मुद्दे हावी हैं। शिंदे गुट की प्रत्याशी यामिनी जाधव जहां अपनी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के समर्थन पर निर्भर हैं, वहीं अरविंद सामंत को कांग्रेस का साथ मिलने से मुस्लिम मत मिलने की पूरी उम्मीद है। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से तीन महा विकास अघाड़ी और तीन महायुति के पास हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,987.03 | 22,200.55 |
| गिरावट | 117.58 | 17.30 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.08 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग–1110 डीएमओ–875 बोल्ड–116
**चन्दौसी :** शिवालिक– 1000 फ्लैग– 1105 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 925

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूं दड़ा | 2350–2500 |
| आर.आर.21 | 2550–2600 |
| गेहूं फारम | 2600–2700 |
| जौ | 2000 –2100 |
| ज्वार | 2000 –4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200 –2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 5900 –6000 |
| अरहर | 9000 –10000 |
| मसूर | 5500 –5600 |
| मटर | 3700 –4000 |
| उड़दहरा | 10000 –11000 |
| उड़द काला | 6000 –8000 |
| मूंग | 8500 –8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 16500–16700 |
| अरहर स्पेशल | 13800–14000 |
| चना दाल | 7350–7400 |
| मटर दाल | 4800–4900 |
| मसूर मलका | 7150–7200 |
| मसूर दाल | 7300–7350 |
| उड़द दाल | 9000– 13000 |
| उड़द धोवा | 10000– 13000 |
| मूंग दाल | 9500 –10500 |
| मूंग धोवा | 10000–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती न.1. | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती न.2. | 6500 – 7500 |
| **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380–1430 |
| मैदा | 1350–1400 |
| सूजी | 1410–1430 |
| शाहपसंद | 1325–1350 |
| लाही | 5200–5250 |

# विदेश में खनिज संपत्तियां हासिल करेगा देश

## कोल इंडिया, एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय, ओवीएल भी विदेशों में निवेश करने वाली इकाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

खान सचिव वीएल कांता राव ने बताया कि सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।



● खान सचिव ने कंपनियों से विदेशों में महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान देने को कहा

उन्होंने बताया कि हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक जी टू जी (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें। भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।

सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे खनिज आज पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

### भारत की बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी हुई 50% से कम

**नई दिल्ली।** भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी 1960 के बाद पहली बार 2024 की पहली तिमाही में 50 प्रतिशत से कम रही। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की नवीनतम पावरअप त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2024 की पहली तिमाही (जनवरी–मार्च) में रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 71.5% थी। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में लिग्नाइट सहित कोयले की हिस्सेदारी पहली बार 50% से कम रही। भारत 2030 तक गैर–जीवाश्म ईंधन–आधारित स्रोतों से 50% संचयी बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य में काफी आगे है। बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट वैश्विक प्रवृत्ति को दर्शाती है। जी–7 देशों में कोयले की मांग 2023 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह 1900 के बाद से नहीं देखा गया है। एम्बर की 80 देशों की पांचवीं वार्षिक वैश्विक बिजली समीक्षा के अनुसार, भारत दुनिया की सौर ऊर्जा उत्पादन रैंकिंग में चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 118 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 117 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसे शेयरों में बिकवाली दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 117.58 अंक यानी 0.16% की गिरावट के साथ 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.95 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.30 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और टाइटन नुकसान में रहे। वहीं,



● बिकवाली दबाव और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में आई गिरावट

लाभ वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पूरे कारोबार के दौरान किसी स्पष्ट संकेत का अभाव दिखा। इसका कारण चुनाव समेत अन्य कारणों को लेकर चिंता है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.96% मजबूत हुआ जबकि मिडकैप 0.60% के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, तीन दिन की तेजी के बाद गिरावट आई। शुरू में तेजी थी लेकिन प्रमुख शेयरों में बिकवाली से निफ्टी नीचे आया।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 86800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600–55800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) | –72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित)। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,900 |

# देश का निर्यात अप्रैल में बढ़कर 34.99 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर था।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य महीने में आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर था। अप्रैल में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया



● आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंचा

कि इन आंकड़ों से नये वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है और इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।

# सेबी ने केआरए के जरिए केवाईसी सत्यापन को बनाया सरल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) से ग्राहक को जानिए (केवाईसी) रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को सरल बनाने का फैसला किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों के लिए लेनदेन में सुगमता सुनिश्चित की जा सकेगी।

सेबी ने जोखिम प्रबंधन प्रारूप को आसान बनाने से संबंधित आदेश जारी किया। नियामक ने अक्टूबर, 2023 के अपने परिपत्र में संशोधन किया है। पिछले साल अक्टूबर में सत्यापन प्रक्रिया में बदलाव हुआ था जिससे राशन कार्ड, बिजली बिल या स्कैन किए गए



● केआरए डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का हो सकेगा सत्यापन

आधार कार्ड जैसे पते के प्रमाण अमान्य हो गए थे। नए आदेश के तहत केआरए को केवाईसी रिकॉर्ड प्राप्त होने के दो दिन में ग्राहक रिकॉर्ड को सत्यापित करने की जरूरत होती है जिसमें पैन, नाम और पता है। ऑनलाइन पहचान सत्यापन सेवा फर्म साइनजी के सह-संस्थापक एवं सीईओ अंकित रतन ने बताया कि अब केआरए आधिकारिक डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का सत्यापन कर सकते हैं।

## ढांचागत बदलाव में मोदी ने निभाई सक्रिय भूमिका : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सक्रिय भूमिका और व्यक्तिगत निगरानी ढांचागत क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए जिम्मेदार है जबकि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में नीतिगत निष्क्रियता होने से इस क्षेत्र को नुकसान उठाना पड़ा था।

सीतारमण ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि 2004-14 के शासनकाल में संप्रग ने देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को व्यर्थ कर दिया और भारत की आर्थिक जरूरतों के लगभग सभी पहलुओं का कुप्रबंधन किया गया या उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान न देकर भारत को न केवल सड़कों, रेलवे, बिजली से वंचित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं की प्रगति की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी की है, जिससे जीडीपी को बढ़ावा मिलता है जो अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक सक्षमता को भी सुधारती है।



## एक नजर

### पूर्वी दिल्ली में कागज के अवैध गोदाम में लगी आग एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में बुधवार को कागज के अवैध गोदाम में आग लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों (डीएफएस) के मुताबिक, आग शकरपुर इलाके में दो मंजिला इमारत में लगी जहां एक कमरे में जले हुए कार्डबोर्ड के पीछे से सतेंद्र पासवान का शव मिला। रात दो बजे घटना की सूचना मिली और छह दमकल वाहनों को तत्काल भेजा गया। आग बुझाने का अभियान सुबह सात बजे तक चला। पासवान की बहन सारो देवी ने बताया कि उसका भाई गोदाम में काम करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गोदाम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। स्थानीय निवासी अनिल शर्मा ने कहा, यह गोदाम आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहा था। गोदाम में दूसरी बार आग लगी।

### मुख्तार की प्रार्थना सभा के लिए अब्बास को अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित उसके आवास पर 10 जून को अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी की याद में होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल होने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने अब्बास को 11 और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी अनुमति दी और राज्य पुलिस को इस संबंध में व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अंसारी को नौ जून से पहले गाजीपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए और बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

### हरियाणा के नूंह में मुठभेड़ के बाद अपराधी गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा पुलिस ने सिलखो पहाड़ी के पास मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी इमरान के पैर में गोली लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नूंह जिले के तिरवाड़ा गांव का रहने वाला आरोपी हत्या के प्रयास, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों के लगभग एक दर्जन मामलों में वांछित था। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार देर रात एक बजे नूंह–तावडू रोड पर सिलखो गांव के पहाड़ी इलाके के पास हुई। इमरान चोरी की बाइक लेकर हथियार के साथ नूंह से तावडू की ओर आ रहा है, जिसके बाद नूंह–तावडू मार्ग पर पुलिस ने आरोपी को रुकने के लिए कहा लेकिन वह नहीं रुका और टीम पर गोलियां चला दीं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में लगी। उसे बाद में नाल्हार के चिकित्सा कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा: राहुल

## ओडिशा के बोलांगीर की रैली में कांग्रेस नेता बोले- भाजपा जीती तो देश चलाएंगे 22 अरबपति

**बोलांगीर, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा) संविधान को नष्ट करने के साथ ही आदिवासियों, दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। ओडिशा के बोलांगीर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आशंका जतायी कि अगर भाजपा यह चुनाव जीतती है तो वह सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर देगी और देश को 22 अरबपति चलाएंगे।

राहुल ने कहा कि जो भी अब तक देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों और मजदूरों को मिला है वह संविधान की देन है। राहुल ने आशंका जताते हुए कहा, 'अगर भाजपा जीतती है तो आरक्षण खत्म



कर दिया जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया जाएगा और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। इसलिए आम लोगों की सरकार बननी चाहिए। राहुल ने दावा किया कि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण भाजपा सरकार में माफ कर दिया गया और यह राशि 24 वर्षों के मनरेगा योजना के भत्ते के बराबर है।

उन्होंने दावा किया, उन्होंने आम जनता को कुछ नहीं दिया। उन्होंने किसानों और विद्यार्थियों का ऋण माफ नहीं किया। ऋण तो छोड़िये उन्होंने तो छोटे व्यापारियों को ऋण तक नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश की आम जनता से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के जरिये वसूली गयी रकम सिर्फ दो से तीन लोगों के पास जा रही है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह जातिगत जनगणना कराएगी और दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्ग को उचित आरक्षण प्रदान करेगी। राहुल ने चार जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा, सरकार बनने के तुरंत बाद हम देश के सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और प्रत्येक परिवार की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

### ये झूठ है कि प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं करते : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की ये बात झूठ है कि वह हिंदू- मुस्लिम की राजनीति नहीं करते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री के पास हिंदू–मुस्लिम की राजनीति को छोड़कर कोई एजेंडा नहीं था। मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा है, अगर मैं हिंदू–मुसलमान करूंगा तो मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। इसी पर रमेश ने एक्स पर लिखा, सारा देश जानता है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री आदतन झूठ बोलते हैं और दो तरह की बातें उनकी प्रवृत्ति है। मोदी का यह दावा कि वह हिंदू–मुस्लिम राजनीति नहीं करते, यह दर्शाता है कि वह झूठ बोलने में दिन प्रति दिन नई गहराइयों तक गिरते जा रहे हैं।

# आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिये किया पूरा : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी



● पड़ोसी देशों से आए सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी लोगों को सीएए देने की प्रक्रिया शुरू

### पीओके भारत का हिस्सा

**सेराम्पोर (प. बंगाल)।** अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया और कहा, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। सेराम्पोर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद एक समय संकटग्रस्त रहे कश्मीर में शांति लौट आई है लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। पहले आजादी के नारे यहां सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं।

और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा करके दिखाया है।

# विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदल गई हैं भारतीय अदालतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गए साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जे-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जे-20 सम्मेलन का आयोजन 'ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट' की ओर से किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। कोविड-19 महामारी से अदालतों की व्यवस्थाओं को रातों-रात बदलना पड़ा। उन्होंने मुकदमे से जुड़ें पक्षों और कम कनेक्टिविटी वाले स्थानों के बीच डिजिटल विभाजन और प्रतिनिधित्व संबंधी विषमता पर भी बात की। इन विषमताओं को अड़चनें बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें इनसे निपटना होगा।



● सीजेआई चंद्रचूड़ ने ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से की साढ़े 7 लाख मामलों की सुनवाई

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से 7,50,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और 1,50,000 से अधिक मामले ऑनलाइन दायर किए गए। यह सब इसीलिए हो पाया क्योंकि प्रौद्योगिकी ने न्यायपालिका समेत कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच नए आयाम स्थापित किए हैं। सीजेआई ने कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय का वाद प्रबंधन तंत्र फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) पर विकसित किया गया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि महामारी के बाद ऑनलाइन सुनवाई अदालतों की विशेषता बन गई है और इससे उनको फायदा हुआ जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश होने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी की क्षमता इस बात में निहित है कि हम इसे पहले से मौजूद असमानताओं को कम करने के लिए कैसे परिवर्तित करते हैं। प्रौद्योगिकी सभी सामाजिक असमानताओं के लिए एक रामबाण इलाज नहीं है।

# चार दोषियों को 10-10 साल सश्रम कारावास

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई के मालवानी इलाके में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की हुई मौत के मामले में दोषी ठहराए गए चार लोगों को अदालत ने बुधवार को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषी राजू तापकर, डोनाल्ड पटेल, फ्रांसिस डी मेलो और मंसूर खान है।

अदालत ने इन्हें साजिश और गैर इरादतन हत्या से जुड़ी धाराओं और

**जहरीली शराब कांड**

● कोर्ट ने मामले में भूमिका साबित न होने पर 10 लोगों को किया बरी

बंबई निषेध अधिनियम के तहत 28 अप्रैल को दोषी ठहराया था। अदालत ने 10 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष मामले में इनकी भूमिका साबित करने में असफल रहा। मुंबई के पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवानी के लक्ष्मी नगर मलिन बस्ती में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायधीश स्वप्निल तावशिखर ने सजा की घोषणा करते हुए कहा कि अभियुक्तों को रियायत देने के लिए उनके समक्ष कोई परिस्थितियां सामने नहीं लाई गई। इसलिए उन्हें 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाती है। कोर्ट में लोक अभियोजक प्रदीप घरात ने कहा कि यह गंभीर अपराध है जिसमें दोषियों को अधिकतम सजा देनी चाहिए।

## होर्डिंग हादसा : मलबे में दिखे दो और शव

**मुंबई।** मुंबई में विशाल होर्डिंग गिरने वाली जगह पर मलबे के नीचे दो और शव दिखाई दिए हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि घटना के 40 घंटे बाद भी खोज एवं बचाव अभियान जारी है। शवों को कल रात देखा गया था लेकिन अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। छेड़ा नगर इलाके में जीआरपी की जमीन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लगा होर्डिंग सोमवार को आंधी और बेमौसम बारिश से गिर गया था जिससे यह हादसा हुआ। होर्डिंग के नीचे से 89 लोगों को निकाला था जिनमें से 14 मृत थे जबकि 75 अन्य लोग घायल हो गए थे। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट निखिल मुधोलकर ने बुधवार को बताया कि होर्डिंग के नीचे दो शव दिखे हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने में हमें कठिनाई हो रही है। दुर्घटना स्थल पर ऐसे पांच से अधिक गर्डर हैं जिन्हें हटाने के बाद पता चलेगा कि कितने लोग अब भी दबे हैं।

● सोमवार को घोटकोपर में आंधी के दौरान गिर गई थी होर्डिंग

## ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन

**नई दिल्ली।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में होगा। राजमाता ने एम्स में सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवी बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे।

# खेतड़ी खदान हादसा : 14 लोगों को बचाया गया, एक की मौत

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान के नीम का थाना जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी स्थित खदान में फंसे 15 में से 14 लोगों को बुधवार को निकाल लिया गया जबकि हादसे में कंपनी के एक अधिकारी की मौत हो गई।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक अनिल पालीवाल ने बताया कि कोलिहान खदान में हुए हादसे में फंसे 15 में से 14 लोगों को बचाव टीम ने निकाल लिया। हालांकि, कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र पांडे का शव बरामद हुआ है। मंगलवार रात आठ बजे कोलकाता से आए दल द्वारा निरीक्षण के दौरान खदान की लिफ्ट की केबल टूटने से ये लोग 1500 फीट की गहराई में फंस गए थे। एसडीआरएफ तथा कॉपर लिमिटेड

● मंगलवार रात लिफ्ट की केबल टूटने से खदान में फंस गए थे 15 लोग
● हादसे में कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी की हो गई मौत

की रेस्क्यू टीम ने रात तीन बजे अभियान शुरू किया। टीम कमांडर रवि वर्मा दूसरी लिफ्ट एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से घायलों तक पहुंचे। गंभीर घायलों को ट्राली से माइनस 72 के लेवल से जीरो लेवल तक ले आए। उसके बाद पुली एवं रेस्क्यू रोप से घायलों को बाहर निकाला गया। सबसे पहले बचाव टीमों ने तीन गंभीर घायलों को, उसके बाद पांच और अंत में सभी सात लोगों को निकाल कर अस्पताल भेजा। हादसे में इनमें से कई लोगों को चोटें आई हैं। आठ लोगों को जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मालीवाल मामले की जांच को सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद स्वाति मालीवाल से जुड़ी घटना की जांच की मांग करते हुए बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के निकट प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कथित घटना पर केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह एक महिला के सम्मान का मामला है जो दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख रही हैं। हम यहां उनका समर्थन करने के लिए हैं।

आप नेता संजय सिंह ने इस घटना को स्वीकार किया है। सचदेवा ने कहा कि मालीवाल ने पहले आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के सहायक विभव कुमार ने उनके आवास पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मालीवाल के आरोपों के एक दिन बाद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। संजय सिंह द्वारा घटना की पुष्टि होने के बाद पुलिस जांच शुरू कर सकती है।

# मोदी फिर बनेंगे भारत के पीएम, पाक को भी उनके जैसे नेता की जरूरत

वाशिंगटन, एजेंसी

● पाकिस्तानी अमेरिकी अरबपति साजिद तरार ने की मोदी की तारीफ



पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

नरेंद मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं। मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

### भारत में चुनाव पूरा होना एक चमत्कार की तरह

साजिद तरार ने कहा कि यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं। आप भविष्य में देखेंगे कि लोग भारतीय लोकतंत्र से सीखेंगे।

## ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान से लगभग 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया है। इन नाविकों को पिछले आठ महीने में अलग-अलग आरोपों में जब्त किये गये चार वाणिज्यिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। सोनोवाल तेहरान की यात्रा पर थे।

सूत्रों के अनुसार अब्दुल्लाहियन ने कहा कि भारतीय नाविकों की रिहाई को लेकर ईरान का रुख सकारात्मक है, लेकिन इसमें देरी हो रही है क्योंकि कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

# कैंसर वक्त नहीं देता, नजर अंदाज न करें ये लक्षण



विहार के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी अब हमारे बीच में नहीं हैं। सोमवार, 13 मई 2024 को दिल्ली स्थित एम्स में उनका निधन हो गया। सुशील कुमार मोदी ने कुछ महीने पहले ही इस बात की जानकारी दी थी कि वो गले कैंसर के कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने कैंसर की सूचना देने के कुछ महीनों बाद ही सुशील कुमार मोदी का काल के गाल में चला जाना बताता है कि कैंसर वक्त नहीं देता। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना मौत को आमंत्रण देने जैसा है। आइए जानते हैं कि गले का कैंसर क्या होता है, इसके कौन-कौन से रूप हैं? यहां हम इसके लक्षण और इससे बचाव का तरीका भी जानेंगे।

### गले के कैसर के प्रकार

- सुपर ग्लोटिक : यह गले के ऊपरी हिस्से में एपिग्लोटिस में होता है।
- सब ग्लोटिक : वोकल कॉड्र्स के निचले हिस्से पैदा होता है।
- ग्लोटिक : यह वोकल कॉड्र्स में होने वाला कैंसर है।
- हाइपो फैरिंजीयल : यह कैंसर गले के निचले हिस्से में फैलता है।
- ऑरोफ़ेरिंजियल : यह मुंह के पीछे हिस्से में फैलना शुरू होता है।
- नसों फैरिंजीयल : यह गले की नली के ऊपरी भाग में शुरू होता है।

### गले के कैंसर के कारण क्या हैं?

- धूम्रपान/स्मोकिंग
- तंबाकू खाना
- शराब की लत
- विटामिन ए की कमी
- खराब खान पान

### गले के कैंसर के मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- सांस लेने में दिक्कत
- गर्दन या कान में दर्द
- खांसी के साथ खून
- आवाज में बदलाव
- निगलने में कठिनाई

### समय से बीमारी का पता चले तो मर्ज हो सकता ठीक

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च केंद्र के मुताबिक सिर और गर्दन के कैंसर की देखभाल हो सकती है, और मरीज ठीक हो सकता है। बीमारी का पता अगर जल्दी लग जाए है तो इससे बचाव की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कैंसर के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर किसी को कोई समस्या है तो उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। गले का कैंसर का पता लगाने के लिए एंडोस्कोपी, बायोप्सी और इमेजिंग टेस्ट की मदद ली जाती है।

## एक नजर

### गूगल ने जेमिनी एआई अपडेट जारी किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन गूगल आई/ओ 2024 में अपनी एआई मॉडल श्रृंखला जेमिनी के नवीनतम नवाचारों का अपडेट जारी किया है। कंपनी ने मौजूदा फ्लैगशिप मॉडल जेमिनी 1.5 प्रो के नए संस्करण के निजी पूर्वावलोकन की मंगलवार को घोषणा की। यह 20 लाख तक टोकन ले सकता है। जेमिनी 1.5 प्रो का नया संस्करण किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मॉडल के सबसे बड़े इनपुट का समर्थन करता है। सुंदर पिचाई ने कहा कि आज हमारे सभी दो करोड़ यूजर्स जेमिनी उत्पाद का उपयोग करते हैं। 15 लाख से अधिक डेवलपर्स हमारे टूल में जेमिनी मॉडल का उपयोग करते हैं, हम अपने उत्पादों में जेमिनी की महत्वपूर्ण क्षमताओं को भी शक्तिशाली तरीकों से ला रहे हैं।

### इजरायल के हवाई हमले में 40 लोग मारे गए

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के नुसीरात शरणार्थी शिविर में सोमवार देर रात के बाद इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शिविर के दक्षिण में कराजा परिवार के स्वामित्व वाली एक आवासीय इमारत पर बमबारी की। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं। गत अप्रैल के अंत में एक हालिया हमले में इजरायली युद्धक विमानों ने शरणार्थी शिविर में एक आबादी वाले घर को कई मिसाइलों से निशाना बनाया था, जिसमें चार बच्चों सहित कम से कम नौ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए।

### मुठभेड़ में एक अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के झोब जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

# डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी

## दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा

जिनेवा, एजेंसी

● ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी। यह कदम दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से बचाने में मदद कर सकता है। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने जापानी फार्मास्युटिकल कंपनी टाकेडा द्वारा निर्मित डेंगू के टीके को मंजूरी दे दी है। डेंगू के ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा।

टाकेडा के डेंगू के टीके क्यूडेंगा को 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी दी गई थी। डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए टीके खरीद सकती हैं। अध्ययन से पता चला है कि टाकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीका है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंजूर पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे। लगभग 120 लातिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है।

### करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के

डेंगू में करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंगों के काम करने की विफलता और मृत्यु तक हो सकती है। मार्च में, ब्राजील के रियो डी जनेरियो में अधिकारियों ने डेंगू पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और देश ने टाकेडा टीकों का उत्पादन शुरू कर दिया, जिसका लक्ष्य कम से कम 30 लाख लोगों को टीका लगाना था।

## लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली

**सिंगापुर।** अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने पूर्व नियोजित सत्ता हस्तांतरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। वोंग (51) ने ली सियन लूंग (72) का स्थान लिया है जिन्होंने करीब दो दशक के बाद अपना पद छोड़ा है।



दोनों नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य हैं। पीएपी गत पांच दशक से द्विपीय देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर रखे हुए है। वोंग पूर्व में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे और पीएपी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं। वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि सादे कार्यक्रम में सत्ता हस्तांतरण हुआ और राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम (67) ने वोंग को पद की शपथ दिलाई। वोंग ने मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं करने के कारणों के रूप में निरंतरता, स्थिरता और व्यवधानों से बचने की आवश्यकता का हवाला दिया।

# यूक्रेन को दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार देंगे : ब्लिंकन



राष्ट्रपति जेलेंसकी से मिलते अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को अपने अंतिम कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है। ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित व अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

### इजराइल को एक अरब से अधिक कीमत के हथियार

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद से पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है।

## 19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बुधवार को जमानत दे दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक दिग्गज व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों की जमीन लेने का आरोप है।

उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने को कहा। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल निलंबित किया हुआ है।

एनएबी ने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू की थी। यह मामला अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर नहर भूमि के कथित अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को 19 करोड़ पौंड का नुकसान हुआ।

# लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 11 सदस्य किये गिरफ्तार

सीहोर, एजेंसी

● बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की पुलिस ने एक रात की लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के 11 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। गिरोह के लोग ऐसे युवाओं को तलाशते थे, जिनकी शादी नहीं होती है। फिर उनसे रुपए लेकर महाराष्ट्र की गुलनाज को दुल्हन बनाकर उनके यहां भेज देते थे।

शादी के बाद एक-दो दिन तो गुलनाज वहां रहती थी और फिर वहां से रुपये और जेवर लेकर गुलनाज रफूचक्कर हो जाती थी। शाजापुर जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के गांव बागली में जब दुल्हन बनकर पहुंची तो फिर वहां से भाग नहीं सकी। ऐसे में गुलनाज ने अपने कथित पति के खिलाफ ही अपहरण और ज्यादती सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करवा दिया। लेकिन जब मामले की जांच शुरू हुई तो पूरा मामला ही पलट गया। पुलिस के अनुसार 4 मई को गुलनाज ने शाजापुर जिले के सुंदरसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जसमत राजपूत और उसके साथी अशोक ने सीहोर के न्यायालय परिसर से उसका अपहरण कर लिया था और यहां उसे कैद कर उसके साथ ज्यादती की।

## प्रदर्शन




अखिल असम छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुवाहाटी में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर युवती की चाकू मारकर हत्या

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

● बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह

कर्नाटक के हुबली में बुधवार को कथित तौर पर प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर 21 वर्षीय युवती की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ सप्ताह पहले इसी तरह कॉलेज की छात्रा नेहा हिरमेथ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेंडिगेरी पुलिस थाना क्षेत्र के वीरपुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्वा उर्फ गिरीश सावंत ने सुबह पांच बज कर 45 मिनट पर अंजलि अम्बिगेरा के घर का दरवाजा खटखटाया।

अधिकारी ने कहा कि जब अंजलि ने दरवाजा खोला, तो गिरीश ने उसपर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद आरोपी भाग गया। अधिकारी के अनुसार, अंजलि की बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरीश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। इससे पहले, नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को हुबली में उसके कॉलेज परिसर के अंदर पूर्व सहपाठी फैयाज खोडुनाइक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।


## खगोल विज्ञान

**तीव्रता एक्स 8 .7 श्रेणी आंकी गई, दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर**

# सूर्य में हुआ वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

● सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन ने बताया आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला



मंगलवार रात सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

**अमृत विचार :** बीती रात वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट देखा गया है। विस्फोट में फूटी ज्वाला की तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई है। विस्फोट में उत्पन्न सौर तूफान का पृथ्वी पर असर नही पड़ेगा। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक सूर्य पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में सुपर सक्रिय एनओएए 3664 सौर कलंक बना हुआ है। जिससे एक्स 8.7 श्रेणी की ज्वाला निकली है। यह बेहद खतरनाक सीएमई यानी भू-चुम्बकीय तूफान है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की कोई संभावना नही है। यह विस्फोट 14 मई की रात भारतीय समय के अनुसार 10.25 बजे रिकार्ड किया गया। डॉ. वहाब ने बताया कि आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला है। 2017 मे एक्स 9.3 श्रेणी की ज्वाला भड़की थी।

यह ज्वाला सौर चक्र 24 की सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। जिसकी गति 497 किमी प्रति सेकंड थी। इस विस्फोट से निकले सौर तूफान से रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे व्यवधान उत्पन्न हुआ था। जिसका असर अमेरिका , पूर्वी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक में रेडियो सिग्नल में देखने को मिला था।

### 15 दिन में 16 भयानक विस्फोट हुए

**नैनीताल।** डा वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य के सतह पर 1 से 15 मई के बीच रिकॉर्डतोड़ विस्फोट दर्ज किए गए हैं। जिनमें 100 से अधिक एम-क्लास और 16 एक्स-क्लास की ज्वाला शामिल हैं। जिनसे पृथ्वी के दिशा निर्देशित सीएमई यानी भू चुम्बकीय तूफान उठे हैं। जिनमें से कुछ शक्तिशाली सौर तूफान उठे हैं। 10 मई को ऐतिहासिक जी5 श्रेणी का बेहद शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान का उत्पादन हूआ। इसका असर भारत के लदाख क्षेत्र में ऑरोरा के रूप में देखने को मिला है।

### स्वीडन में बिजली गुल, द. अफ्रीका में हुए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** पिछली बार पृथ्वी पर जी 5 श्रेणी का भयानक भू-चुंबकीय तूफान अक्टूबर 2003 में आया था। विस्फोट से उठी ज्वाला को एरीज से रिकार्ड किया गया था। इस तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था। जीसस स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

## मस्जिद में विस्फोट चार बच्चों सहित 24 लोग घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के कानो राज्य में बुधवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा मस्जिद पर किये गये विस्फोट में चार बच्चों सहित कम से 24 नमाजी घायल हो गये। पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल्लाही हारुना ने एक बयान में बताया कि इलाके के ही रहने वाले 38 वर्षीय संदिग्ध ने कानो के दूर-दराज के गदान गांव में स्थित मस्जिद में हमला करने के अपने जुर्म को कबूल लिया। उसंदिग्ध ने लंबे अरसे से चली आ रही पारिवारिक मतभेदों के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

हारुना ने बताया कि शुरुआती फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हो सकता है लेकिन जांच अभी जारी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और घायलों को तुरंत राजधानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। द डेली ट्रस्ट समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, नमाजी मस्जिद के भीतर बंद हो गये थे।

# भारत के सहयोग से श्रीलंका लगाएगा छोटे हथियारों की निर्माण इकाई

कोलंबो, एजेंसी



● श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने कहा- भारत से बातचीत जारी

श्रीलंका अपने यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने कहा हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है। कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है। इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ये क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।

## नेपाल-भारत के बीच सहयोग को बढ़ाने में मदद करेंगे सलाहकार

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस तरह के तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाते हैं। द हिमालयन टाइम्स अखबार ने बुधवार को श्रेष्ठ के हवाले से कहा व्यापार और आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सीमा पार संपर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। श्रेष्ठ ने यहां मंगलवार को नेपाल-इंडिया रिलेशन प्रोस्पेक्ट्स एंड पाथवेज शीर्षक से अयोजित व्याख्यान के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। यह तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाएगा।